सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-171 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 12 दिसम्बर 2024
09 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### पीएम मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में युवाओं में भरा जोश

# युवा का विजन ही सरकार का मिशन : मोदी

- **पीएम मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकथान को किया संबोधित**
- **21वीं सदी के भारत को देखने का आपका नजरिया अलग है**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश सभी के प्रयासों से ही तेजी से आगे बढ़ सकता है और बढ़ भी रहा है। ऐसे में हमें अब हर क्षेत्र में लीक से हटकर (आउट आफ बाक्स) सोचने व काम करने की जरूरत है। एक समय था जब सरकारें किसी समस्या का समाधान देने का दावा करती थी, लेकिन अब आप सब समाधान दे रहे है। आज देश के युवा सरकार के साथ मिलकर देश की चुनौतियों के लिए काम कर रहे है। उनमें अब देश के विकास के लिए एक ओनरशिप की भावना विकसित होती दिख रही है। सरकार सिर्फ संसाधन मुहैया करा रही है। यह नए भारत का नया गवर्निंग मॉडल है, जिसमें युवाओं का विजन ही सरकार का विजन है। उन्हें जो चाहिए उस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। हाल ही में लिए गए वन नेशन-वन सब्क्रिप्सन का निर्णय भी इसी पहल का हिस्सा है, जिसे पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है। पीएम मोदी बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकथान- 2024 के सातवें संस्करण के ग्रैंड फिनाले में देश भर के 51 नोडल केंद्रों पर मौजूद 13 सौ से अधिक छात्रों और इनोवेटर के समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों से कहा कि भविष्य की दुनिया नालेज और इनोवेशन से ही संचालित होने वाली है। ऐसे में हम सभी का लक्ष्य भारत को दुनिया का सबसे इनोवेटिव देश बनाने की है। दुनिया आप सभी की ओर से देख रही है। इसके साथ विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी भी आप सब पर है। इसके साथ ही यदि हमें भारत को दुनिया में इकोनॉमी का सुपर पावर बनाना है तो नए-नए क्षेत्रों में खूब काम करना होगा। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की प्रतिभा, दूरदर्शिता,कठिन परिश्रम, नेतृत्व और नवाचार से भारत को 21वीं सदी के ज्ञान व उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक मॉडल बनाएंगे। साथ ही देश को दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभरने का मार्ग भी प्रशस्त करेंगे।

### प्रधानमंत्री ने छात्रों से पूछे सवाल

पीएम ने इस दौरान हैकथान में हिस्सा लेने वाले छात्रों व इनोवेटरों के समूहों से सीधी बात भी की। उनसे इनोवेशन को लेकर सवाल भी पूछे। इस दौरान एक छात्र ने बताया कि उन्होंने एक ऐसी तकनीक पर काम किया है, जिसमें माइक्रो डाप्लर तकनीक से दूर से ही ड्रोन या पक्षी है इसका पता लगाया जाए सकेगा। इस पर पीएम ने पूछा कि क्या भी बताएगा कि यह कितनी स्पीड से आ रहा है। तो छात्रों ने कहा कि वह आगे इस पर काम करेंगे। छात्रों के एक समूह ने इस दौरान साइबर सिक्यूरिटी को किए गए अपने इनोवेशन भी पीएम के साथ साझा किया।

# फिर हंगामे की भेंट चढ़ी संसद की कार्यवाही

- **नड्डा ने उठाया जॉर्ज सोरोस का मुद्दा**
- **किरेन रिजिजू ने भी विपक्ष पर जमकर बोला हमला**




**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र पहले से ही अदाणी और सोरोस जैसे मुद्दों पर गर्माया हुआ था कि अब विपक्ष द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव ने और आंच दे दी है। विपक्ष जहां धनखड़ के विरुद्ध पूरी तरह एकजुट दिखा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष मजबूती से सभापति के साथ खड़ा हो गया है। इस तकरार में कुछ मिनट ही चली राज्यसभा की कार्यवाही में नेता सदन जेपी नड्डा ने अविश्वास प्रस्ताव को कांग्रेस-सोरोस संबंधों से देश का ध्यान भटकाने का कुत्सित प्रयास बताया तो संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इसे किसान के बेटे और पीठ का अपमान बताते हुए विपक्षी सांसदों पर गंभीर टिप्पणी की कि आप लोग सदन के सदस्य होने के लायक नहीं हैं। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि सोनिया गांधी और जॉर्ज सोरोस का क्या संबंध है? यह देश की आंतरिक-बाह्य सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है। हम दो दिन से इस पक्ष को रख रहे हैं, लेकिन इससे ध्यान भटकाने का कुत्सित प्रयास करते हुए विपक्ष ने पीठ पर आक्षेप लगाया है। यह राष्ट्र का ध्यान बांटने की कोशिश है। कांग्रेस पर बाहरी शक्तियों के टूल की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए नड्डा ने अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की निंदा की। इससे पहले सदन की कार्यवाही के प्रारंभ में सभापति ने जैसे ही कार्य स्थगन के पांच प्रस्तावों की सूचना दी, वैसे ही सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से अदाणी-सोरोस के नारों का शोरगुल तेज हो गया।

## न्यूज डायरी

### तय तारीख पर ही होगी सुनवाई

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने बुधवार को



राजद्रोह के मामले में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि उनकी याचिका पर सुनवाई पहले तय की गई तारीख 2 जनवरी 2025 को होगी। अदालत के अधिकारियों के मुताबिक, चटगांव मेट्रोपोलिटन सेशन जज सैफुल इस्लाम ने याचिका खारिज की, क्योंकि वकील के पास चिन्मय दास की ओर से याचिका दायर करने का अधिकार पत्र (पावर ऑफ अटॉर्नी) नहीं था।

### कपूर फैमिली ने की पीएम से मुलाकात



**नई दिल्ली।** कपूर परिवार 14 दिसंबर को लीजेंड्री एक्टर राज कपूर की 100वीं जयंती मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस विशेष अवसर को कपूर खानदान एक उत्सव के रूप में मनाने वाला है। इसी सिलसिले में बीते दिन कपूर परिवार ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की उड़ान भरी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उन्हें उत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

### मलेरिया का मिला तोड़

**नई दिल्ली।** मलेरिया की एक नई वैक्सीन उम्मीद की नई किरण दिखाती है। अफ्रीकी बच्चों पर इस टीके के फेज 2बी के क्लीनिकल ट्रायल किए गए। अंतरिम परिणाम बताते हैं कि वैक्सीन सुरक्षित और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा करने के साथ आशाजनक प्रभावकारिता से लैस है। दरअसल, आरएच 5.1/मैट्रिक्स-एम नामक इस वैक्सीन के परीक्षण के नतीजे द लैंसेट इंफेक्शस डिजीजेज में प्रकाशित हुए हैं। वैक्सीन ब्लड-स्टेज टाइप है, यानी जब मलेरिया की वजह बनने वाला पैरासाइट खून में मौजूद होता है, यह वैक्सीन उसे निशाना बनाती है। ब्लड-स्टेज में ही संक्रमित व्यक्ति में मलेरिया के लक्षण दिखने शुरू होते हैं।

# महाराष्ट्र में अंबेडकर स्मारक में तोड़फोड़ के बाद हिंसा

- **परभणी में भीड़ ने दुकानें-गाड़ियां जलाईं**
- **पुलिस ने लाठीचार्ज किया आरोपी गिरफ्तार**



**परभणी।** महाराष्ट्र के परभणी में बुधवार को अंबेडकर स्मारक में तोड़फोड़ के विरोध में बुलाए गए बंद के दौरान हिंसा भड़क गई है। परभणी के कई इलाकों में दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। कुछ इलाकों में लाठीचार्ज भी किया गया। परभणी में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने इलाके में धारा 144 लगा दी है। परभणी से लगे हिंगोली में भी हिंसा हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सोपन दत्तराव पवार (45) ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के सामने अंबेडकर स्मारक में संविधान की प्रतिकृति को तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद लोगों ने उसे बुरी तरह पीटा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वीबीए परभणी जिले के कार्यकर्ता सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और उनके विरोध के कारण पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और एक उपद्रवी को गिरफ्तार किया। मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि यदि सभी उपद्रवियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो कानून और व्यवस्था बनाए रखें अगले 24 घंटों के भीतर परिणाम सामने आएंगे।

### मुख्यमंत्री ने ओमनी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का किया शिलान्यास

# हमने हर जगह अपनी पहचान बनायी: योगी

- **हम उत्तर प्रदेश में फार्मा पार्क बना रहे है**
- **प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में बनाने का लिया है संकल्प**



**बस्ती।** उप्र बस्ती जिले में कर्मा देवी समूह के 15 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ओमनी हॉस्पिटल और मल्टीस्पेशलिटी ट्रामा सेंटर की शुभारंभ हुआ है। कहा कि नर्सिंग और पैरामेडिकल की पूरी दुनियां में मांग हैं।

चीन ने कोरोना के समय धोखा दिया, हमने अपनी दवाओं से लोगों की जान बचाई। दूसरे देश के लोग भी यहां से बनी दवाइयों से लाभान्वित हुए। कहा कि हम उत्तर प्रदेश में फार्मा पार्क बना रहे हैं। यहां जो बीज बोया गया है वह अब बट वृक्ष बनने की ओर है। यह पूर्वजों के प्रति सच्ची प्रेरणा है। स्वावलंबन घर परिवार नहीं समाज और देश का भी स्वावलंबन बन जाता है। यहां परिश्रम की पराकाष्ठा को महत्व दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में बनाने का संकल्प लिया है। जब जिले, प्रदेश आत्मनिर्भर बनेंगे तो देश भी आत्मनिर्भर बनेगा। भारत 1947 से लेकर 2019 तक 11वें तो अब तक पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। दुनियां के जो 100 प्रतिष्ठित कम्पनियां हैं, उनमें 20 सीईओ भारत के हैं। हमने हर जगह अपनी पहचान बनाई है। यहां की तकनीकी की पहचान भी आगे बढ़ी है। मुंडेरवा चीनी मिल के दिवंगत किसानों को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सरकार ने मिल बेच दिया। हमने विधायक दयाराम चौधरी के कहने पर चीनी मिल दिया। यहां कोई कह सकता था कि मेडिकल कालेज होंगे।


यहां त्रिकाल दर्शी वशिष्ठ ऋषि के नाम से मेडिकल कालेज है। हमने सिद्धार्थनगर, कुशीनगर और देवरिया को भी मेडिकल कालेज दिया है। विधायक अजय सिंह के प्रयास से मखौड़ाधाम विकसित हो रहा है। तपसी आश्रम में देश के पूर्वजो के लिए भंडारा का आयोजन अद्भुत है।

# दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ेगी 'आप'

- **केजरीवाल ने कांग्रेस को दिया बड़ा झटका**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठजोड़ की संभावना से बुधवार को एक बार फिर इनकार कर दिया। दरअसल पहले ऐसी खबरें थीं कि दोनों दल मिलकर यह चुनाव लड़ सकते हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में केजरीवाल ने कहा कि आप दिल्ली में अपने बलबूते पर ही चुनाव लड़ेगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा, कांग्रेस के साथ गठबंधन की कोई संभावना नहीं है।

अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी. कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है। उनकी प्रतिक्रिया ऐसे समय में आयी है जब मीडिया में ऐसी खबरें हैं कि दोनों पार्टियां फरवरी में होने जा रहे 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव के लिए हाथ मिला सकती हैं। इस माह के प्रारंभ में भी केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन की संभावना से इनकार किया था। हाल में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के इन दो घटकों के बीच गठजोड़ को लेकर चर्चा तब शुरू हुई जब बुधवार को कांग्रेस द्वारा आयोजित न्याय चौपाल कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी नेता राहुल गांधी को भाग लेना था। यह कार्यक्रम विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली भर में प्रदेश कांग्रेस द्वारा निकाली गयी 'न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर आयोजित किया गया था। इसके अलावा, केजरीवाल ने मंगलवार को राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। उन्होंने ऐसे समय में पवार से मुलाकात की जब 'इंडिया' गठबंधन के अंदर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस राजनीतिक गठबंधन का प्रमुख नियुक्त करने की मांग उठ रही है।



### केजरीवाल ने इलेक्शन कमीशन से की मुलाकात

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और सीएम आतिशी मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने चुनाव आयोग पहुंचे थे। केजरीवाल ने बीजेपी पर वोटर लिस्ट से वोट काटने की कोशिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आज हमने चुनाव आयोग से मुलाकात की और उनके सामने 3000 पन्नों के सबूत सौंपे कि कैसे बीजेपी दिल्ली के लोगों के वोट काटने की साजिश कर रही है। गरीबों, अनुसूचित जाति और दलितों के वोट काटे जा रहे हैं। एक वोट का महत्व आप भली-भांति जानते हैं। केजरीवाल ने आगे कहा कि हमने चुनाव आयुक्त को बताया कि कैसे एक बीजेपी सदस्य ने शाहदरा इलाके में 11,000 लोगों के वोट काटने का काम किया।

### दिल्ली में बांग्लादेशियों पर एक्शन

# एलजी के आदेश के बाद कई जगह चला अभियान

**150** लोगों के खंगाले गए दस्तावेज



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना निर्देश के बाद दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने बुधवार को कालिंदी कुंज थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की तलाश की। पुलिस को कई संदिग्ध भी मिले हैं। इनकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द एफआरआरओ (फारनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन आफिस) को साझा की जा रही है।

उपराज्यपाल ने देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से वापस भेजने के निर्देश दिए थे। इसके तहत दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस की कई टीम ने कालिंदी कुंज स्थित 100 फुटा रोड पर सत्यापन अभियान चलाया। इसके तहत यहां रहने वाले करीब 150 महिला, पुरुष व बच्चों के पहचान संबंधी दस्तावेजों की वेरिफिकेशन की गई। इस दौरान पुलिस को कुछ संदिग्ध भी मिले। उन्होंने खुद को आसाम का बताया, लेकिन पहचान संबंधी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पुलिस ने इनके बारे में सारी जानकारी रिकार्ड में लेकर पता कर रही है।

**नियुक्ति** — संजय मल्होत्रा ने आरबीआई के गवर्नर का कार्यभार संभाला

# बैंकिंग सिस्टम मजबूत बनाना मेरी प्राथमिकता

- **अभी आर्थिक स्थिति और ग्रोथ रेट से संबंधित पहलुओं की स्टडी करूंगा**
- **जनता के हितों को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे फैसले**



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के 26वें गवर्नर के रूप में संजय मल्होत्रा ने बुधवार को पदभार संभाला। पद ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि आरबीआई जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अपने फैसले लेगा, इसके अलावा पॉलिसी में स्थिरता लाने पर फोकस किया जाएगा।

नए गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति प्रतिदिन लोगों को प्रभावित करती है। उन्होंने अपने पहले संबोधन में कहा कि गिरते हुए रुपये को रोकना एक चुनौती होगी, क्योंकि दुनिया में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ रही है। बावजूद इसके भारतीय इकोनॉमी की ग्रोथ को आगे बढ़ाने पर आरबीआई की बड़ी भूमिका है, जिस पर हम लगातार काम करते रहेंगे। नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक नीतिगत मामलों में निरंतरता और स्थिरता बनाए रखेगा, लेकिन उन्होंने मौजूदा वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक माहौल को देखते हुए सतर्क और चुस्त बने रहने की जरूरत है। इससे पहले दिन में उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने शक्तिकांत दास का स्थान लिया जो छह वर्षों के बाद पद से हटे हैं। गवर्नर के रूप में मीडिया के साथ अपने पहले संवाद में मल्होत्रा ने कहा, हमें इस तथ्य के प्रति सचेत रहना होगा कि हम निरंतरता और स्थिरता बनाए रखें, हम इससे चिपके नहीं रह सकते और हमें चुनौतियों का सामना करने के लिए सतर्क और तत्पर रहना होगा। अपने संक्षिप्त वक्तव्य में मल्होत्रा ने इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्रीय बैंक, रिजर्व बैंक की विरासत को जारी रखने के लिए वित्तीय नियामकों, राज्य सरकारों और केंद्र सहित सभी क्षेत्रों के साथ बातचीत जारी रखेगा। हमारे पास समस्त ज्ञान पर एकाधिकार नहीं है। उन्होंने अन्य हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के महत्व पर बल दिया। पूर्व राजस्व सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि आरबीआई वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करेगा।

### महाकुंभ से पहले बदले जाएंगे राम मंदिर में दर्शन और प्रसाद वितरण के नियम



**लखनऊ।** महाकुंभ को लेकर राम मंदिर ट्रस्ट ने सुविधाएं बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। महाकुंभ का शुभारंभ मकर संक्रांति से होगा। उससे पहले राम मंदिर में वीआईपी दर्शन के स्लॉट को बढ़ा दिया गया है। अब राम मंदिर में वीआईपी दर्शन का स्लॉट छह से बढ़कर सात हो गया है। सुबह 11 से 12 बजे के बीच भी श्रद्धालु वीआईपी दर्शन कर सकेंगे। इस समय राम मंदिर में रोजाना 70 से 80 हजार श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। पर्व-त्योहारों व वीकेंड पर यह संख्या बढ़कर दोगुना हो जाती है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से पास के माध्यम से वीआईपी दर्शन की सुविधा है। इसके लिए ट्रस्ट दो तरह का पास जारी करता है। एक सुगम दर्शन पास व दूसरा विशिष्ट दर्शन पास। इन दोनों पास के माध्यम से श्रद्धालुओं को वीआईपी दर्शन की सुविधा प्राप्त होती है। साथ ही ट्रस्ट ने वीआईपी दर्शन के लिए छह पाली यानी स्लॉट भी निर्धारित कर रखा है।

# महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का 14 तक हो सकता है विस्तार



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार 14 दिसंबर तक होने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि फडणवीस बुधवार को दिल्ली रवाना हुए। उसने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद दिल्ली का यह उनका पहला दौरा है और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिलेंगे। एक भाजपा नेता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि शिवसेना को गृह विभाग नहीं मिलेगा और राजस्व विभाग भी उसे दिये जाने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि बातचीत में देरी इसलिए हो रही है क्योंकि तीन पार्टियां (महायुति के सहयोगी भाजपा, शिवसेना और एनसीपी) इसमें शामिल हैं। इस नेता ने अपना नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर कहा, ''मंत्रिमंडल विस्तार 14 दिसंबर तक होने की संभावना है। शिवसेना को गृह विभाग दिए जाने की संभावना नहीं है। शिवसेना को शहरी विकास विभाग मिल सकता है, लेकिन राजस्व विभाग मिलने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्मयंत्री समेत 21 -22 मंत्री पद रखने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चार-पांच मंत्री पद खाली रखे जा सकते हैं। उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा नहीं कर रहे हैं। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी।

## निःशुल्क बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रानी लक्ष्मी बाई इण्टर कॉलेज में 12 दिसंबर को

**लखीमपुर-खीरी।** जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा के द्वारा 12 दिसंबर दिन बृहस्पतिवार को शहाबुद्दीनपुर-अजान स्थित रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा एक वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बचपन किड्स केयर लखीमपुर खीरी के विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ नेहा गुप्ता (स्व्रक्क्र, ष्ठष्टा॥, ष्ठहक्क) व डॉ पवन वर्मा (स्व्रक्क्र, स्ष्ठ, ष्ठहक्क) के द्वारा मुफ्त जाँच,सलाह व दवाईयां प्रदान की जायेगी। अतः इच्छुक ग्राम व क्षेत्रवासी पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 2 बजे के मध्य स्वास्थ्य शिविर में पहुँचकर बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं का निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं ये जानकारी सर्वेश वर्मा प्रधानाचार्य ने दी।

## निरीक्षण में नदारत मिले 15 कार्मिक, सीडीओ अभिषेक कुमार ने रोका वेतन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार की सुबह करीब 10.05 बजे सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन के ऑफिसों में छापा मार दिया। कर्मचारी बगैर सूचना के गायब मिले। सीडीओ ने निरीक्षण में गायब मिले सभी 15 कार्मिकों का वेतन रोका दिया बुधवार को सुबह 10.05 बजे सीडीओ ने डीडीओ ऑफिस से जांच की शुरूआत की। सीडीओ ने हाजिरी रजिस्टर मंगा लिए। मौके पर अधिकारी-कर्मचारियों को बुलाकर मिलान किया। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी दफ्तर के कार्मिक भूपराम राना, सैय्यद साद, शिवनन्दन भारती, अजय कुमार, सुशील कुमार, श्रीमती एकता सिंह गायब मिली। वही जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय के कार्मिक डा. मंजू दीक्षित, श्रीमती नीति शर्मा, प्रवीन कुमार, सीवीओ दफ्तर के कनिष्क सहायक रजत प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) से वसूली सहायक अजय शुक्ला अधिशाषी अभियन्ता, ग्रा.अ.वि. दफ्तर के पत्रवाहक राम सुफल, डीडीओ दफ्तर से प्रधान सहायक उस्मान खाँ, पत्रवाहक कृष्ण प्रताप सिंह और परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास दफ्तर की पत्रवाहक श्रीमती गौरी अनुपस्थित पाई गई। बगैर सूचना के गायब सभी 15 कार्मिकों को वेतन रोक दिया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप काम किया जाए। लेटलतीफ आने वाले अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तय समय पर अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित होना शुरू करें। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विभिन्न पटलों पर जाकर कर्मचारियों से उनके कार्यों को भी देखा। औचक निरीक्षण से विकास भवन में हड़कंप मच गया।

## मतदान कर्मी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करे, ताकि चुनाव के दिन किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े : जिलाधिकारी




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका परिषद पलियाकला के अध्यक्ष पद के उपनिर्वाचन को लेकर धर्मसभा कॉलेज में मतदान कार्मिकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही मतदान संबंधी अपने अनुभव सांझा किया। बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने धर्म सभा इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। डीएम ने मतदान कर्मियों को मतदान से जुड़े टिप्स देते हुए वोटिंग की बारीकियां समझाई। मतदान कर्मियों से सवाल पूछने के साथ ही उन्हें पूरी प्रक्रिया भी समझाई। डीएम ने अलग-अलग मतदान कार्मिकों से मतदान दिवस के दिन उनके कार्यों व दायित्वों के संबंध में जानकारी लेते हुए जाना कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक कितने संजीदा हैं। मतदान संबंधी कई प्रश्न पूछते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी परखा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षण रूम में कर्मियों को जानकारी देते हुए प्रशिक्षक के भूमिका में नजर आई। डीएम में कार्मिकों को कहा कि उनकी सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। चुनाव के दिन कार्मिकों के ठहरने, भोजन, पेयजल और सुरक्षा आदि की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी, ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो प्रशिक्षण कार्यशाला में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा, प्रवक्ता धर्म सभा इंटर कॉलेज बृजेश वर्मा, अनुदेशक आईटीआई भारत भूषण मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। प्रशिक्षकों ने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

## 01 नफर वारण्टी को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा ग्राम घोसियाना मजरा पयाग से 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## जानकारियां उपलब्ध कराने के बाद किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**बदायूँ।** विकासखंड दहगवां में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन



कर दिया गया। मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड दहगवॉ में चल रहे ग्राम प्रधान,पंचायत सहायक एवं समूह के सक्रिय सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत पानी की टंकी का हैंडोवर / टेकओवर के बारे में चल रहे प्रशिक्षण का समापन ए डी ओ पंचायत नरेश पाल सिंह द्वारा किया गया।प्रशिक्षक राजेश कुमार सक्सेना एवं कंसल्टेंट इंजीनियर आरिफा सैफी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनर राजेश कुमार सक्सेना ने पानी की टंकी हैंडोवर / टैंक ओवर करने से पहले पानी की लीकेज , रेड का पुनर्निर्माण , पेयजल से ग्रसित उपभोक्ता की सूची , जल कनेक्शन विहीन उपभोक्ता की सूची ,पानी का प्रेशर 1 मिनट में 10 लीटर पानी अगर आता है तब पानी का प्रेशर सही है,आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी । पीने के पानी को पेयजल की जांच करने के लिए पानी का गंध हीन, रंगहीन, स्वाद हीन होना अनिवार्य है । इस मौके पर ग्राम प्रधान नेकपाल , सविता, अजय पाल, प्रदीप कुमार, नंदकिशोर, राम बहादुर ,योगेंद्र ,राजू ,सुनील , तारावती, गंगाधर, सिंह सर्वेश, विमलेश, नन्ही देवी एवं पंचायत सहायकों में प्रतिज्ञा , हरिओम, सुमेशपाल आकाश , सीमा, रश्मि, मीरा मंजू, टिंकू, आरती पाठक आदि मौजूद रहीं।

## उत्तर प्रदेश ट्रांसपोर्ट यूनियन ने कुतुबखाना रोड पर लग रहे जाम का किया विरोध



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली ।** महादेव सेतु पुल के नीचे कोतवाली से कुहाड़ापीर तक लगातार लग रहे जाम का विरोध करते हुए उत्तर प्रदेश ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला के नेतृत्व में एसपी ट्रैफिक अकमल खान को ज्ञापन दिया। रामकृष्ण शुक्ला ने बताया महादेव सेतू पुल के नीचे कोतवाली व कोहाड़ापीर पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित होता है और सड़क पर अवैध ठेलों के खड़े होने से जाम लगा रहता है। हम मांग करते हैं कि महादेव सेतू पुल के नीचे कोतवाली से लेकर कोहाड़ापीर तक हर समय जाम लगा रहता है, जाम न लगे इसके लिए दोनों तरफ जिम्मेदार सिपाहियों की तैनाती की जाए।

ठंड के मौसम में कोहरा अधिक पड़ रहा है जिससे हर समय दुर्घटनाएं की आशंका बनी रहती है जिस हेतु शहर के ब्लैक स्पॉट पर सतर्कता हेतु ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाये जिससे कि दुर्घटनायें कम हो। महादेव सेतू के नीचे ठेलों को खड़ा न होने दिया जाये, डेलापीर चौराहे पर ट्रैफिक लाइटें सुचारू करायी जाये, चौपला चौराहे पर दिन में अक्सर जाम लग जाता है वहां पर भी एक साईड से बन्द कर दिया जाये जिससे जाम नहीं लगे। ज्ञापन देने बालों में रामकृष्ण शुक्ला अध्यक्ष, प्रभूजीत सिंह , दीपक द्विवेदी आदि मौजूद थे।

## जो दूध पी सकता है, उसे अंडा खाने में आपत्ति नहीं होनी चाहिए, आईवीआरआई में बोले डॉ तरुण श्रीधर

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** आईवीआरआई के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि डॉ. तरूण श्रीधर ने महात्मा गांधी के मोनोग्राफ स्वास्थ्य की कुंजी का जिक्र करते हुए कहा कि अंडा मांसाहारी नहीं होता है। जो लोग दूध ले सकते हैं, उन्हें अंडे के सेवन में कोई एतराज नहीं होना चाहिए। पशु स्वास्थ्य का अर्थ मानव स्वास्थ्य है। जैसे मांसपेशियों की मजबूती के लिए भोजन और व्यायाम जरूरी है, वैसे ही मस्तिष्क के विकास के लिए सही पोषण और गतिविधि चाहिए। लिहाजा, पशुधन से भोजन के विकल्प सभी को पता होने चाहिए। धार्मिकता के साथ तर्कसंगत होंगे तभी सर्वांगीण विकास का लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। बरेली के इज्जतनगर स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के स्थापना दिवस अभिभाषण के दौरान मंगलवार को ये विचार इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर



(आईसीएफए) के महानिदेशक और मत्स्य, पशुपालन डेयरी मंत्रालय के पूर्व सचिन डॉ तरुण श्रीधर ने व्यक्त किए। उन्होंने महात्मा गांधी के मोनोग्राफ स्वास्थ्य की कुंजी (1942)का उल्लेख करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने लिखा है कि अंडे को आम आदमी मांसाहारी भोजन के रूप में मानता है। वास्तव में ये एक बांझ अंडा है, जो कभी भी चूजे में विकसित नहीं होता। जो दूध ले सकता है उसे निष्फल अंडे सेवन में आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध के मुद्दों के लिए पशुधन क्षेत्र को दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। डॉ. तरुण ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मौजूदा मानव संक्रामक रोगों में से 60 प्रतिशत जूनोटिक हैं। जो सीधे संपर्क के माध्यम से या भोजन, पानी, पर्यावरण से जानवरों से मनुष्यों में फैलते हैं। उभरते संक्रामक मानव रोगों में से 75 फीसदी पशुजनित है। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि एशिया को ऐतिहासिक संस्थान बनाने में पूर्व निदेशकों में 6 ब्रिटिश निदेशक की भूमिका रही। संस्थान को 1983 में डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला। संस्थान में 166 बाहरी वित्त पोषित शोध परियोजनाएं चल रही हैं। 589 एल्मुनाई देश के 29 राज्य कृषि, पशु चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्य कर रहे हैं। कार्यशाला में डॉक्टर जगबीर सिंह त्यागी, डॉ. संदीप सरन, डॉ. गौतम , डॉ. मतीन अंसारी, डॉ. एमपी सागर, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. राज नारायण, डॉ. चंद्रदेव, डॉ. सिम्मी तोमर आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने बच्चों से साझा किया अपने अनुभव, दिए सफलता के टिप्स



**बदायूँ।** बुधवार को बरेली मथुरा हाईवे स्थित टिथोनस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कॉफी पर चर्चा कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने छात्रों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तरों के जरिए बच्चों को जीवन में समय प्रबंधन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, व कर्मठता के महत्त्व को बताया। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य पर अडिगता से लगे रहने,किताबे पढ़ने व जीवन में काम के प्रति ईमानदार रहने का सन्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया जिलाधिकारी ने बच्चों को सोशल नेट वर्किंग पर समय ना बर्बाद करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने बचपन की यादें बच्चों से साझा की तथा अपने लक्ष्य को पूरा करने में आए संघर्षों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लक्ष्य कोई कठिन नहीं होता, जरूरत होती है ईमानदारी और लगन के साथ कार्य करने की। उन्होंने कहा कि बच्चे यदि बचपन से ही अपने लक्ष्य को तय कर लें तो निश्चित तौर पर सफलता को हासिल कर सकते हैं और मुझे यह उम्मीद है कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भी बेहद मेधावी है ,भविष्य में अवश्य अपने सपनों को साकार करने में सफल होंगे।

## दो सड़क हादसो में कार सवार पांच व्यक्ति घायल, एक रैफर

**नागल।** थाना नागल क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कार सवार पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत गांव पठौड़ी निवासी वैभव व दीपक अपनी वैगनआर कार लेकर बीती देर शाम कस्बे में आये थे, जैसे ही वह हाइवे की सर्विस रोड पर पहुंचे, तो सामने से अनियंत्रित गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार वैभव व दीपक घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया, जहां से चिकित्सकों ने वैभव की गंभीर हालत को देखकर उसे हॉयर सैंटर रैफर कर दिया।

## मौसम ने ली करवट तो अधिकतम तापमान में गिरावट के साथ लोगों को हो रहा सर्दी का अहसास



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** महानगर में भी सर्दी का मौसम शुरू हो गया है और अब चारों ओर ठंडी हवा का अहसास होने लगा है. ताजनगरी आगरा में अब सर्दी का असर दिखने लगा है. दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है. रात के तापमान में गिरावट के साथ ही ठंडी हवाओं की ठिठुरन महसूस की जा रही है. हालांकि दिन में धूप के साथ थोड़ी राहत मिल रही है परन्तु रात के समय सड़कों पर ठंडी हवा का असर दिखाई देता है, जैसे जैसे रात में ठंडक बढ़ती जाती है वैसे वैसे सड़के सुनसान होती जाती है. ताजनगरी वासियों को सर्दी ने अपना एहसास कर दिया है और आने वाले दिनों में अनुमान जताया जा रहा है कि तापमान में और गिरावट दर्ज होगी. लोग ओर अधिक सर्दी का एहसास करेंगे. साथ ही घने कोहरे के भी संकेत मिल रहे हैं. आगरा में सर्द मौसम का असर साफ नजर आ रहा है. विश्वदाई इमारत ताजमहल पर पर्यटक एंजॉय कर रहे है. यमुना किनारे से लेकर चारों तरफ ठंडी हवा सर्द मौसम का एहसास करा रही है. सर्दी दिनों की शुरुआत होते ही कुछ दिन पहले कोहरा भी दिखाई दिया था और अब ठंडी हवाएं सर्दी के आगमन के संकेत दे रही है. वही मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट दर्ज होगी. दिन और रात में मौसम और अधिक ठंडा हो जाएगा. साथ ही सड़कों पर कोहरा भी नजर आ सकता है. सर्दी के इस मौसम से अपने आप को बचाना है तो तैयारी कर लीजिए, गर्म कपड़ों को बाहर निकालिए ताकि जब सर्दी के मौसम में बाहर निकलना हो तो ठंडी हवाओं से बचने के लिए पहन सके. साथ ही सर्दी के मौसम में बे सहारा लोगों व बेजुबान जानवरों की भी मदद कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जिला जज ने किया रवाना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 दिसम्बर को सहारनपुर व जनपद की सभी तहसीलों में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए जिला जज तरूण सक्सेना व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया।

स्थानीय दीवानी कचहरी परिसर से जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना, अपर जिला जज मौ.अहमद खान, प्रकाश तिवारी, शाश्वत पाण्डेय एंव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम के वाद, वैवाहिक वाद (तलाक के प्रकरण को छोडकर) लघु शमनीय वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के वाद, एनआईएक्ट के वाद, दीवानी वाद, विधुत अधिनियम के वाद, एमवीएक्ट व ट्रेफिक ई-चालान के वाद, भूराजस्व के वाद, (केवल जनपद न्यायालय में लम्बित) बैंको के लोन सम्बन्धित विवाद, प्रशासन के वाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेगे।

## युवा भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई को एसपी सिटी से मिले सपाई

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मण्डल ने नगर विधान सभा प्रभारी व पार्षद अभिषेक अरोड़ा टिंकू के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक से मुलाकात कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्ति जनक बैनर पोस्टर लगाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी नगर निगम के पार्षद अभिषेक अरोड़ा टिंकू के नेतृत्व में एकत्र होकर पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक से मुलाकात कर बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष सागर कटारिया द्वारा महानगर के अनेक स्थानों पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर बैनर व पोस्टर लगाये गये है, जिससे सपा कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हो रही है। उन्होंने एसपी सिटी से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## आगरा में मेट्रो के टनल निर्माण से मकानों में दरारें तो भड़के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** एक समय था जब मंत्री विधायक जनता के बीच सिर्फ वोट और चुनावी प्रचार के लिए ही जाते थे परन्तु आज ऐसा नहीं है. योगी राज में अन्य बदलावों के साथ इस प्रचलन में भी बदलाव आया है. ऐसा ही कुछ ताजनगरी में दिखने को मिला जहां मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड टनल का निर्माण हो रहा है जिसके चलते मोती कटरा और उसके आसपास के इलाके के दर्जनों मकानों में दरारें पड़ गई हैं. प्रभावित लोग परेशान हैं. मंगलवार को योगी सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय मोती कटरा पहुंचे. जहां उन्होंने क्षतिग्रस्त मकानों को देखा. लोगों के मकान में जैक लगे हुए हैं. जनता की परेशानी सुनकर मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (क्क्रूरूक्रष्ट) के अधिकारियों पर जमकर भड़के जो की चर्चा का विषय बना हुआ हैं. योगेंद्र उपाध्याय ने क्क्रूरूक्रष्ट को सीधे सीधे जिम्मेदार बताते हुए कहा कि ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. साथ ही उन्होंने यूपीएमआरसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से टूक शब्दों में कहा है कि जब तक मेट्रो की टीम यहां की जनता के मन मुताबिक काम नहीं करेगी. मैं मेट्रो को काम नहीं करने दूंगा. ये बात ध्यान रखना. आप लोग पुराने मकान कह रहे हैं. पहले आप लोगों की आंखें फूट गई थीं. पुराने मकान थे तो उनके मुताबिक ही काम करना चाहिए. वही कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने निरीक्षण में आगरा डीएम, नगरायुक्त और यूपीएमआरसी के अधिकारियों से बात की. बता दें कि आगरा में मेट्रो अभी छह किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर चल रही है. इसके बाद मेट्रो का काम बिजलीघर यानी श्रीमनकामेश्वर महादेव मंदिर से आगरा कॉलेज मेट्रो स्टेशन तक चल रहा है. जिसमें टनल बनाने का काम चल रहा है. इसमें ही एसएन मेडिकल कॉलेज के पास मोटी कटरा और आसपास के क्षेत्र में मेट्रो की टनल की वजह से मकानों में दरारें आ गईं है. जिसको लेकर यूपीएमआरसी के अधिकारियों का कहना है कि मेट्रो टनल की वजह से 150 से अधिक मकानों में दरारें और अन्य नुकसान हुआ है. जहां पर मरम्मत का काम चल रहा है.

## अधिवक्ताओं ने की एकता मंच के पदाधिकारियों को समर्थन देने की घोषणा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच की बैठक में जागरूक अधिवक्ता मंच व ब्रदरहुड अधिवक्ता मंच से जुड़े अधिवक्ताओं ने सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव में सर्वसम्मति से एकता मंच के पदाधिकारियों को अपना समर्थन देने की घोषणा की।

दीवानी कचहरी के बार रूम में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जागरुक अधिवक्ता मंच के कमल दयाल एडवोकेट व ब्रदरहुड अधिवक्ता मंच के आदिल हसन ने कहा कि सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएसन के वार्षिक चुनाव में पूरा अधिवक्ता समाज परिवर्तन चाहता है इसलिए प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच से जुड़े सभी प्रत्याशियो को जिताने के लिए दिन रात मेहनत करेगे और भारी मतो से चुनाव जीतगे। बैठक में प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच के प्रत्याशियों में अध्यक्ष जयवीर पुण्डीर, महासचिव धर्मेन्द्र कुमार व कोषाध्यक्ष मौ.मसरूर मलिक सहित सभी प्रत्याशी मौजूद रहे। बैठक में शीशपाल पुण्डीर, चौधरी जानिसार, चौधरी रणधीर सिंह, आदित्य अंगीरस, आदित्य सिंह, अशोक कुमार पुण्डीर, अशोक पोसवाल, कमल दयाल, आदिल हसन, प्रदीप मित्तल, ओमी पंवार, जमाल साबरी, धर्मवीर सिंह पुण्डीर, रविन्द्र पुण्डीर, राजकुमार राणा, अजय शर्मा, सतीश सहजवा, संजय वर्मा, सतीश नन्दी, जगमोहन प्रजापति, विनोद पाटिल, महताब अली खान, सतेन्द्र गौतम, रमेश चन्द्र, विक्रम सैनी, चौधरी राजवीर, खालिद खान, जर्रार अहमद, महेश गुप्ता, मुनव्वर अली खान, प्रमोद कुमार, रेखा रानी, राव कमाल, राव फैसल, जुबैर अली, रूमन लांम्बा, रूबी, राव ख़ालिद आदि मौजूद रहे।

## महापौर ने सीएलसी की रजिस्ट्रेशन बुक सील की

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज निगम परिसर स्थित सीएलसी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएलसी की रजिस्ट्रेशन बुक, कम्प्यूटर डाटा व अन्य आवश्यक दस्तावेजों का भी उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया। महापौर ने रजिस्टेªशन बुक में लम्बे समय तक खाली पन्ने और एक ही दिन में काफी रजिस्ट्रेशन देखते हुए रजिस्ट्रेशन बुक को सील कर दिया। उन्होंने कहा कि वह इसका ऑडिट करायेंगे।

महापौर डॉ. अजय कुमार आज नगर निगम परिसर स्थित सीएलसी कार्यालय में औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। उनके साथ उपसभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद दिग्विजय चौहान व राजेंद्र कोहली भी थे। महापौर ने बताया कि सीएलसी में 2022 के बाद से कोई रजिस्टेªशन नहीं हुआ है। रजिस्ट्रेशन बुक में काफी लंबे समय तक पृष्ठ खाली छोड़े गए हैं। 2019 के बाद एक ही दिन में 25-25 रजिस्ट्रेशन किये गए है। कुछ ही तिथियां निर्धारित हैं जिनमें रजिस्ट्रेशन किये जाते रहे हैं। महापौर ने बताया कि 2022 के बाद से इनके पास कोई एंट्री डाटा नहीं है। हैंड बुक में डाटा लिखे गए हैं। इनका पिछला सब डाटा



निकाल लिया गया है। महापौर के मुताबिक सीएलसी मैनेजर ने बताया कि उनके पास कर्मचारियों के वेतन, पीएफ आदि का पूर्ण डाटा है। उन्होंने बताया कि सीएलसी का ऑडिट कराया जायेगा।

महापौर का कहना है कि कम्प्यूटर डाटा गूगल मैप और टाइम के साथ अपडेट किया जाना चाहिए, जो सीएलसी में नहीं किया गया है। इसमें हेराफेरी की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग मिलजुल कर सफाई कर्मियों की भर्ती कराना चाहते थे, जबकि निगम से उनके पास कोई पत्र इस सम्बंध में नहीं भेजा गया है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि सीएलसी के पास कोई निरीक्षण बुक भी नहीं है, जिससे माना जा सकता है कि सात वर्षो से संचालित सीएलसी का किसी अधिकारी द्वारा निरीक्षण भी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि सीएलसी में कोई भी कर्मचारी अपना परिचय पत्र नहीं दिखा सका।

# गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं दबंगों को सबक सिखाएं : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को करारा उनको कानूनी सबक सिखाएं।

उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

**जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं करीब 200 लोगों की समस्याएं**

# नारी सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान शासन-प्रशासन की प्राथमिकताः डीएम



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने कहा कि किसी भी समाज के समग्र विकास के लिए आधी आबादी का सशक्त होना जरूरी है।

महिला सशक्तिकरण के लिए ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर वृहद स्तर पर मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में इस मिशन का पांचवां चरण संचालित हो रहा है। नारी सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है और इसी के अनुरूप मिशन शक्ति का व्यावहारिक संदेश सभी महिलाओं तक पहुंचाया जा रहा है। जिलाधिकारी बुधवार को, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के साथ मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, खेल, पुलिस कार्य, सामाजिक जागरूकता आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को वीरांगना सम्मान से सम्मानित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान डीएम और एसएसपी ने मिशन शक्ति के हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि आपके कार्य से अन्य लोगों को भी समाजहित में योगदान देने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों को आधी आबादी के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मिशन शक्ति ने समाज में महिला सशक्तिकरण को लेकर समाज में नव संदेश का संचार किया है। यह अभियान समाज में जागरूकता और व्यापक बदलाव का वाहक बन रहा है। कार्यक्रम में एसपी क्राइम सुधीर जायसवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी समर बहादुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिनव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### इन्हें मिला वीरांगना सम्मान

पूर्व महापौर डॉ. सत्या पांडेय, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रोफेसर एवं विश्वविद्यालय में एनसीसी हेड डॉ. विनीता पाठक, वन स्टॉप सेंटर गोरखपुर की परामर्शदाता गायत्री मणि त्रिपाठी, तिवारीपुर थाना की प्रभारी अर्चना, बैडमिंटन में तीन गोल्ड मेडल जीतने वाली आल इंडिया पुलिस टीम की आरक्षी नंदिनी यादव, नगर निगम पुलिस चौकी प्रभारी दीप मंजरी पांडेय, एआरटी सेंटर बीआरडी मेडिकल कॉलेज की सुजाता तिवारी, बीआरडी मेडिकल कॉलेज की स्टाफ नर्स प्रीति कन्नौजिया, समाज कल्याण विभाग की नव्या शुक्ला, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की इंदु पांडेय, वन स्टॉप सेंटर की पैरामेडिकल स्टाफ पूनम सिंह, अभ्युदय कोचिंग संचालिका डॉ. गुंजन पांडेय, वन स्टॉप सेंटर की कम्प्यूटर ऑपरेटर अनीता देवी, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ब्रह्मपुर ब्लॉक की मंशा वर्मा, अभ्युदय कोचिंग में योगदान देने समाज कल्याण विभाग की गौरी साहनी, आली संस्था की केस वर्कर शेख नुजहत, मार्ग संस्था की सन्नो राय, सामाजिक कार्यकर्ता समीक्षा व संगीता मिश्रा, अध्यापिका डॉ. अमृता गुप्ता, पिपराइच ब्लॉक में एएनएम कुसुम सिंह, खोराबार ब्लॉक में सीएचओ सुषमा सिंह, बाल विकास विभाग चरगांवा ब्लॉक की गीतांजलि मौर्य, ब्रह्मपुर ब्लॉक की जया मिश्रा और प्रतिभा सिंह।

## आबकारी विभाग ने 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़रुख़ाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ एंव थाना-कायमगंज पुलिस बल द्वारा संदिग्ध ग्राम-श्यामनगर में दबिश दी गयी। लगभग 60 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किए गए। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ फर्रुखाबाद की मासिक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने किया। बैठक में मासिक उपस्थिति लॉक न होने पर वेतन न मिलने, पुरानी पेंशन विकल्प सूची जारी करने, रसोईया मानदेय, कन्वर्जन कास्ट, फलों की धनराशि, गुरुवार को अतिरिक्त पोषण भत्ता, आंगनबाड़ी केंद्र की कन्वर्जन कास्ट एवं खाद्यान्न का भुगतान हेतु बाल विकास पुष्टाहार विभाग को पत्र लिखना, विकासखंड कायमगंज के निलंबित ब्लॉक अध्यक्ष निर्देश गंगवार, प्राथमिक विद्यालय शुकरुल्लापुर की निलंबित प्रधानाध्यापिका बीना राठौर को तत्काल प्रभाव से बहाल करने का छः सूत्रीय मांग पत्र प्रभारी बीएसए सुरेश चन्द्र पाल को सौंपा। बार बार आश्वासन देने के बाबजूद निर्देश गंगवार और बीना राठौर को बहाल न करने पर संघ ने काफी आक्रोश जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी।

## गूल बंद होने के कारण नहीं हो पा रही है 40 एकड़ भूमि में सिंचाई



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बंद पड़ी गूल के चलते तहसील क्षेत्र के ब्यौना राजा और बेड़ा मौजे में करीब 40 एकड़ भूमि की सिंचाई नहीं हो पा रही है। परेशान किसानों ने एसडीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। किसान गोविंद सिंह, ईमान खां, हरगोविंद पाल, फूल सिंह, इंद्रजीत सिंह, अवधेश, जलील खां, दिनेश, सुंदर पाल आदि ने शिकायती पत्र में बताया कि उक्त मौजे में नाली संख्या 296 सरकारी अभिलेखों (नक्शा) में दर्ज है। कुछ समय पहले ब्यौना जैतपुरा और बेड़ा सड़क निर्माण के दौरान यह गूल बंद हो गई थी जिससे करीब 40 एकड़ जमीन की सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों ने फसलों को बचाने के लिए शीघ्र ही सिंचाई किए जाने की आवश्यकता बताते हुए गूल खुलवाने की मांग की है।

## सिमिरिया-अकोढी के बीच चार किमी सड़क के डामरीकरण की मांग



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भाकियू की मासिक पंचायत गल्ला मंडी स्थित किसान भवन में चंद्रपाल पटेल बोहरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। पंचायत के उपरांत संगठन ने तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल के साथ तहसील पहुंचकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर समस्याओं को दूर किए जाने की मांग की। आयोजित पंचायत में किसानों ने नून नदी का पुल और सिमिरिया से अकोढी गांव के बीच स्थित 4 किमी की जर्जर सड़क का डामरीकरण कराए जाने, फसलों की सिंचाई के लिए कम से कम 18 घंटे बिजली आपूर्ति दिए जाने, ग्राम रवा और भेंड़ में अन्ना सांड़ व अन्य गांवों में अन्ना गोवंशों को गोशालाओं में बंद किए जाने, सहकारी समितियों पर डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराए जाने और अनावश्यक रूप से खाद के साथ में कोई पैकेट न दिए जाने, खरीफ फसलों के नुकसान पर अभी तक जो बीमा राशि नहीं दी गई है वह शीघ्र ही दिलाए जाने, बीते महीनों में अतिवृष्टि से गिरे घरों के एवज में मुआवजा दिए जाने, रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने सहित अन्य तमाम मांगे रखीं गई।

## एएमयू के चार शोध छात्रों को आईसीएसएसआर पोस्टडॉक्टोरल फेलोशिप के लिए चुना गया

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और विभागों से संबंधित चार शोध छात्रों, जिन्होंने अपनी पीएचडी पूरी कर ली है, को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आईसीएसएसआर पोस्टडॉक्टोरल फेलोशिप के अंतिम रूप से अनुशंसित पुरस्कार विजेताओं की सूची में शामिल किया गया है। ये शोधार्थी सामाजिक और मानव विज्ञान के 26 व्यापक क्षेत्रों में शोध करेंगे। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) की वेबसाइट पर घोषित उपरोक्त फेलोशिप के परिणाम के अनुसार, सामान्य श्रेणी के तहत पुरस्कार के लिए चुने गए एएमयू छात्रों में मोहम्मद उमर फारुख, जाहिद कमाल, शाहीन परवीन और मुनव्वर हनीह टीटी शामिल हैं।

## धर्म समाज महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ के प्रांगण में धर्म समाज महाविद्यालय, जिला सेवायोजन कार्यालय अलीगढ़ एवं मॉडल कैरियर सेंटर अलीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आज वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे क्षेत्रीय सेवा योजन अधिकारी, अलीगढ़ मंडल, डॉ.पी. पी. सी. शर्मा, क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू, अलीगढ़, डॉ. अजयवर्धन आचार्य, रोजगार अधिकारी, राजीव कुमार चौधरी एवं महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रो.मुकेश कुमार भारद्वाज द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ.पी.पी.सी.शर्मा ने बताया कि आज का यह वृहद रोजगार मेला युवाओं के लिए रोज़गार हेतु बेहद आकर्षक अवसर है। इससे युवाओं को रोजगार संबंधी चुनौतियों से निपटने में काफ़ी सहयोग मिलेगा। अपनी योग्यताओं एवं रुचियों के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर आज का युवा देश की सामाजिक , सांस्कृतिक और राजनीतिक उन्नति में अपना अमूल्य योगदान देने में सक्षम हो सकेगा। डा. अजयवर्धन आचार्य ने कहा कि रोजगार की समस्या वर्तमान में देश के लिए चिन्ता का विषय है। इस तरह के रोजगार मेलों के आयोजन से हमारे देश के युवाओं को जीवनयापन के संकट से उबरने में मदद मिलेगी।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली के अचानक ब्रेक लेने से पीछे भिड़ा बाइक सवार

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** हाटा कप्तानगंज मार्ग पर स्थित हरपुर बरवा गांव के पास बुधवार की शाम 7 बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली के अचानक ब्रेक लेने से एक बाइक सवार पीछे से टकरा गया। जिससे बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से सीएचसी मथौली भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। हाटा कोतवाली क्षेत्र के पटनी गांव निवासी विशेश्वर शर्म पुत्र शोभनाथ शर्मा उम्र 54 वर्ष बाइक से अपने घर जा रहे थे कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरपुर बरवा परसौनी मोड़ के पास हाटा की तरफ जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लेने से पीछे से बाइक सवार विशेश्वर जा भिडे। इस दौरान बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली भेजवाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उक्त व्यक्ति के हाथ पैर व चेहरे सहित सिर में गंभीर चोटे लगी थी।

## रामकलेवा में बुंदेली बन्ना-बन्नी और गारियां गाईं गई

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** चंदकुआ स्थित प्राचीन श्री अवधविहारी लालजी महाराज मंदिर में राम कलेवा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इसमें श्रद्धालु महिलाओं ने राम और सीता परिणय उत्सव की सभी औपचारिकताएं पूरी कराई। विवाह के दौरान बुंदेली बन्ना बन्नी और गारियां भी गाई गई। मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पटेरिया की देखरेख में राम कलेवा में गणेश और तीनों देवों के आह्वान के बाद भजनों के माध्यम से सिया रामजी के विवाह का पूरा दृश्यांकन किया गया। मंडप के नीचे जब राम कलेवा हुआ तो महिलाएं झूमकर नाचीं और जमकर फूल वर्षाए। सभी वैवाहिक नेग भी हुए। 'बन्ना बने आज सखी दशरथ के ललना, कौशल्या के छौना सुमित्रा के छौना' और 'बन्ना दशरथ के दुलारे हैं, बन्नी मिथलेश कुमारी हैं' जैसे गीत गाए गए। विवाह में होने वाली माटी मिथौरी, तेल, फेरे और कुंवर कलेऊ जैसी रस्में भी भजनों के माध्यम से हुई। द्वारचार और चढ़ावा के दौरान गाई जाने वाली गारियां जब महिलाओं ने गाई तो माहौल बिल्कुल विवाहोत्सव जैसा बन गया। इस दौरान मनोज राठौर, रानी राठौर, सीमा लोहिया, नीतू लोहिया, ऋतु अग्रवाल, प्रभा सोनी, अलका सोनी, अंजू राठौर, उर्मिला सोनी, भगवती सोनी, सरला दुवे, रेखा, मीरा चंदेरिया, गीता बसेड़िया, मुन्नी राठौर, राजकुमारी, गुड्डन, उमा, रूबी, मीना, शशि अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## दहेज में एक लाख नकद, बाइक, चैन न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के रामनगर सुरस निवासी अंजनी वर्मा पुत्री बैजनाथ वर्मा की शादी 16 फरवरी 2022 में राहुल वर्मा पुत्र सत्यदेव वर्मा उर्फ सुनील वर्मा निवासी जानकीपुर थाना गोला के साथ हुई थी। शादी में उपहार के रूप में 50 हजार रुपया और गहने के साथ अन्य सामान स्वजन द्वारा दिया था। शादी के बाद ससुराल पहुंची। तो कुछ दिन बाद ससुराल के लोग एक लाख नकद,बाइक और सोने की चैन मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। जिसकी जानकारी स्वजन को दी। जिसने असमर्थता जाहिर किए। इसके बाद ससुराल के लोग उसे मारपीट कर घर से निकाल दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति राहुल वर्मा,ससुर सत्यदेव उर्फ सुनील वर्मा,देवर रोहित वर्मा,सास भगवंती,ननद नेहाके खिलाफ दहेज उत्पीड़न,मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# नजीबाबाद रेलवे जंक्शन को मिली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात

अवधनामा संवाददाता



**नजीबाबाद।** देहरादून वंदे भारत सुपर एक्सप्रेस ट्रेन के नजीबाबाद रेलवे जंक्शन में प्रथम बार ठहराव हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वंदे भारत एक्सप्रेस के नजीबाबाद जंक्शन पर ठहराव के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ऋतु खण्डूड़ी ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देहरादून और लखनऊ के बीच हमारी जनता काफी यात्रा करती है और लंबे समय से अच्छी ट्रेनों की जरूरत थी। जिसको केंद्र सरकार द्वारा नवंबर माह से वंदे भारत ट्रेन चालू हुई लेकिन इसका ठहराव देहरादून के बाद हरिद्वार होने के कारण हमारे कोटद्वार और नजीबाबाद के लोगों को यह ट्रेन पकड़ने हरिद्वार जाना पड़ता था, लेकिन अब ट्रेन के नजीबाबाद में ठहराव से पहाड़ समेत कोटद्वार वासियों को बड़ी राहत मिलेगी।अब इस ट्रेन से हमारे लोग मात्र घंटे 20 मिनट में देहरादून से लखनऊ के बीच का सफर तय करेंगे। ऋतू खंण्डूड़ी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश रेलवे की कनेक्टिविटी से जुड़ा है। वंदे भारत एक्सप्रेस के नजीबाबाद ठहराव होने से हम भी उस कड़ी से जुड़ चुके है। इस अवसर पर ऋतू खंण्डूड़ी भूषण ने प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी का विशेष तौर पर धन्यवाद , आभार व्यक्त किया। वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को देखने के लिए भारी संख्या में नजीबाबाद के लोग मौजूद रहे, और लोगों उत्साहित होकर जमकर सेल्फी ली! अगर इसके किराए की बात की जाए तो इसकी यात्रा यह आम आदमी की पकड़ से बाहर रहेगी, क्योंकि किराया महंगा होने के कारण आम आदमी यात्रा नहीं कर सकता केवल ट्रेन के साथ फोटो ही खींचने तक सीमित रहेगा।

## जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन ने ज्ञापन सौपा



**फर्रुखाबाद।** जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत की आज्ञा से जिला प्रमुख जोग राम के प्रतिष्ठान स्थित ग्राम भिडोर मे मीटिंग संपन्न हुई जिसमे ग्राम भिडोर मे गलियों को पक्का कराने कुछ टूटी पुलियों का निर्माण एवं सम्पर्क मार्ग बनाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन ग्रह्म पंचायत शमसाबाद को सौंपा गया इस किसान कार्य कर्ता सम्मेलन मे जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत ने अयोध्या चिंतन शिविर के बारे मे विस्तार से चर्चा की व पादाधि कारियों को जिम्मेदारी सौपी मीडिया प्रभारी कानपुर मंडल डा अजय शाक्य ने लोगो को संगठन के बारे मे बताया और संगठन से जोड़ने की अपील की कई लोगो ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

## संसार में सबसे बड़ा धनवान वही जिसके पास परमात्मा की भक्ति : राघवाचार्य



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेनुहारी शुक्ल में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के पांचवे दिन जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज ने व्यास पीठ से भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि इस संसार में सबसे बड़ा धनवान वही जिसके पास परमात्मा की भक्ति है। क्योंकि अन्त समय में अपनी यह शरीर भी अपना साथ छोड देती है। अगर साथ जाता है तो भगवान की भक्ति और हमारे द्वारा किए गये सद्कर्म। परमात्मा प्रेम के भूखे होते है।प्रेम से हम परमात्मा को प्राप्त कर सकते है। आगे भगवान कृष्ण के बाल्य लीला का वर्णन करते हुए कहा जब राक्षसी पूतना भगवान को मारने के लिए उनको दूध पिलाती है। तब भगवान उसका खून चूसकर उसका वध कर उसका कल्याण करते है। फिर मां यशोदा नारायण को पंचगव्य,गौ मूत्र, गोबर से स्नान कर उन्हे पवित्र करती है।आज की पीढी अपने धर्म की व्याख्या अपने अनुकुल करते है।जबकि ऐसा नही करना चाहिए। भगवान कहते सबको अपने अपने धर्म का पालन करना चाहिए। भगवान कृष्ण ने गौ पालक कर यह संदेश दिया था कि जो भी जीव जिस धर्म में पैदा हुआ है उसका पालन करना चाहिए। किसी के धर्म को देखकर गुण दोष का विचार नही करना चाहिए।

## चेकिंग में एसडीएम सीओ ने अवैध खनन से भरे 4 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** एसडीएम सुशील कुमार सिंह तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह के द्वारा कालपी तहसील क्षेत्र की सड़कों में चेकिंग के दौरान अवैध खनन केओवरलोड भरे 4 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई है। प्रशासन की इस कार्यवाही से तमाम वाहन चालकों में खलबली मच गयी है।

प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के साथ एसडीएम तथा सीओ राष्ट्रीय राजमार्ग में भ्रमण कर रहे थे। तभी जोल्हूपुर मोड़ - कालपी हाइवे रोड की सड़क में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा सीओ डॉ देवेंद्र कुमार की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड के खिलाफ चैकिंग की गई। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्र के ओवरलोड मौरम लादे एक ट्रक को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई। उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये वाहन को गल्ला कालपी के परिसर में सम्बंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया गया। इसी तारतम्य में एसडीएम के नेतृत्व में संयुक्त टीम के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आटा टोल प्लाजा में चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान टीम की हत्थे 3 ओवरलोड ट्रक चढ़ गये। तीनों ट्रकों के पास में रॉयल्टी प्रपत्र नहीं पाया गया। रॉयल्टी प्रपत्र न होने पर अधिकारियों ने हैरानी जताई। तीनों ट्रकों को विशिष्ट गल्ला मंडी उरई में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कर कर सीज करने की कार्रवाई की गई। रात में चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में भी लगातार चैकिंग अभियान चलाया जाएगा।

**प्रशासन की कार्यवाही से तमाम वाहन चालकों में मच गयी है खलबली**

**तीनों ट्रकों के पास में रॉयल्टी प्रपत्र नहीं मिला**

# पांच सितारा व सात सितारा होटल में चोरी करने वाले अन्तर्राजीय चोर पुलिस की हिरासत में

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** अपराधी चाहे कितना ही शातिर क्यों ना हो वह पुलिस की पकड़ से नहीं बच सकता। रामगढ़ताल क्षेत्र में 16 नवंबर को होटल मैरियट कोर्टयार्ड में तिलक समारोह में हीरे और सोने के जेवरात चोरी होने के संबंध में पीड़ित ने रामगढ़ताल थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चोरी की घटना के खुलासे के लिए टीम को गठित किया।

टीम ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है जो अब तक पूरे भारत वर्ष में विभिन्न शहरों और राज्यों में लगभग 20 से 25 चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। आरोपी होटल मैरियट कोर्टयार्ड में पैदल पहुंचा और वादी को 1 घंटे तक फॉलो करता रहा इसके बाद उसने रूम नंबर की जानकारी ली होटल कर्मचारी बनकर होटल के इंटरकाम से वादी की कमरे में फोन कर नाम की जानकारी ली। जब वादी का परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए रूम लाक कर चले गए तो अभियुक्त ने पुनः इंटरकाम कनेक्शन से होटल के रिसेप्शन पर फोन किया और बोला कि मेरे रूम में कुछ जरूरी सामान छूट गए हैं और चाबी कहीं गुम हो गई है प्लीज मास्टर चाबी से रूम खोल दे। इस तरीके से आरोपी रूम में जाकर लाकर का पासवर्ड तोड़कर ज्वेलरी और रुपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया लेकिन आरोपी की करतूत होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोपी ने मुंबई चेन्नई आगरा जयपुर कोयंबटूर जोधपुर हैदराबाद विशाखपट्नम जालंधर चंडीगढ़ केरल रायपुर कोलकाता उदयपुर लखनऊ गुवाहाटी करनाल (हरियाणा )और गोरखपुर में घटना को अंजाम दे चुका था। पकड़ा गया शातिर चोर जयेश रावजी गुजरात का रहने वाला है यह पांच सितारा और सात सितारा होटल में चोरी की घटना को अंजाम देता था आखिरकार गोरखपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। घटना का खुलासा पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर एसपी सिटी अभिनव त्यागी एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव ने घटना का खुलासा किया। एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 25000 का नगद पुरस्कार देने की भी घोषणा की है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि पकड़े गए आरोपों के पास से पुलिस ने पीली धातु की अंगूठी चैन घड़ी कान की बाली एंड्राइड मोबाइल फोन आधार कार्ड पैन कार्ड और 12270 नगद बरामद किया गया है।

**रामगढ़ताल के होटल मैरियट कोर्टयार्ड में तिलक समारोह में होटल का कर्मचारी बनकर सोने और हीरे के जेवरात की थी चोरी**

# छात्र नेताओं की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन किया गया कंबल वितरण




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सियाराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता विनोद त्रिपाठी तथा गौरव सिंह की 17 पुण्य तिथि पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सहादतगंज हनुमानगढ़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर में निवास करने वाले साधू-संतों, कर्मचारियों व दिव्यांगों को कंबल वितरण किया गया।

संस्था के अध्यक्ष रामानुज सिंह रामा ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के महामंत्री रहे विनोद त्रिपाठी तथा छात्र नेता गौरव की पुण्य तिथि पर विगत 17 सालों से संस्था के द्वारा समाज कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। मंगलवार को संस्था के प्रधान कार्यालय रामपथ सहादतगंज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। बुधवार को कंबल वितरण का आयोजन किया गया है।

मौके पर सहादतगंज हनुमान गढ़ी के महंत त्रिलोकी दास जी महराज, छात्र नेता हेमंत सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी रामानुज सिंह रामा, वरूण कुमार, अजीत सिंह, विवेक मिश्र, शामिल थे। इस दौरान कार्यक्रम संरक्षक बुढ़ऊ सिंह, शिविर प्रभारी शिवेन्द्र साहू, महामंत्री सुधा सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, रवि कुमार, निखिल शर्मा, अंकित शर्मा, पंकज मिश्र, अंकित मंगल, शिवभूषण सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सदस्य राज्य महिला आयोग डा. प्रियंका मौर्या द्वारा की गयी जनसुनवाई



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंका मौर्या ने सर्किट हाउस अयोध्या में जनसुनवाई आयोजित की। इस जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान करना और महिलाओं को न्याय दिलाना था। डा. प्रियंका मौर्या ने पीड़ितों के साथ बैठकर उनके मामलों की गंभीरता से सुनवाई की और मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 45 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार, भूमि विवाद, और अन्य मामले शामिल थे। डा. प्रियंका मौर्या ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उदाहरण के तौर पर, विजयलक्ष्मी के मामले में विधवा पेंशन और बाल सेवा योजना के लिए, फूलराजी के मामले में बीकापुर थानाध्यक्ष से शीघ्र निस्तारण के लिए संवाद किया गया। माधुरी के शौचालय मामले को गंभीरता से लिया गया और थानाध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए गए। विवाह संबंधी मामलों को भी शीघ्र निपटाने के प्रयास किए गए।डा. प्रियंका मौर्या ने कहा कि जनसुनवाई में आए पीड़ित महिलाओं के मामलों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है, और सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पीड़ितों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित मामलों के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और प्रत्येक जनपद में जनसुनवाई आयोजित की जाती है।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार, पुलिस उपाधीक्षक योगेन्द्र कुमार, और अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सब भगवान के है भगवान सबके है: आचार्य सुरेंद्र

*अवधनामा संवाददाता*

**मवई -अयोध्या।** मवई ब्लॉक के गायत्रीनगर पटरंगा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा ब्यास ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा को बताते हुए कहा कि भगवान ने अपनी लीला में हर वर्ण के लोगों को मित्र बनाया और हर वर्ग के घरों पर जा जाकर माखन को खाया इससे यह संदेश मिलता है कि सब भगवान के हैं और भगवान सबके है।बाल लीला के प्रसंग को कहते हुए महाराज जी ने पूतना वध की कथा बताते हुए कहा कि पूतना एक राक्षसी है दूध पिलाने के बहाने बिष पिलाया।परंतु भगवान इतने कृपालु हैं कि उस राक्षसी को जो गति यशोदा को मिलनी थी सोई गति पूतना को दे दिया।अर्थात भगवान के शरण में भाव से या कुभाव से कैसे भी जाओ हर तरह से कल्याण ही होना है।व्यास ने कहा अहंकार भगवान का आहार है।भगवान ने भक्तों को सताने वाले कालिया नाग का मान मर्दन किया और बृज को कालिया के बिष से मुक्त किया।यह कालिया नाग एक अहंकार है और जब तक जीवन में अहंकार रहता है तब तक जीवन की हर शैली भय को जन्म देती है इसलिए अहंकार से जीव को शून्य होना चाहिए।गोवर्धन धारी की कथा बताते हुए कहा भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण करके समस्त भक्तों की रक्षा किया।कथा व्यास ने भगवान ने माखन चोरी लीला को बताते हुए कथा व्यास ने कहा माखन का एक नाम है नवनीत।भगवान ने बृजबालाओं के बृजवासियों के ब्रज शखाओ के मन रूपी माखन को चुराया।व्यास ने कृष्ण अवतार लेने का एक हेतु यह बताते हुए कहा कि जो लीला राम से त्रेता में शेष रह गई उस लीला को पूरी करने के लिए कृष्ण का अवतार हुआ।जो बंदर राम जी के साथ संपूर्ण लीला में भूखे प्यासे रहे उनको माखन फल आदि खिलाने के लिए वृज में भगवान का अवतार लिया।भगवत प्रवक्ता ने बताया कि जो राम की लीला है वह जीवन में उतारने के योग्य है और जो कृष्ण की लीला है वह केवल श्रवणीय और चिंतन के योग्य है,क्योंकि राम ने मर्यादित जीवन को जिया और कृष्ण ने लीला का रूप दिया।हमें मर्यादा को धारण करना चाहिए और लीला का चिंतन और मनन करना चाहिए।ऐसा करने से हम सतत विकास के उच्च शिखर तक पहुंचकर भगवान को भी प्राप्त कर सकते हैं।रामनरेश तिवारी शिव कुमार मणि त्रिपाठी आचार्य शिवेंद्र शुक्ला प्रतीक दूबे रजनीश तिवारी मोनू मृदुल नाव गुलाल रमेश सिंह बेद प्रकाश मिश्र मवई ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी आकाश मणि त्रिपाठी अनूप मिश्र अर्पित आदित्य अवधेश गुप्त राजू गुप्त डा0 शिव कुमार सोनी सूर्य प्रकाश मिश्र रमेश मिश्र बृजेश मिश्र आदि लोगों ने किया।

# नाक की कील चोरी हुई तो झांसी की रानी बन महिला, चोर को गिरा-गिराकर पीटा



**बाराबंकी।** नाक की कील चुराने वाले एक नशेड़ी को महिला ने सरेआम सड़क पर लिटा लिटाकर पीट दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें महिला नशेड़ी की पिटाई करती दिख रही है। पिटाई के दौरान महिला नशेड़ी का गला भी दबाती दिखी। मौके पर एकत्र भीड़ केवल तमाशा देखती रही। महिला द्वारा नशेड़ी की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है।मामला बाराबंकी जिले की नगर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन चौराहे का बताया जा रहा है। जहां पर एक नशेड़ी ने महिला की नाक की कील चोरी की थी। इस बीच जिस महिला की नाक की कील चोरी हुई थी, उसने नशेड़ी को पकड़ लिया और उसे बीच चौराहे पर गिरा-गिराकर पीटा। वीडियो में देखा जा सकता है कि नशेड़ी युवक महिला की पिटाई से बचने की कोशिश तो कर रहा है, लेकिन नशे में होने के कारण अपने आप को बचा नहीं पा रहा है। इन दौरान चौराहे पर तमाशबीनों की भीड़ लग गयी और सरेआम हो रही नशेड़ी युवक की पिटाई का तमाशा देखती रही। इस बीच जब महिला ने आवेश में आकर नशेड़ी का गला दबाने का प्रयास किया तब आसपास खड़े लोगों ने उसे ऐसा करने से मना किया। लोगो के समझाने बुझाने पर महिला का गुस्सा शांत हुआ और उसने नशेड़ी को छोड़ा। वहीं इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# अब बृज किशोर होमियोपैथिक मेडिकल में होंगे एक्सरे, डेंटल ओपीडी भी होगी शुरू

- **ईसीजी जांच की भी मिलेगी सुविधा, ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर भी पहुंचे,अमेरिका से आए हैं ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर**

*जेपी गुप्ता*
*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** रामनगरी के लोगों के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी अच्छी खबर है। बृज किशोर होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज जनसेवाओं में बढ़ोतरी करने जा रहा है। यहां अब एक्सरे की सुविधा के अलावा ईसीजी जांच भी होगी। यही नहीं, अमेरिका से आक्सीजन कंसट्रेटर भी पहुंच गए हैं। सांस के भर्ती मरीजों के लिए ये रामबाण साबित होंगे। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो नए वर्ष से सेवाओं की शुरुआत भी हो जाएगी। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। रोजाना बढ़ रही संख्या को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को लेकर भी खासा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अयोध्या के प्रत्येक सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके साथ एक मल्टीस्पेसियलिटी अस्पताल भी राम मंदिर के पास खोलने का आदेश दिया था। सीएम के आदेशों का पालन करते हुए देवकाली स्थित होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज के सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज में अब डेंटल ओपीडी की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए शासन से एक डेंटल चेयर पहुंच चुकी है। इसके लिए एक ओपीडी कक्ष तैयार कराया जा रहा है। उसके तैयार होते ही ओपीडी शुरू होगी, लेकिन पेशेंट के आने पर ऑन कॉल डॉक्टर को बुलाया जाएगा।

**पहली बार आई है डिजिटल एक्सरे मशीन**

मेडिकल कालेज में ऑर्थो की ओपीडी नहीं है। ऐसे मरीजों को फिजिशियन देखते हैं। अमूमन बुजुर्ग मरीज ही यहां पहुंचते हैं। ऐसे में चिकित्सालय में आसानी से गठिया व सीने के एक्सरे भी करा सकेंगे।

**संस्था की तरफ से उपलब्ध कराई गई है चार ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर**

प्राचार्य डॉ. आशीष सिंह ने बताया कि योगी सरकार के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र %दयालु% ने एक संस्था की ओर से चार आक्सीजन कंसन्ट्रेटर दिलवाया है। भविष्य में दो और कंसन्ट्रेटर मिलेंगे। जनवरी से डिजिटल एक्सरे की सुविधा भी शुरू कर दी जाएगी।

# स्वर्गीय राम कलप शुक्ला की 24 वीं पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में स्वर्गीय राम कलप शुक्ला की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह, विज्ञान प्रदर्शनी और बाल मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में स्वावलंबन, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच का विकास होता है।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और स्वर्गीय राम कलप शुक्ला की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक उमाशंकर शुक्ल, गायत्री देवी, प्रधानाचार्या शिखा दूबे और सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और विज्ञान प्रदर्शनी तथा बाल मेले का उद्घाटन भी किया।

विज्ञान प्रदर्शनी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वॉटर ट्रीटमेंट, थर्मो इलेक्ट्रिक इफेक्ट, न्यूक्लियर पावर प्लांट, ब्रह्मोस मिसाइल और मानव शरीर के मॉडल जैसे उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। इसके अलावा, बच्चों द्वारा स्वनिर्मित व्यंजनों जैसे मोमोज, इमरती, चूरमुरे, गुझिया, पेस्टी आदि का भी स्वाद लिया गया, जिसे सभी उपस्थित लोगों ने मुक्त कंठ से सराहा।कार्यक्रम में उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सपा नेता बख्तियार खान, प्रभा शंकर शुक्ल, अतुल पांडेय, अशोक तिवारी, संजीव तिवारी, गजराज यादव, पवन तिवारी, राजेंद्र यादव, राम प्रकाश यादव, राम अवतार प्रजापति, विकास सिंह, राधेश्याम तिवारी, बृजनंदन तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मनचला शोहदा आपके साथ छेड़छाड़ करता है तो घबराये नही पुलिस को बताये

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** नारी सशक्तीकरण व महिला सुरक्षा उद्देश्य हेतु चलाई जा रही जनकल्याण योजना मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत बुधवार को मसौली पुलिस की महिला सुरक्षा दल द्वारा पंचायत भवन बड़ागांव मे आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम मे किशोरियो को जागरूक किया। इंस्पेक्टर राजेश यादव ने कार्यक्रम मे उपस्थित किशोरियो एव युवतियो से रूबरू होते हुए कहा कि स्कूल कॉलेज रास्ते आते जाते समय अगर कोई मनचला शोहदा उनके साथ छेड़छाड़ करता है तो घबराएं नहीं बल्कि यूपी सरकार द्वारा महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जारी किए गए टोल फ्री नंबरों पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं,उन्हें तत्काल सहायता मुहैया कराई जाएगी तथा अपने साथ गलत होने पर चुप ना रहे क्योंकि एक बार की चुप्पी आगे जाकर बड़ा रूप ले लेती है। उपनिरीक्षक शिवकुमार ने किशोरियो को साइबर क्राइम से बचने के भी उपाय बताएं। उन्होंने महिला अपराध से जुड़े कानूनी प्रावधान एवं यूपी पुलिस द्वारा महिलाओं और छात्राओं को सशक्त करने के लिए चलाई जा रही सेवाओं के बारे में बताया उपनिरीक्षक ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि उनके सबसे नजदीक माता-पिता होते हैं। हर बात अपनी माता, बड़ी बहन एवं स्कूल अध्यापिका से साझा करना चाहिए। महिला सुरक्षा दल की महिला कांस्टेबल अच्छी बी ने कार्यक्रम मे मौजूद किशोरियो को जागरूक करते वूमेन पावर लाइन के लिए 1090,आपातकालीन सेवा के लिए 112,महिला हेल्पलाइन के लिए 181,चाइल्ड लाइन के लिए 1098,एंबुलेंस सेवा के लिए 108,स्वास्थ्य सेवा के लिए 102,फायर ब्रिगेड के लिए 101 तथा साइबर संबंधी सुरक्षा के लिए टोल फ्री नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी।




मिशन शक्ति फेज 5 के जागरूकता कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान नूर फातिमा, पंचायत सचिव जैसराम, कंसल्टिंग इंजीनियर प्रदीप कुमार , डा0 नीलिमा गुप्ता, डा0 प्रीति सिंह, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद महेंद्र कुमार, आरक्षी आकाश मौर्या विकाश यादव क संजय विश्वकर्मा ,पंचायत सहायक सैय्यदा बानो सहित प्रतिभागी किशोरियाँ मौजूद रही।

## गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर जीआरपी/आरपीएफ चौकी खोलने की मांग

**गोसाईगंज, अयोध्या।** गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद श्रीमती आरती जायसवाल ने गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर जीआरपी/आरपीएफ चौकी खोलने की मांग करते हुए रेल मंत्री को संबोधित पत्र स्टेशन अधीक्षक महेंद्र नाथ मिश्रा को सौंपा। पत्र में बताया गया कि गोसाईगंज स्टेशन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं, लेकिन यहां सुरक्षा व्यवस्था की कमी है। स्टेशन पर जीआरपी/आरपीएफ चौकी न होने के कारण यात्रियों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है और कई घटनाएं भी होती हैं, जैसे पत्थरबाजी और चोरी। सभासद श्रीमती जायसवाल ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। एसएस महेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि पत्र को रेलमंत्री के पास अग्रेषित किया जाएगा।

# विद्युत अधिकारी ने लोगो को ओटीएस को लेकर निकाली रैली, किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** आलाधिकारियों के आदेशानुसार उपभोक्ताओं को ओटीएस हेतु जागरूप करने को लेकर जैदपुर विद्युत उपकेंद्र से एक रैली निकाली गयी। जिसमें एसडीओ जेई सहित तमाम कर्मचारियों ने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में जाकर एक मुश्त योजना का लाभ लेने के लिये उपभोक्ताओं से अपील करते देखे गये। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह दस बजे एस डीओ संदीप सिंह के नेतृत्व में विद्युत वितरण उपकेंद्र जैदपुर से उपभोक्ताओं को एक मुश्त योजना के लिये जागरूप करने हेतु एक भव्य रैली निकाल कर थाना चौराहा बड़ी बाजार छोटा इमामबाड़ा छोटी बाजार बांध मुख्किन छेदा कटरा बडापूरा, मेहंदी कटरा महमूदपुर पछदरी मोलवी कटरा अली अकबर कटरा सहित



क्षेत्र के तमाम उपभोक्ताओं को ओटीएस की भारी छूट सहित विभिन्न जानकारियां दी गयी। इस मौके पर एसडीओ संदीप सिंह जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन वकार मेहंदी रोहित शुक्ला संजय सुरेन्द्र कुमार मो0 वसी मो0 फुरकान आशिफ इरशाद अंसारी, नन्दू पुल्ली, महाराज, सहित भारी संख्या में विद्युत कर्मचारी मौजूद थे। इस मौके पर एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि एक मुश्त योजना के तहत विद्युत उपभोक्ताओं को काफी लाभ होगा, और काफी छूट भी मिलेंगी, वहीं जल्दी आये ज्यादा लाभ पाने की भी अपील की है।

## पुलिस ने पशु क्रूरता सहित अन्य धाराओं में कार्यवाही की

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस ने दो भैंस व दो पडवे बरामद कर एक यूवक पर पशु क्रूरता सहित अन्य धाराओं में कार्यवाही की है। बताते चलें कि कि मुखबिर की सूचना के मुताबिक जैदपुर पुलिस ने छोटा हाथी डाला में भरकर दो भैस व पडवे को बरामद कर कस्बे के मोहल्ला छेदा कटरा निवासी निजाम पुत्र सगीर को चालक रहमत अली के साथ यूपी 41 एटी 6925 को रोककर खरीद फरोक्त के प्रमाण मांगने पर मुहय्या न कराने पर जैदपुर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने से तमाम कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## मलवरी कॉन्वेंट स्कूल में प्रतियोगिता का हुआ समापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** नगर के मलवरी कॉन्वेंट स्कूल में बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। खेल को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह दिखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर चौकी प्रभारी बृजभान यादव व उपनिरीक्षक राहुल कुमार ने किया। इसके उपरांत स्लो साइकिल रेस, लंबी कूद, रस्सा कसी, ऊंची कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में अनुराग शुक्ला, आदर्श विश्वकर्मा, लक्ष्य जायसवाल, दिव्यंका शाही, जाह्नवी जायसवाल, अवनि गुप्ता तथा सीनियर वर्ग में नज़ीफ सैफ़, सोहैल खान, आदर्श, सौम्या, मानवी, ओजस्वी, ओमाक्षी, सृष्टि, अमन, अलंकृता, समीक्षा, अनुष्का, पूजा, नेहा, रागिनी, देवांश, आदर्श आदि प्रतिभागियों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा शील्ड, मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शुभ्रा सिंह जायसवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सत्या जायसवाल, श्याम बिहारी मोनिका जायसवाल, अनुराधा यादव, नूर अफ़सा आदि मौजूद रहे।

## ठंड में 112 सेवा को मजबूत करने के लिए कई कांस्टेबल्स का तबादला

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने देर रात जिले की पुलिस व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए 112 आपातकालीन सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 27 कांस्टेबल को इस सेवा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस तबादले के तहत 112 पर पहले से तैनात 16 कांस्टेबल को अन्य थानों में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने इस कदम को ठंड में आपातकालीन सेवाओं को बेहतर बनाने और जनता को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक बताया। बताया जा रहा है कि ठंड के कारण आपातकालीन सेवाओं की मांग बढ़ने की संभावना है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया।पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे नए तैनात कर्मचारियों को जल्द से जल्द ट्रेनिंग और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएं ताकि किसी भी स्थिति में सेवाएं बाधित न हों।

# मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित



**महराजगंज (मिठौरा)।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के तत्वावधान में आयोजित पुरस्कार विवरण समारोह में जनपद के नगर पंचायत चौक में स्थित दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज के 71 छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण में छात्रवृत्ति क्रीड़ा छात्रवृत्ति, कबड्डी की उपविजेता बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग की टीम शिक्षाप्रद संत वचन में प्रथम स्थान प्राप्त नित्या शर्मा को पुरस्कृत किया गया। शोभा यात्रा एवं श्रेष्ठ संचालन में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर संस्था को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संयोजन कर्ता प्रमोद सिंह एवं संचालन डॉ पंकज कुमार गुप्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिग्विजयनाथ बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज की प्रधानाचार्या सपना सिंह गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामपाल यादव के साथ शिक्षक कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ग्रामीण आवास के बाद शहरी आवास लेने का आरोप

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** नगर पालिका परिषद सिसवा के वार्ड 14 मुखर्जी नगर के निवासी अजीमुल्लाह ने आवास और शहरी कार्य मंत्रालय को पत्र भेजा हैं। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि पूर्व में ग्रामीण इंदिरा आवास के लाभार्थी, गांव के नगर पालिका में शामिल होने के बाद विभाग की मदद से शहरी आवास का भी लाभ ले रहे हैं। शिकायतकर्ता ने भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय को भेजे गये पत्र में आरोप लगाया है कि पूर्व में सिसवा विकास खंड के ग्राम पंचायत बैजनाथपुर के कुछ ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयन कर आवास की धनराशी उपलब्ध करा दी गयी थी। वहीं गांव को नगर पालिका में शामिल करने के बाद विभागीय सहयोग से उपरोक्त लाभार्थियों का चयन पुनः प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लिए किया गया। इस मामले में डूडा परियोजना अधिकारी द्वारा बीते 6 मई को मामले की जांच की गई थी।

## विश्व शांति के लिए अयोध्या में सरयू नदी का मंदाकिनी के जल से किया अभिषेक

**अयोध्या।** दुनिया के कई देशों के साथ बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों से हर वर्ग चिंतित है, इसमें साधु-संत वर्ग भी शामिल है। चित्रकूट के साधु व संतों राम के दरबार अयोध्या पहुँच गए। उन्होंने मंदाकिनी नदी के पवित्र जल से अयोध्या में सरयू नदी का अभिषेक कर प्रभु राम से विश्व शांति की कामना की।बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, धार्मिक स्थलों को क्षति पहुँचाए जाने की घटनाओं से साधु-संत समाज आक्रोशित है। चित्रकूट के साधु संत मंदाकिनी नदी का पवित्र जल लेकर सामाजिक संगठन मधुरिमा सेवा संस्कार फाउंडेशन के सहयोग से अयोध्या पहुँचे। यह सभी साधु संत नाव पर सवार होकर सरयू नदी के बीच पहुँचे जहां उन्होंने मंदाकिनी नदी के जल से मंत्रोच्चर के बीच जलाभिषेक किया। इस दल का हर साधु-संत राम की नगरी अयोध्या में यह अभिलाषा लेकर पहुँचा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का दौर थमेगा। फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ स्वप्ना वर्मा का कहना है कि, हिंदू, हिंदुत्व और सनातन सदैव से आपसी सद्भाव और समन्वय का पक्षधर रहा है। विश्व को शांति का संदेश दिया है। बीते कुछ दिनों में दुनिया के कई देशों में हिंदुओ को निशाना बनाया जा रहा हैं। बांग्लादेश में तो अती ही हो गई है। हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं, कत्लेआम किया जा रहा है और धार्मिक स्थलों को क्षति पहुंचाई जा रही है, हिंदू धर्म गुरुओं के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास को गलत आरोप लगाकर गिरफ्तार किया गया। वहीं बांग्लादेश की सरकार अपने दायित्व का निर्वहन करने को तैयार नहीं है। डॉ वर्मा ने आगे कहा कि बांग्लादेश में लोकतंत्र खत्म हो गया है और तानाशाही हावी हो गई है। प्रभु श्री राम से हमारी यही कामना है कि वह आतताईयों और अत्याचारियों को सद्बुद्धि दें। इसी कामना को लेकर भगवान राम से नाता रखने वाली नगरी चित्रकूट से साधु संतों के साथ मंदाकिनी नदी का पवित्र जल लेकर अयोध्या आए हैं।

# अवैध खनन पर प्रशासन ने लगाई लगाम, दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम महतिनिया बुजुर्ग तप्पा करही में हो रहे अवैध खनन पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित के निर्देश पर नायब तहसीलदार महबूब आलम ने एक टीम के साथ मौके पर छापेमारी की। इस दौरान दो ट्रैक्टर ट्राली अवैध रूप से खनन करते हुए पकड़ी गई।

जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार महबूब आलम ने बताया कि ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक अजय श्रीवास्तव, एसआई सुरेश चंद्र और शिव कुमार यादव सहित पुलिस बल भी मौजूद रहा। जब्त किए गए ट्रैक्टर ट्राली को थानाध्यक्ष डुमरियागंज को आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।

## जालौन चुर्खी मार्ग के दोहरीकरण की मांग

**उरई (जालौन)।** देवनगर चौराहे से चुर्खी रोड पर बालाजी मंदिर सड़क डबल लेन कराने की मांग समाजसेवी ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर की है। समाजसेवी देवी दयाल वर्मा, बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदुम्न दीक्षित ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर बताया नगर में चुर्खीरोड पर रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य पूरा होने के उपरांत इस रोड पर बसों का आवागमन बढ़ने के साथ ही यात्रियों की भी आवाजाही भी बढ़ जाएगी। वर्तमान में चुर्खी रोड सिंगल रोड बना हुआ है। जब यातायात बढ़ेगा तो जाम आदि की समस्या शुरू हो जाएगी। जिसमें विवाद की स्थिति बनेगी। अभी भी इस रोड पर यातायात काफी है। सिंगल रोड होने की वजह से वाहनों को साइड देने एवं ओवरटेक करने में दिक्कत होती है। यदि उक्त रोड को डबल कर दिया जाता है तो समस्या उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अभी ही इस रोड को डबल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए।

# धूमधाम से मना पीआरडी का 76वां स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्टस स्टेडियम में बुधवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वावधान में पीआरडी का 76वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जवानों में जबरदस्त उमंग और उत्साह देखने को मिला। परेड की सलामी मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, भाजपा के जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह, अजय कुमार उपाध्याय के द्वारा ली गई।

जिला स्टेडियम में मार्चपास्ट की सलामी में पायलट के रूप में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बलवंत कुमार यादव, रोशनी श्रीवास्तव समेत परेड कमांडर राज किशोर दुबे, दयाशंकर मौर्या, गुलाम हुसैन और सुषमा देवी के नेतृत्व में परेड कराई गई। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने स्थापना दिवस पर आयोजित परेड की प्रशंसा करते हुए समस्त बीओ, पीआरडी एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं एवं शांति व्यवस्था दैवीय आपदा और निर्वाचन ड्यूटी में पीआरडी जवानों की भूमिका को सराहा। अनुशासन में रहकर पीआरडी के जवानों को आगे बढ़ना है। भाजपा के जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में पीआरडी का महत्व और बढ़ेगा। इसलिए हर चुनौती के लिए तैयार रहने की जरूरत है। भाजपा के जिला मंत्री अजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि पीआरडी की वर्दी वाली फोर्स है। इसलिए सभी को अनुशासन में रहकर आगे बढ़ना है। समाज हो या फोर्स अनुशासन में रहने वाले लोग ही आगे बढ़ते हैं। जिला युवा कल्याण अधिकारी विनय प्रताप राव ने कहा कि पीआरडी की स्थापना 1948 में हुई थी। तब से आज तक पीआरडी जवान पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ड्यूटी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परेड में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टोलियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रस्साकसी एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन अरूण कुमार प्रजापति ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता शेषमणि प्रजापति, मुलायम सिंह यादव व आशुतोष पांडेय, पीआरडी विभाग के वरिष्ठ लिपिक नर्वदा समेत देवेंद्र कुमार पांडेय, मुकेश कुमार, मोल्हू, अरविंद, सोहन गुप्ता, कमलेश, राधेरमण व तौलन आदि की उपस्थिति रही।

## छात्र अली हुसैन को जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित रेडियंट चिल्ड्रेन एकेडमी के छात्र अली हुसैन को प्रदेश स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक मिलने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।अली हुसैन ने कानपुर स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक वर्ग अंडर-66 केजी में स्वर्ण पदक हासिल कर नेशनल जूडो प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। तहसील क्षेत्र के सुल्तानगढ़ निवासी अजादार हुसैन के पुत्र अली हुसैन के नेशनल जूडो प्रतियोगिता में चयनित होने पर रेडियंट चिल्ड्रेन एकेडमी के निदेशक गौरव यादव, प्रधानाचार्य अखिलेश शुक्ला, ख्वाजा शिफाअत हुसैन, इकबाल हैदर उर्फ सब्बन,मौलाना नूरुल हसन, मोहम्मद फैसल, मेंहदी अख्तर, नईम अख्तर, सय्यद मसूद अख्तर, इब्ने अली जाफरी, कोच अमित शुक्ला, टीएमटी के अहसन रज़ा मीसम,मीसम जैदी, सज्जाद हुसैन आदि ने बधाई दी है।

## विद्यालय में हुआ मेगा अपार दिवस का आयोजन



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भियांव विकास खण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय नत्थूपुर खुर्द में बुधवार को मेगा अपार दिवस का आयोजन किया गया। शिक्षा क्षेत्र में बड़े सुधार की ओर कदम बढ़ाते हुए सरकार ने एक देश, एक छात्र आईडी कार्यक्रम के तहत ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री की शुरुआत की है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने के उद्देश्य से की गई है। APAAR ID एक स्थायी डिजिटल पहचान है, जो छात्रों के शैक्षणिक दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से डिजिटली स्टोर और प्रबंधित करेगी। यह 12 अंकों का एक यूनिक नंबर होगा,जिससे छात्रों को अपने सभी दस्तावेज जैसे मार्कशीट, सर्टिफिकेट और डिग्री एक क्लिक पर उपलब्ध होंगे।दस्तावेज खोने की चिंता समाप्त होगी।छात्रों के सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिलॉकर के माध्यम से हमेशा उपलब्ध रहेंगे।अपार आईडी आधार से लिंक होगी। यह आईडी उच्च शिक्षा में भी काम आएगी। बोर्ड परीक्षा, जे ई ई, नीट, सी यू ई टी सहित अन्य राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं के आवेदन पत्र में छात्र को यही आईडी अपलोड करनी होगी। अपार दिवस कैंप में उपस्थित अभिभावकों से सहमति पत्र भरवाए गए एवं अभिभावकों को जलपान कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सीमा मौर्या, सहायक अध्यापक जफर अब्बास, सपना कुमारी, शिक्षामित्र प्रियंका मौर्या, प्रतिमा सिंह,रामवती देवी,आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनीता देवी, बृजबाला, विमला, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार,रामप्रीत,नर्मदा देवी, गीता देवी, रामचंद्र गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## टांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महीनो से ठप पड़ी है अल्ट्रासॉउन्ड की व्यवस्था, विभाग मौन



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कहने को तो टांडा बुनकर नगरी मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी व्यवस्थाओं से विभाग के लोग मानते है सभी व्यवस्था है सही बात तो यह है कि लगभग चार माह से अधिक समय से लाखों की क़ीमत से शासन द्वारा सीएचसी को मुहैया करायी गयी नयी अल्ट्रासॉउन्ड मशीन एक कमरे की मात्र शोभा बढ़ा रही है जबकि सूत्रों की माने तो वहाँ रखी मशीन को लगवाने मे केंद्र पर तैनात अधीक्षक तनिक भी रूचि नहीं ले रहे है जबकि ऐसे मे प्रतिदिन तमाम रोगियों को केंद्र पर आने के बाद मात्र मायूसी ही हाथ लगती है ऐसे मे क्षेत्र के गरीब निरीह परिवार के लोगों को प्राइवेट डायगोनोस्टिक सेंटर का सहारा लेना पड़ता है जहाँ उनको इस महंगाई के दौर मे पांच से छा सौ रूपये का भार झेलना पड़ता है मगर केंद्र अधीक्षक पर ग़रीबो की आवश्यकताये तनिक भी नहीं दिखायी पड़ती इस बाबत जब केंद्र पर तैनात अधीक्षक डॉ दिनेश वर्मा से वार्ता की तो उन्होंने बताया कि जिसको अल्ट्रासॉउन्ड करना है उसकी ट्रेनिंग चल रही है जब ट्रेनिंग समाप्त हो जायेगी तब ही आमजन को इसका लाभ मिल पायेगा जबकि प्रत्येक माह मे हाई रिस्क प्रिगनेनसी के तहत केंद्र पर पंजीकृत गर्भवती महिला का अल्ट्रासॉउन्ड प्राइवेट मे भेज कर करवाया जाता है। बहरहाल उक्त धूल खा रही कमरे मे रखी नयी अल्ट्रासॉउन्ड मशीन का लाभ कबतक आमजन को मिलेगा जिसकी कोई समय सीमा तो नहीं दिखाई दे रही है।

## रावण संहिता के ज्योतिषाचार्य के भविष्यवाणी में दिल्ली में बनेगी भाजपा की सरकार



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** रावण संहिता ज्योतिष केंद्र कुशीनगर जिले के गुरवलिया बाजार में मां पीतांबरा शक्तिपीठ व तंत्र मंत्र शोध संस्थान के संचालक पंडित आशीष पाठक जो रावण संहित ज्योतिष के तहत समय-समय पर भविष्यवाणी करते रहते है और उनकी बाते सदैव सत्य होती है। इसी क्रम में उहोने भारत की राजधानी दिल्ली पर ही भविष्य वाणी कर दी और कहा कि फरवरी 2025 में दिल्ली विधान सभा में भाजपा सबसे बड़ी व शक्तिशली पार्टी बनेगी। वही आम आदमी पार्टी का बड़ा नुकसान होगा। जो इनके ही राजनीतिक शत्रु नुकसान करेगे। लोकप्रिय नेता अरविंद केजरीवाल के पक्ष में परिणाम नही रहेगा। भाजपा अपने बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। जिसमे भाजपा 32+ से आधिक सीटो पर आगे रहेगा वही आम आदमी पार्टी 25+ व काग्रेंस 8+ पर ही संतोष करना पडेगा। आशीष पाठक ने इसके पूर्व बंगाल राज्य पर भविष्यवाणी किए थे जो सत्य पाया गया।

# श्रीमद्भगवद्गीता संसार को आत्मज्ञान, निष्काम कर्म और धर्म की सीख देता है : प्रधानाचार्य

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों में मानवता और निःस्वार्थ भावना के साथ सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा का हर मर्म समाहित है। श्रीमद्भगवद्गीता वह अमूल्य धरोहर है, जिसने संसार को आत्मज्ञान, निष्काम कर्म और धर्म की सीख देता है। उक्त बातें प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कही। वह बुधवार को रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में गीता जयंती के अवसर पर छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कुरुक्षेत्र में अर्जुन को दिए गए भगवान श्री कृष्ण के उपदेश आज भी हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन तथा सत्य एवं मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। गीता का ज्ञान मनुष्य जीवन के मंगल और कल्याण का आधार है। भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का यह महान ग्रंथ अनंत काल तक मानवता का पथ प्रदर्शित करता रहेगा। वर्तमान समाज विशेषकर युवाओं के लिए गीता प्रेरणा का चिर स्रोत है। इसमें निहित ज्ञान हमें अपने जीवन के उद्देश्य को पहचानने और अपने भीतर की असीम शक्तियों को जागृत करने की प्रेरणा देता है। गीता हमें सिखाती है कि परिस्थिति कैसी भी हो, सत्य और कर्तव्य का मार्ग ही सर्वोत्तम है। गीता की शिक्षाएँ हमें कर्म, धर्म, और आत्मसंयम का महत्व समझाती हैं। उन्होंने अर्जुन और श्रीकृष्ण के संवाद का उल्लेख करते हुए बताया कि गीता का संदेश न केवल छात्रों बल्कि सभी के लिए प्रासंगिक है। छात्रों से आग्रह किया कि वे गीता के ज्ञान को अपने जीवन में आत्मसात करें और इसे अपने जीवन के हर क्षेत्र में लागू करें। यह न केवल प्रेरणादायक है बल्कि जीवन में नैतिक मूल्यों और कर्तव्य परायणता को अपनाने की प्रेरणा भी देता है। उक्त अवसर पर आचार्य बन्धुओं समेत छात्र व छात्राओं की उपस्थिति रही।

## बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में मंगलवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने वार्षिक ऋण योजना की प्रगति प्रधानमंत्री जन धन योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंशन योजना फसल ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड मत्स्य पालन तथा पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड प्रधानमंत्री मुद्रा योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ओडीओपी योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएम स्वनिधि योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए।

## डॉक्टर बलवंत सिंह को अनागत मार्तण्ड व श्वेता शुक्ला को मिला अनागत चंद्रिका सम्मान



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान त्रिवेणी नगर तृतीय लखनऊ अनागत काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संपत्ति कुमार बैसवारी ने की । मुख्य अतिथि श्रीमती सुरभि सिंह, विशिष्ट अतिथि सुनील अवस्थी एवं पवन कौशाम्बवी रहे। समारोह का शुभारंभ श्वेता शुक्ला की वाणी वन्दना व प्रवीण पाण्डेय आवारा के कुशल संचालन से हुआ। इस अवसर पर डॉक्टर बलवंत सिंह को अनागत मार्तंड, श्रीमती श्वेता शुक्ला को अनागत कविता चंद्रिका सम्मान दिया गया। समारोह में डॉक्टर अजय प्रसून, प्रवीण पांडेय आवारा, राम राज भारती, संपत्ति कुमार बैसवारी, श्रीमती सुरभि सिंह, श्वेता शुक्ला, सुशील अवस्थी, पवन कौशाम्बी, डॉक्टर बलवंत सिंह, डाक्टर गुर्जर लखनवी, उमा लखनवी, श्रीमती स्वाति पांडेय प्रीत, डॉक्टर मनमोहन बाराकोटी, नमिता सिंह नमी ने अनागत कविताओं, गीत, गजल, मुक्तक, छंदों के काव्य पाठ ने सबका मन मोह लिया। अंत में संस्था के उपाध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय द्वारा धन्यवाद किया गया।

# उपनिदेशक ने विभिन्न गौवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** प्रदेश स्तरीय विशेष निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान के क्रम में शासन द्वारा जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी डॉक्टर अश्वनी कुमार सिंह उपनिदेशक गायनी द्वारा बुधवार को जनपद के विभिन्न गोवंश आश्रय स्थल जिसमें हाटा, कसया, कप्तानगंज व रामकोला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में पाई गई कमियों को दूर करते हुए निराकरण के निर्देश दिया। उन्होंने गौशालाओं में साफ सफाई, चारे, पानी, पशु आहार, हरे चारे एवं खली की व्यवस्था करने के निर्देश दिए तथा ठंड से बचाव हेतु गौशाला को तिरपाल एवं काऊ कोट व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान 7 से 14 दिसम्बर तक चलेगा। भ्रमण के दौरान डॉ राजीव कुमार उप मुख्य चिकित्साधिकारी हटा एवं पशु चिकित्सा अधिकारी मोतीचक डॉक्टर विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

# जलालपुर तहसील का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जन सामान्य की समस्याओं एवं राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिए जाने के क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह तहसील जलालपुर के विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया तथा उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को राजस्व वादों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील जलालपुर के विभिन्न पटलों पर लंबित राजस्व वादों के निस्तारण के स्थिति का अवलोकन किया। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के न्यायालयों पर 3 वर्षो से अधिक समय से लंबित वादों को अभियान रूप में तीव्र गति से नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वादकारियों के वादों का त्वरित एवं सुगम निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर वादकारियों की समस्याओं अर्थात वादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों से भी वार्ता की गई जिस पर संगठन द्वारा पूर्ण सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए शासन की मंशानुसार त्वरित निस्तारण करते हुए उन्हें लाभान्वित करें। सभी अधिकारी/कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर जनहित कार्यों को निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि जनहितार्थ के कार्यों में किसी भी दशा में शिथिलता न बरतें, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने वरासत/ नामांतरण, बटवारा, सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण एवं पैमाइश आदि से जुड़े मामलों को नियमानुसार तय समय सीमा के भीतर निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस, जनता दर्शन पंजिका में अंकित प्रकरणों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया तथा उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को शिकायतकर्ताओं से स्वयं भी फोन से फीडबैक लेने तथा रैंडम भौतिक निरीक्षण करके निस्तारण की गुणवत्ता को देखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त कार्मिकों को अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करने तथा समस्त पत्रावलियों का रखरखाव बेहतर ढंग से करने के साथ ही संपूर्ण परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी को समय-समय पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालय पर लंबित राजस्व वादों के निस्तारण के स्थिति की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को माह के कम से कम 15 दिन कोर्ट का संचालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा रामबली, उर्दू अनुवादक/रीडर उप जिलाधिकारी (न्यायिक) जलालपुर का स्थानांतरण तहसील भीटी में कर दिया गया।

# सुशील अध्यक्ष व रामराज कुशवाहा महामंत्री चुने गए

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रादेशिक विकास सेवा संगठन उ.प्र. जनपद ईकाई कुशीनगर की एक आवश्यक बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा किया गया तथा उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सुशील कुमार सिंह को अध्यक्ष, श्रीमती उषा पाल उपाध्यक्ष,

**प्रादेशिक विकास सेवा संगठन जनपद इकाई कुशीनगर की बैठक संपन्न**

रामराज कुशवाहा महामंत्री, कोषाध्यक्ष रवि रंजन को चुना गया। साथ ही मार्गदर्शक, संरक्षक मंडल में आर पी. मिश्र, जगदीश त्रिपाठी, राकेश, श्रीमती कल्पना मिश्रा को रखा गया है।



संगठन की बैठक में उपस्थित समस्त बीडीओ व अन्य

विकास भवन के सभागार में प्रादेशिक विकास सेवा संगठन उप्र जनपद इकाई कुशीनगर की बैठक आहूत की गई थी जिसमें कार्यकारिणी के गठन के पश्चात भारत तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा किया गया। विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य के सापेक्ष गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यक्रम के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने पर सहमति बनी। जिससे उसका निदान हो सके। हालांकि खंड विकास अधिकारी समन्वयक अधिकारी की भूमिका निभाते है। इसलिए अपेक्षित, प्रगति हेतु विभिन्न विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने हेतु सहमति बनी। बैठक में आर.पी. मिश्र उपायुक्त रोजगार, जगदीश त्रिपाठी परियोजना निदेशक, डी.आर.डी.ए. राकेश, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, सुशील कुमार अग्रहरि, बीडीओ पडरौना प्रवीण कुमार शुक्ला, बीडीओ कप्तानगंज सुशील कुमार सिंह, बी.डी.ओ. विशुनपुरा श्रीमती उषा पाल, बीडीओ सुकरौली रवि रंजन, बी.डीओ. फाजिलनगर व कसया, विनीत यादव, बी.डी.ओ. खड्डा रामराज कुशवाहा, बी.डी.ओ. दुदही, अनिल राय, बी.डी.ओ. मोतीचक रामानन्द वर्मा, बी.डी.ओ. राम खेलावन, बीडीओ. नेबुआ नौरंगिया कमलेश सिंह बी.डी.ओ. हाटा फूलचंद सरोज, बी.डी.ओ. सेवरही उपस्थित रहे।

## भारतीय भाषा उत्सव जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन



**संभल अवधनामा संवाददाता।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिरसी जनपद संभल में भारतीय भाषा उत्सव जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों ने हिस्सा लिया। मूल्यांकन समिति में एमजीएम डिग्री कॉलेज की श्रीमती अनुभा मिश्रा, राजकीय इंटर कॉलेज तखतपुर गोसाई के श्री फारूक आज़मी, हिंद इंटर कॉलेज संभल के श्री उमेश नारायण शर्मा, शामिल थे। प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज सिरसी प्रथम, जे एल एम इंटर कॉलेज सिरसी द्वितीय, राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन तृतीय, हिंदी इंटर कॉलेज संभल चतुर्थ तथा ब्लूमिंग बड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंचम स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी कुमारी चंचल शर्मा द्वारा किया गया। तराना परवीन, हिना कौसर, कुमारी सबा तबस्सुम, फिरोज, कुमारी शबनम, कुमारी पिंकी तथा भूकन ने इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

## पागल कुत्ते ने दर्जन भर लोगों को बनाया शिकार

**स्योहारा अवधनामा संवाददाता।** शहर के कई स्थानों पर उस समय चीख पुकार और अफरा तफरी मच गई जब एक पागल कुत्ते ने कई लोगों को अपना शिकार बनाते हुए उन्हें काटकर जख्मी कर दिया। प्राप्त सूत्रों के मुताबिक इशरत (40) पत्नी माजिद निवासी विराम पुर. जुबेदा पत्नी (50) पत्ती नजाकत निवासी मोहल्ला शेखान आर्यन (19) पुत्र इस्तखार, आलम (30) पुत्र नसीम मंसूर, आदिल (20) पुत्र फुरकान, शराफत (50) पुत्र हुसैन, जरीना 60 पत्नी सरफराज़, रीता (18) पुत्र खूब सिंह, उपासना 37 पुत्री राम कुमार आदि को सफेद पागल कुत्ते ने काटा है जिन्होंने सी एच सी जाकर अपना इलाज कराते हुए पागल कुत्ते को नगरपालिका से पकड़ने की मांग की।

## टीम इंडिया का 'आत्मसमर्पण'

खेल में हार-जीत खेल का अंतरंग हिस्सा है। क्रिकेट की टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों की शर्मनाक पराजय दी थी, लेकिन अब एडिलेड टेस्ट में टीम इंडिया को 10 विकेट की करारी हार झेलनी पड़ी। दरअसल ये पराजय नहीं, टीम का आत्मसमर्पण है और ऐसा खेल चिंतित करता है। टीम इंडिया ने टेस्ट चैंपियनशिप के खिताब भी जीते हैं और पिछले दो मुकाबलों में वह उप-विजेता रही है। टीम इंडिया टी-20 और एकदिनी क्रिकेट में भी विश्व चैंपियन रही है। ये संतुष्टि की दलीलें नहीं हैं। दरअसल यह टीम इंडिया का संक्रमण-काल है। बेशक विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भी महान बल्लेबाज रहे हैं। कोहली 9000 से अधिक रन बना चुके हैं, लेकिन अब रिकॉर्ड से आंखें मूंदनी चाहिए और खेल की हकीकत को समझना चाहिए। खेल के लिहाज से विराट और रोहित 'उम्रदराज' हो चुके हैं। कभी गावस्कर से लेकर सचिन तेंदुलकर तक बल्लेबाज धीमे और धूमिल हुए हैं, लेकिन बल्लेबाजों की पीढियां आती रही हैं। यदि हमें शर्मनाक हार के दंश झेलने ही हैं, तो नए खिलाडियों को मौका दिया जाना चाहिए। एडिलेड की पराजय आत्मसमर्पण जैसी रही है, क्योंकि तीसरे दिन ही टेस्ट मैच समाप्त हो गया। टीम इंडिया ने दोनों पारियों में ऑलआउट होते हुए कुल 486 गेंदें ही खेली। यह सबसे कम बल्लेबाजी का चौथा उदाहरण है। टीम इंडिया टेस्ट मैच में 19वीं बार 10 विकेट से हारी है। विराट ने कुल 18 रन ही बनाए और कप्तान रोहित शर्मा ने मात्र 9 रन बनाकर ही अपना दायित्व निभा दिया! रोहित एक लंबे समय से शतकीय बल्लेबाजी नहीं कर पाए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इन दोनों खिलाडियों का सालाना अनुबंध 7 करोड़ रुपए से अधिक तय कर रखा है।

के. एल. राहुल का अनुबंध भी 5 करोड़ रुपए का है। ये एक किस्म के वेतन हैं और 'विराट' खिलाड़ी होने के कारण बाजार उन्हें करोड़ों रुपए के विज्ञापनों का चेहरा भी बनाता है। इतना पैसा भारत के किसी भी खिलाड़ी के हिस्से में नहीं है, लिहाजा बल्लेबाजों को अपनी राष्ट्रीय भूमिका भी समझनी चाहिए। बेशक इन खिलाडियों की बल्लेबाजी बेजोड़ रही है, लेकिन देश यह अपेक्षा नहीं करता कि 'विराट' बल्लेबाज शून्य पर अथवा 5-7 रन बनाकर ही पैवेलियन लौटते रहें। नए बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बहुत अच्छे और ठोस खिलाड़ी हैं, लेकिन उनका खेल बेहद 'अनिश्चित' है। टीम इंडिया के कथित विख्यात बल्लेबाज दोनों पारियों में 200 रन भी पार नहीं कर सके। पांच बल्लेबाज 50 रन के भीतर ही लुढ़क गए। एक भी बल्लेबाज ने अर्द्धशतक की पारी नहीं खेली। गेंदबाजों में सिर्फ बुमराह ही असरदार रहे और उन्होंने विकेट भी झटके। अश्विन 500 से अधिक टेस्ट विकेट ले चुके हैं, लेकिन विदेशी पिच पर वह बेजान, बेअसर ही रहे। सिराज ने हैड को शतक बनाने के बाद बोल्ड किया, लेकिन वह भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को बांध नहीं सके। एडिलेड की हार से टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पहले स्थान से तीसरे स्थान पर लुढ़क आई है। उस पर फाइनल खेलने का खतरा मंडरा रहा है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि 'गुलाबी गेंद' में स्विंग ज्यादा और देर तक बरकरार रहती है। आईपीएल और सीमित ओवर खेल की बहुतायत ने हमारे कथित महान बल्लेबाजों का धैर्य, गेंद छोडने की कला और बैकफुट खेल को प्रभावित किया है। 'गुलाबी गेंद' पर पॉलीयुरेथेन की चिकनी परत चढ़ाई जाती है, लिहाजा टप्पा खाकर गेंद स्किड होती है और स्विंग-स्किड के मिश्रण ने भारतीय बल्लेबाजों का खेल तबाह कर दिया है।

## सोरोस बट्टे हैं, तो क्वात्रोची चट्टे थे पार्टी के!


के. विक्रम राव

पूर्वी यूरोप का एक यहूदी जो कभी बुडापेस्ट में रेलवे कुली और होटल बियरर था अब खरबपति दलाल बनकर नरेंद्र मोदी की सरकार उखाड़ने में ओवरटाइम कर रहा है। नाम है जॉर्ज सोरोस। यह अमेरिकी सटोरिया आज बड़ा सफल स्टॉक निवेशक, व्यापारी और राजनेता बन बैठा है। उसकी मदद के लाभार्थी हैं राहुल गांधी और कुछ कांग्रेसी सांसद। पिछले विश्व युद्ध के दौरान इस बिचौलिए, सूद पर राशि देने वाले धनपशु ने मोदी को लोकतंत्र का शत्रु करार दिया है। बुडापेस्ट (हंगरी) में जन्मे, एस्पेरांटिस्ट लेखक तिवाडर सोरोस के जॉर्ज पुत्र हैं। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान वे युद्धबंदी थे। आखिरकार रूस से भाग कर बुडापेस्ट में अपने परिवार के पास आ ही गए। फासीवाद के 1936 में उदय के साथ यहूदी-विरोधी माहौल हो जाने के कारण परिवार ने यहूदी नाम बदल कर श्वार्ट्ज़ से सोरोस कर लिया। सोरोस का अर्थ पंक्ति में अगला, या नामित उत्तराधिकारी है। एस्पेरांतो में इसका अर्थ ऊंची उड़ान है।

एक अजीब संयोग है। सोनिया के पिता स्टीफनो माइनो ने द्वितीय विश्व युद्ध में इटली के फाशिष्ट नेता बेनिटो मुसोलिनी के सैनिक बनकर हिटलर की नाजी सेना के साथ मास्को में सोवियत सेना से युद्ध किया था। युद्धबंदी बनाए गए थे। जर्मनी की पराजय होने पर वे रिहा हुए थे। दलाल जॉर्ज सोरोस जिसका कंधा थामे राहुल गांधी मोदी पर जेहाद छेड़े हुये हैं, अब सोनिया-कांग्रेस के अथक समर्थक हैं। सोरोस की एक संस्था है फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पेसिफिक जिससे सोनिया गांधी का सामीप्य है। यह संस्था कश्मीर को एक स्वतंत्र राष्ट्र मानती है। हालांकि अमेरिका ने इन भाजपायी आरोपों को खारिज कर दिया था। मगर तथ्य यही है कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित संगठन और वॉशिंगटन की सरकारी संस्थाओं से जुड़े सारे तत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गौतम अदाणी पर हमलों से भारत को अस्थिर करने के प्रयास कर रहे हैं। ओसीसीआरपी एक मीडिया प्लेटफार्म है जिसका मुख्यालय एम्स्टर्डम में है। ओसीसीआरपी मुख्य रूप से अपराध और भ्रष्टाचार से संबंधित खबरों को कवर करता है। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा में एक प्रमुख भागीदार का नाम था सलिल शेट्टी। यह कन्नड़-भाषी एक स्वयंसेवी संगठन का शीर्ष पदाधिकारी है। नाम है एमनेस्टी इंटर्नेशनल जो कश्मीर में पाकिस्तान-समर्थक राग अलापता रहता है। इसे शत्रु देशों से बहुत मदद मिलती रहती है। इसके दाताओं में एक विशेष नाम है जॉर्ज सोरोस। इसी व्यक्ति ने गत माह कहा था नरेंद्र मोदी का पतन कराया जाएगा। भारत का लोकतांत्रिकरण होगा। यूं भी जॉर्ज सोरोस का नाम रौशन हो चुका है बैंक ऑफ इंग्लैंड को 1992 में दिवालिया बनवा कर। नतीजे में उसने एक अरब पाउंड का मुनाफा भी कमा लिया था। तो समझ में आ जाएगा कि भारत जोड़ों के यात्री का इस मोदी सरकार तोड़ो के शिल्पी से क्या रिश्ता है ?

सोरोस के संदर्भ में ही एक इतालवी दलाल का नाम याद आता है : ओत्तावी क्वात्रोची। उसके मार्फत राजीव गांधी ने बोफोर्स तोप के स्वीडन की हथियार कंपनी बोफोर्स से 1987 में भारतीय सेना के लिए तोपे खरीदे थे। अंजाम में राजीव गांधी आम चुनाव हार गए। सरकार 1989 में पलट गई। विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधानमंत्री बन गए। उसी दौर में विश्वनाथ प्रतापजी ने मुझे बताया था राजीवजी कहते हैं कि विदेशी मदद हमारी सरकार को मिल रही है। राजीवजी तो सुबह का नाश्ता ही विदेशी हाथों से पाते हैं। संदर्भ राहुल की माताश्री से था। आज उसी इतालवी महिला राजनेत्री, जो दोहरी नागरिकता (इतालवी और भारतीय) पाए हैं, का सोरोस से सामीप्य दिखता है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,


**हरियाणा में कई कर्मचारी केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सेवानिवृत्ति आयु (60 वर्ष) को अपनाने की मांग कर रहे हैं। राज्य में अभी भी यह 58 वर्ष है, जिससे कर्मचारियों को दो साल पहले ही सेवा से निवृत्त होना पड़ता है। इसके अलावा, एचआरए के मामले में भी हरियाणा सरकार केंद्र के बराबर लाभ नहीं देती, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। डबल इंजन सरकार का मूल उद्देश्य है विकास कार्यों को बिना किसी बाधा के तेजी से आगे बढ़ाना। लेकिन, अगर रुकावटें आज भी बरकरार हैं, तो यह स्पष्ट करना होगा कि उनकी जिम्मेदारी किसकी है।**

## केंद्र की नीतियों का कर्मचारी हित में अनुकरण करे हरियाणा सरकार

बलदेव राज भारतीय

हरियाणा में भाजपा अपनी तीसरी पारी खेल रही है। यह तीसरी पारी डबल इंजन सरकार के फायदे गिनाकर हासिल की गई है। केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होने का यह तीसरा कार्यकाल है। इस डबल इंजन की अवधारणा के पीछे यह विचार है कि जब केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होती है, तो विकास कार्यों में तेज़ी आती है, और बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ता। दूसरे, केंद्र द्वारा उठाए गए कदमों को राज्य सरकार भी हूबहू उठा लेती है और उसमें किसी प्रकार के बदलाव की आशंका नहीं रहती। हालांकि, सवाल यह उठता है कि जो फैसले केंद्र सरकार ले लेती है और राज्य सरकार उनको लेने में अभी भी हिचकिचा रही है तो फिर उस डबल इंजन का फायदा क्या? अगर विकास कार्यों में अभी भी रुकावटें आ रही हैं, तो फिर इस डबल इंजन का फायदा क्या है?

2014 में भाजपा ने हरियाणा में अपनी सरकार बनाई थी, और उसी समय से केंद्र में भी भाजपा सत्ता में है। इस डबल इंजन सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य और केंद्र के बीच तालमेल बढ़ाकर हरियाणा को विकास के नए आयाम तक पहुंचाना था। सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिए जो केंद्र की नीतियों के साथ सामंजस्य में थे। उदाहरण के लिए, केंद्र सरकार ने सातवां वेतन आयोग लागू किया तो हरियाणा सरकार ने भी तुरंत प्रभाव से इसे अपने कर्मचारियों के लिए लागू किया। केंद्र द्वारा डीए (महंगाई भत्ता) बढ़ाने की घोषणा के तुरंत बाद हरियाणा सरकार भी ऐसा ही करती आई है। यह त्वरित निर्णय लेने की क्षमता डबल इंजन सरकार की एक बड़ी ताकत के रूप में प्रस्तुत की जाती है। लेकिन यह ताकत तभी सार्थक है जब हर क्षेत्र में समन्वय और समानता दिखे।

डबल इंजन सरकार के इस उजले पहलू के बावजूद, कई ऐसे मामले हैं जहां हरियाणा की सरकार केंद्र की नीतियों का अनुसरण नहीं करती। इनमें सेवानिवृत्ति की आयु और एचआरए (हाउस रेंट अलाउंस) जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। केंद्र सरकार ने कई मामलों में न केवल कर्मचारियों के हित में निर्णय लिए हैं, बल्कि उनके कार्यकाल और लाभों में भी सुधार किया है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर होती है। जबकि हरियाणा में यह सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष है। क्या हरियाणा के लोगों की औसत जीवन प्रत्याशा केंद्र के लोगों से कम है? इसी तरह महंगाई भत्ते के 25 प्रतिशत पर पहुंच जाने पर एचआरए (हाउस रेंट अलाउंस) को 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत करना था। जो नहीं किया गया। वैसे ही जब महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत हो जाए तो एचआरए बढ़ाकर 10 प्रतिशत हो जाना चाहिए था जो केंद्र सरकार ने तो कर दिया परन्तु राज्य सरकार ने अभी तक इसे नहीं बढ़ाया। हरियाणा सरकार



इन मुद्दों पर केंद्र के निर्णयों से अलग रुख अपनाती रही है।

इस विरोधाभास से राज्य के सरकारी कर्मचारियों के बीच असंतोष पैदा हुआ है। वे यह सवाल उठाते हैं कि जब राज्य सरकार अन्य मामलों में केंद्र की नीतियों का अनुकरण करती है, तो फिर इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर क्यों नहीं? यह स्थिति सरकार की नीतियों की दिशा और डबल इंजन की कार्यक्षमता पर सवाल खड़े करती है। सरकारी कर्मचारी किसी भी राज्य की रीढ़ होते हैं। उनकी समस्याओं और उम्मीदों को नजरअंदाज करना सरकार के लिए जोखिम भरा हो सकता है। सेवानिवृत्ति की आयु में संशोधन का मुद्दा हो या एचआरए के प्रावधान, यह सभी विषय कर्मचारियों के लिए अत्यधिक संवेदनशील हैं।

हरियाणा में कई कर्मचारी केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सेवानिवृत्ति आयु (60 वर्ष) को अपनाने की मांग कर रहे हैं। राज्य में अभी भी यह 58 वर्ष है, जिससे कर्मचारियों को दो साल पहले ही सेवा से निवृत्त होना पड़ता है। इसके अलावा, एचआरए के मामले में भी हरियाणा सरकार केंद्र के बराबर लाभ नहीं देती, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। डबल इंजन सरकार का मूल उद्देश्य है विकास कार्यों को बिना किसी बाधा के तेजी से आगे बढ़ाना। लेकिन, अगर रुकावटें आज भी बरकरार हैं, तो यह स्पष्ट करना होगा कि उनकी जिम्मेदारी किसकी है। क्या यह केंद्र सरकार की नीतियों के सही क्रियान्वयन की कमी है या राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में खामियां हैं? हरियाणा में औद्योगिक विकास, शहरी बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दर धीमी रही है। इन मुद्दों को डबल इंजन सरकार के समर्थकों और आलोचकों दोनों ने बार-बार उठाया है। अगर राज्य सरकार इन समस्याओं को सुलझाने में असमर्थ रहती है, तो यह उसकी क्षमता पर सवाल खड़े करता है।

डबल इंजन सरकार के कई लाभ हैं, लेकिन इसकी कुछ सीमाएँ भी स्पष्ट रूप से दिखती हैं। यह सही है कि केंद्र और राज्य के बीच तालमेल होने से निर्णय प्रक्रिया में तेजी आती है और समन्वय बेहतर होता है। लेकिन यह तभी सफल हो सकता है जब राज्य सरकार न केवल केंद्र की नीतियों का अनुसरण करे, बल्कि राज्य की जरूरतों और प्राथमिकताओं को भी ध्यान में रखे। अगर हरियाणा सरकार केंद्र सरकार की नीति का केवल चयनात्मक अनुकरण करती है, तो यह डबल इंजन सरकार की धारणा को कमजोर करता है। राज्य सरकार को अपने कर्मचारियों और नागरिकों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए समानता और न्याय की नीति अपनानी होगी। हरियाणा की जनता ने भाजपा को तीसरी बार मौका दिया है। यह इस बात का प्रमाण है कि लोगों ने सरकार पर अपना भरोसा बनाए रखा है। लेकिन यह भरोसा तभी कायम रह सकता है जब सरकार अपने वादों को पूरा करे और जनता की उम्मीदों पर खरी उतरे।

सरकार को यह समझना होगा कि डबल इंजन सरकार का अर्थ केवल नीतियों का अनुकरण करना नहीं है, बल्कि हरियाणा के विशेष मुद्दों का समाधान निकालना भी है। सेवानिवृत्ति की आयु और एचआरए जैसे मामलों में केंद्र के समान निर्णय लेकर सरकार न केवल कर्मचारियों का विश्वास जीत सकती है, बल्कि अपनी नीतिगत स्थिरता का भी परिचय दे सकती है। डबल इंजन सरकार का सिद्धांत तब ही सफल हो सकता है जब राज्य और केंद्र के बीच तालमेल हर क्षेत्र में दिखे। हरियाणा सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नीतियों में समानता और विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। अगर सरकार इस दिशा में सार्थक प्रयास करती है, तो हरियाणा न केवल एक विकसित राज्य बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## राजनीति में अब नई इबारत लिखेंगी प्रियंका गांधी

**`रल के लोग भाजपा को वोट क्यों नहीं देते इसपर कांग्रेस या विपक्ष क्या कहता है उससे ज़्यादा अहमियत इस बात की है कि स्वयं भाजपा इस बारे में क्या सोचती है। इस विषय पर जब मार्च 2021 में केरल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केरल भाजपा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता राजागोपाल से पूछा गया कि बीजेपी केरल में अपनी राजनीतिक ज़मीन क्यों नहीं तैयार कर पाती। इस प्रश्न के उत्तर में राजगोपल ने कहा, केरल अलग तरह का प्रदेश है। दो-तीन प्रमुख कारण हैं। एक तो यह कि केरल की साक्षरता दर 90 प्रतिशत है।**


निर्मल रानी

देश में पिछले दिनों जहाँ महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये वहीं विभिन्न राज्यों की कई सीटों पर विधानसभा व लोकसभा उपचुनाव भी कराये गये। इन्हीं में एक केरल की वायनाड संसदीय सीट भी थी जिस पर 2024 के आम चुनावों में राहुल गाँधी रायबरेली के साथ साथ वायनाड से भी विजयी हुये थे। बाद में राहुल को वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सीट अपने पास रखनी पड़ी। राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहाँ राहुल गाँधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का गोदी मीडिया केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था।

ग़ौर तलब है कि अपने व्यक्तित्व में अपनी दादी इंदिरा गांधी के दर्शन का एहसास कराने वाली प्रियंका गांधी को पहली बार इतने भारी मतों से उस केरल राज्य के लोगों ने चुना है जोकि देश का सबसे शिक्षित राज्य है। और भरतीय जनता पार्टी तमाम प्रयासों के बावजूद यहाँ अपनी दाल गला नहीं पाती। केरल के लोग भाजपा को वोट क्यों नहीं देते इसपर कांग्रेस या विपक्ष क्या कहता है उससे ज़्यादा अहमियत इस बात की है कि स्वयं भाजपा इस बारे में क्या सोचती है। इस विषय पर जब मार्च 2021 में केरल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केरल भाजपा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता राजागोपाल से पूछा गया कि बीजेपी केरल में अपनी राजनीतिक ज़मीन क्यों नहीं तैयार कर पाती। इस प्रश्न के उत्तर में राजगोपल ने कहा, केरल अलग तरह का प्रदेश है। दो-तीन प्रमुख कारण हैं। एक तो यह कि केरल की साक्षरता दर 90 प्रतिशत है। यहां के लोग सोचते हैं, तार्किक हैं। ये शिक्षित लोगों की आदतें हैं। दूसरी बात यह कि केरल में 55 प्रतिशत हिंदू हैं और 45 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। हर कैलकुलेशन में ये चीज़ आती है। ऐसे में केरल की तुलना किसी और राज्य से नहीं की जा सकती है। केरल भाजपा नेता राजागोपाल द्वारा पेश की गयी इसी थ्योरी को यदि उलट दिया जाये तो समझा जा सकता है कि भाजपा जिन राज्यों में अपना जनाधार बढ़ा रही है उसकी दरअसल वजह क्या है।

बहरहाल केरल की शिक्षित जनता ने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गाँधी - नेहरू परिवार की बेटी को वायनाड से रिकार्ड विजयश्री दिलवाकर अपना मंतव्य स्पष्ट कर



दिया कि देश की शिक्षित व तर्कपूर्ण जनता को गाँधी - नेहरू परिवार की इस बेटी से काफ़ी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। निश्चित रूप से प्रियंका गाँधी ने न केवल दादी इंदिरा गाँधी व पिता राजीव गाँधी के साथ लंबे समय तक प्रधानमंत्री निवास में रहकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गुण सीखे हैं बल्कि पिता राजीव मां सोनिया व भाई राहुल गाँधी के चुनावों में अहम भूमिका निभाकर चुनावी राजनीति में भी पूरी महारत हासिल की है। राहुल गाँधी ने यूँही नहीं कहा था कि यदि प्रियंका 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से नरेंद्र मोदी के विरुद्ध चुनाव लड़तीं तो निश्चित रूप से वे मोदी को पराजित कर देतीं। क्योंकि 2019 में जिस वाराणसी में नरेंद्र मोदी ने 4 लाख 79 हज़ार वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी वह अंतर इस बार घटकर 1 लाख 52 हज़ार रह गया है। यहाँ मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले अजय राय को 4 लाख 60 हज़ार वोट मिले थे। इस लिहाज़ से वाराणसी से मोदी के विरुद्ध प्रियंका की उम्मीदवारी देश की राजनीति की एक नई पटकथा लिख सकती थी।

अपनी जीत के बाद पहली बार प्रियंका गांधी ने जिन शब्दों में मतदाताओं का आभार व्यक्त किया वह भी क़ाबिल- ए - तारीफ़ थे। उन्होंने कहा कि 'आपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आपको वास्तव में यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस शख्स को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है वह आपकी उम्मीदों और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज़ बनने के लिए उत्सुक हूं।' निश्चित रूप से देश की जनता भी भारतीय संसद में प्रियंका गाँधी की आवाज़ उनका अंदाज़ तथा उनके द्वारा देशहित में उठाये जाने वाले मुद्दों को सुनने के लिये बेहद उत्सुक है। गत लगभग दो दशक से प्रियंका गाँधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार में अपनी जिस क्षमता व दक्षता का परिचय दिया है उससे कांग्रेस को भी लाभ हुआ है और कांग्रेस जनों में भी उत्साह का संचार हुआ है।

प्रियंका गाँधी का संसदीय राजनीति में प्रवेश ऐसे समय में हुआ है जबकि सत्तरूढ़ भाजपा साम दाम दंड भेद सभी तरीक़े अपनाकर सत्ता में बने रहना चाहती है तथा अपने अघोषित अतिवादी एजेंडे पर चलकर अपने सपनों का बहुसंख्यवादी भारत बनाना चाह रही है। जबकि कांग्रेस गाँधी के सपनों के भारत के निर्माण की पक्षधर है। कांग्रेस संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। जबकि भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बातें करते रहे हैं। उधर इण्डिया गठबंधन भी 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद क्षेत्रीय नेताओं के स्वार्थवश मज़बूत विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहा। ऐसे में ले देकर कांग्रेस पार्टी से ही देश को न केवल मज़बूत विपक्ष देने की उम्मीदें बंधी हुई हैं बल्कि सत्य अहिंसा व धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण की आस भी केवल कांग्रेस पार्टी से ही है। राहुल गाँधी निश्चित रूप से अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर सत्ता से मुक़ाबला करने से लेकर पार्टी को मज़बूत बनाने तक के लिये काफ़ी काम कर रहे हैं। परन्तु उनके विरुद्ध सत्तधारी तरह तरह की साज़िशें रचकर उन्हें राजनैतिक परिदृश्य से ओझल करने तक की योजना बनाये बैठे हैं।

जिस तरह पूर्व में प्रियंका गाँधी ने महिलाओं की सुरक्षा के हक़ में आवाज़ें बुलंद की हैं, क़ानून व्यवस्था के मुद्दे उठाये है दलितों, किसानों व ग़रीबों के लिये आवाज़ उठाई है उसी वर्ग को प्रियंका गाँधी के लोकसभा पहुँचने से काफ़ी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। माना जा सकता है कि प्रियंका समाज के शोषित व पीड़ित समाज की आवाज़ तो बनेंगी ही साथ ही राजनीति में अब एक नई इबारत भी लिखेंगी।

## बज़ट की कवायद शुरू, 11 वर्गों से प्री बजट कंसल्टेशन शुरू

**वित्त मंत्रालय में बजट बनाने की प्रक्रिया के तहत कई सालों से ये परंपरा चली आ रही है, कंसलटेशन की इस सीरीज के तहत छह दिसंबर को देश के प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बैठक की गई है।अब 30 दिसंबर को भारतीय इंडस्ट्री के प्रमुख और सोशल सेक्टर के गणमान्य व्यक्तियों, खास तौर से एजूकेशन और हेल्थकेयर के हितधारकों के परामर्श के साथ बजट पूर्व परामर्श खत्म होगा। 2025-26 के आम बजट पर उनके विचार मांगे जाएंगे और कुल सुझावों और सिफारिशों,इन बैठकों में वित्तमंत्री के अलावा वित्त राज्यमंत्री , वित्त सचिव और निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग) सचिव,आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव और वित्तीय सेवा सचिव की मौजूदगी रहेगी।**


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश को विकसित देश बनाने का मुख्य आधार उस देश का बजट दस्तावेज है,जो उस देश की वित्तीय रणनीति का दस्तावेज होता है। यानें उस देश के शासन को विभिन्न मंत्रालयों के सहयोग से देश चलाने के लिए पैसों का इंतजाम क़र जरूरत के अनुसार उन्हें उसका एलोकेशन, बजट ही करता है जो अति चुनौती भरा कार्य है, क्योंकि मैं टैक्सेशन क्षेत्र से हूं तो मैं बजट का गहराई से विश्लेषण कर उसकी चुनौतियों को नज़दीकी से देखता हूं, क्योंकि किस तरह और कैसे दो माह पूर्व से ही बज़ट की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है व अति गोपनीयता से बजट बनाया जाता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भारत में 1 फरवरी 2025 को पेश होने वाले बजट की कवायत 6 दिसंबर 2024 से शुरू हो चुकी है। 6 दिसंबर को अर्थशास्त्रियों,विशेषज्ञों के साथ व 7 दिसंबर 2024 को किसानों व उनके प्रतिनिधियों के साथ माननीय वित्तमंत्री व वित्तमंत्रालय के सहयोगियों बैठक के संपन्न हुई,अब 30 दिसंबर को भारतीय इंडस्ट्री व कौशलता क्षेत्र एजुकेशन व हेल्थ केयरों के जानकारों के साथ बैठक कर उनके सुझाव व विचार जान जाएंगे, यानें क़रीब 11 अलग- अलग क्षेत्रों से बैठकें की जाएगी, फिर नोटिफिकेशन जारी कर आम जनता से सुझाव मांगे जाएंगे, फिर बजट लिखना शुरू किया जाएगा, जिसमें 1 फरवरी 2025 तक के अंतिम 10 दिनों पूर्व बजट बनाने वाली टीम का नाता दुनियाँ से कट जाता है,यानें गुप्त रूप में बजट बनाया जाता है,जिसमें किसी भी प्रकार के संचार माध्यमों से उनका नाता बिल्कुल नहीं होता। चूँकि बजट 2025-26 पर माथापच्ची दिनांक 6 दिसंबर 2024 से शुरू हो चुकी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 की कवायद शुरू, 11 वर्गों से प्री बजट कंसल्टेशन शुरू, 1 फरवरी 2025 को बज़ट पेश होने की संभावना।



साथियों बात अगर हम 6 दिसंबर 2024 कोअर्थशास्त्रियों वित्त विशेषज्ञों के साथ हुई बैठक की करें तो,बजट 2025 -26 की तैयारी शुरू हो गई है और इसको लेकर वित्तमंत्री निर्मलासीतारमण ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया हैं। बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश किये जाने की संभावना है। 6 दिसंबर यानें शुक्रवार से वित्तमंत्री ने बजट-पूर्व परामर्श यानी प्री-बजट कंसलटेशन शुरू कर दिया है। वित्त मंत्रालय में बजट बनाने की प्रक्रिया के तहत कई सालों से ये परंपरा चली आ रही है, कंसलटेशन की इस सीरीज के तहत छह दिसंबर को देश के प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बैठक की गई है।अब 30 दिसंबर को भारतीय इंडस्ट्री के प्रमुख और सोशल सेक्टर के गणमान्य व्यक्तियों, खास तौर से एजूकेशन और हेल्थकेयर के हितधारकों के परामर्श के साथ बजट पूर्व परामर्श खत्म होगा। 2025-26 के आम बजट पर उनके विचार मांगे जाएंगे और कुल सुझावों और सिफारिशों,इन बैठकों में वित्तमंत्री के अलावा वित्त राज्यमंत्री , वित्त सचिव और निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग) सचिव,आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव और वित्तीय सेवा सचिव की मौजूदगी रहेगी।

साथियों बात अगर हम 7 दिसंबर 2024 को कृषि हित धारकों प्रतिनिधियों विशेषज्ञों से बैठक की करें तो शनिवार को बजट से पहले होने वाली बैठकों के क्रम में किसान प्रतिनिधियों और कृषि हितधारकों के साथ बैठक की। इस दौरान किसानों ने सरकार से सस्ता दीर्घकालिक ऋष्टा उपलब्ध कराने, कम कर लागू करने और पीएम- किसान आय सहायता को दोगुना करनेकिसानों की मुख्य मांगों में कृषि ऋष्टों पर ब्याज दर को एक प्रतिशत तक कम करना और वार्षिक पीएम- किसान किस्त को 6 हज़ार रुपए से बढ़ाकर 12हज़ार रुपए करना शामिल था हितधारकों ने इसके अलावा कराधान सुधार प्रस्तावों के तहत कृषि मशीनरी, उर्वरक, बीज और दवाओं पर जीएसटी छूट की मांग की, बैठक में दो घंटे तक विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान वित्तीय राहत, बाजार सुधार और रणनीतिक निवेश जैसी कृषि क्षेत्र की कई चुनौतियों का समाधान करने पर विचार किया गया। भारत कृषक समाज के चेयरमैन ने कृषि उत्पादकता और किसान कल्याण को बढ़ावा देने के लिए लक्षित हस्तक्षेप की जरूरत पर जोर दिया। पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कीटनाशक पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का अनुरोध किया।राष्ट्रीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए चना, सोयाबीन और सरसों जैसी विशिष्ट फसलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आठ वर्षों के लिए सालाना 1000 करोड़ रुपए की लक्षित निवेश रणनीति का प्रस्ताव रखा।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय बजट तैयार करने की करें तो यह बहुत कठिन और बाहरी बैठकों, सुझावों के अतिरिक्त 5 चरणों में होता है जिसकी गतिविधियां बहुत पहले शुरू हो जाती है। हमें 1 फरवरी को बजट मिल जाता है लेकिन इसके पीछे कितनीमेहनत और कठिनाई में शामिल है। हितधारक समूहों में कृषि एवं कृषि प्रसंस्करण उद्योग; उद्योग, अवसंरचना और जलवायु परिवर्तन; वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार; सेवा और व्यापार क्षेत्र; सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ; ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के प्रतिनिधि और अर्थशास्त्री शामिल होते हैं। हितधारक समूहों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए कई सुझाव जिनमें एमएसएमई की मदद के लिए हरित प्रमाणीकरण की व्यवस्था करना, शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए शहरी रोजगार गारंटी कार्यक्रम, आयकर को तर्कसंगत बनाना, नवाचार क्लस्टरों का निर्माण करना, घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाओं को बेहतर करने के लिए योजनाएं बनाना, इत्यादि शामिल हैं। आते हैं।वित्त मंत्री ने प्रतिभागियों द्वारा अपने बहुमूल्य सुझावों को साझा करने के लिए उनका धन्यवाद किया जाता है।

# एक सफल बिजनेस की करें शुरूआत



एडटेक- शिक्षा और प्रौद्योगिकी का संयोजन हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को संदर्भित करता है जो कक्षाओं में शिक्षक के नेतृत्व वाली शिक्षा को बढ़ाने और छात्रों के शिक्षा परिणामों में सुधार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हालाँकि एडटेक अभी भी अपने विकास के शुरुआती चरण में है, लेकिन यह छात्र की क्षमता के स्तर के हिसाब से पाठ्यक्रम को अनुकूलित करने की एक विधि का वादा करता है, जिसे छात्र नई सामग्री के साथ अच्छी तरह से कर सकें।

## इसकी प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं

एडटेक, शिक्षा प्रौद्योगिकी के संक्षिप्त रूप को कक्षा में नए तकनीकी कार्यान्वयन को संदर्भित करता है। कक्षा में टैबलेट, इंटरैक्टिव प्रोजेक्शन स्क्रीन और व्हाइटबोर्ड, ऑनलाइन सामग्री वितरण और एमओओसी सभी एडटेक के उदाहरण हैं। एडटेक का लक्ष्य छात्रों के परिणामों में सुधार करना, व्यक्तिगत शिक्षा को बढ़ाना और प्रशिक्षकों पर शिक्षण का बोझ कम करना है। जहाँ कई लोग कक्षा में प्रौद्योगिकी की प्रशंसा करते हैं वहीं दूसरों को डर है कि यह अवैयक्तिक है और छात्रों और प्रशिक्षकों दोनों के डेटा संग्रह और ट्रैकिंग को जन्म दे सकता है। एडटेक, जिसे शिक्षा प्रौद्योगिकी के रूप में भी जाना जाता है, अधिक व्यापक और आकर्षक व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव बनाने के लिए कक्षा उपकरण विकसित करने और लागू करने के लिए समर्पित है। जहाँ फ्रैंचाइज़ी दुनिया भर में एक आम धारणा बन गई है, आप अपने पसंदीदा फास्ट-फूड आउटलेट या अपने पड़ोस के आसपास एक शानदार डीलरशिप जैसे हर क्षेत्र में फ्रैंचाइज़ी व्यवसाय पा सकते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि भारत में फ्रैंचाइज़ी मॉडल का हिस्सा बनने के लिए क्या करना पड़ता है? आपको भारत में फ्रैंचाइज़ी व्यवसाय क्यों हासिल करना चाहिए?

## भारत में शिक्षा फ्रेंचाइजी का उदय

ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से भारत में एक शिक्षा फ्रेंचाइजी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। एक मुख्य पहलू यह है कि एडटेक उद्योग का आकार 2025 तक 4 बिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। महामारी के प्रकोप के साथ भारत में एडटेक क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति के साथ-साथ वित्तीय लाभ भी देखा गया। जब सभी स्कूलों और कॉलेजों को अपने दरवाजे बंद करने पड़े तो सीखना एक व्यावहारिक समाधान साबित हुआ जो लाखों छात्रों को पढ़ाने का एक तरीका था। ऑनलाइन शिक्षण और व्यापक इंटरनेट पहुंच से शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की उपलब्धता में भारी वृद्धि देखी गई। इस प्रकार, भारत में शिक्षा क्षेत्र में एडटेक क्षेत्र, व्यवसायों और कंपनियों की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हो गई है।

## एडटेक क्षेत्र में नई फ्रेंचाइजी के अवसर

पहले हम कहते थे कि शिक्षा स्थान या भौगोलिक सीमाओं तक ही सीमित थी जो लोगों के लिए एक समस्या थी क्योंकि शिक्षा उन तक नहीं पहुंच पाती थी - खासकर ग्रामीण इलाकों या छोटे कस्बों या शहरों में जहां पहुंच बहुत सीमित थी। लेकिन डिजिटल क्रांति ने अब इस पर काबू पा लिया है और शिक्षा क्षेत्र और संबद्ध उद्योगों को बदल दिया है। भारत में छात्रों के लिए करियर परामर्श और करियर मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण आवश्यकता की गंभीर कमी को दूर करने के लिए कई डिजिटल करियर प्लेटफॉर्म उभरे हैं।

## ऐसी ही एक फ्रैंचाइज़ी है

सफलता, जिसका उद्देश्य ऑनलाइन शिक्षा के उभरते क्षेत्र में कुछ नया करने का है। Safalta.com पर उम्मीदवारों को उनके घर पर ही और मेटा प्रमाणित संकायों से विभिन्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों के लिए व्यक्तिगत ऑनलाइन प्रशिक्षण कक्षाएं मिलती हैं।

केवल उद्योग विशेषज्ञ संकाय ही लाइव इंटरैक्टिव ऑनलाइन कक्षाएं प्रदान करते हैं। सफलता शिक्षा उद्योग में एक दशक पुराना नाम है और इसने अपनी सामग्री के माध्यम से लाखों छात्रों के जीवन को बदल दिया है। यह एक ऐसा मंच हैं जो कई प्रतिस्पर्धी रोजगार और कौशल उन्मुख पाठ्यक्रमों के क्षेत्र में ध्यान केंद्रित करता है, जैसे-

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

सभी तक पहुंच

आर्थिक व्यवहार्यता

## सफलता फ्रैंचाइज़ के लाभ

अग्रणी मीडिया समूह समर्थित एडुटेक क्षेत्र में स्थापित ब्रांड वीरेंद्र सहवाग, एक प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर, सद्भावना राजदूत के रूप में इस ब्रांड का समर्थन करते हैं। सफलता में 16 लाख से अधिक पंजीकृत छात्र हैं और इसके मोबाइल ऐप्स के 10 लाख डाउनलोड हैं। इसमें अत्यधिक अनुभवी संकाय से नवीनतम और सबसे लोकप्रिय अपस्किलिंग पाठ्यक्रम हैं। इसमें मजबूत नौकरी परिणाम और प्लेसमेंट समर्थन वाले सभी कार्यक्रम उद्योग-प्रासंगिक शैक्षणिक वितरण और पाठ्यक्रम के लिए बनाये गए हैं। व्यवसाय रणनीति, संबंध और विपणन सहायता (विज्ञापन अभियान, ब्रोशर, स्थानीय अभियान में सहायता) में इसके अत्यधिक लाभ हैं।

सक्सेस डॉट कॉम के सीईओ हिमांशु गौतम का कहना है कि वह देश में अकुशल युवाओं को हुनरमंद बनाने की मुहिम पर हैं।

# गुरु रामदास की जीवन की कठिन परीक्षा



बचपन में ही गुरु रामदास की मुलाकात एक सत्संगी मंडली से हो गई। यहीं से उनके नए जीवन की शुरूआत हुए। गुरु रामदास अपने गुरु अमरदास की सेवा के लिए पहुंच गए और निस्वार्थ भाव से सेवा करने लगे। इनकी सेवा भाव को देखकर गुरु अमरदास जी काफी ज्यादा प्रभावित हुए। उन्होंने अपनी बेटी का विवाह गुरु रामदास के साथ करने का निर्णय लिया। हालांकि शादी के बाद भी उन्होंने कभी खुद को जमाई के तौर पर पेश नहीं किया। बल्कि पहले की तरह की सच्चे मन से सेवा में लगे रहे। भारतीय संस्कृति में गुरुओं को हमेशा भगवान से ऊंचा दर्जा दिया गया है। बता दें कि 1 सितंबर को अमृतसर शहर के संस्थापक और सिखों के चौथे गुरु, गुरु राम दास का निधन हो गया था। उन्होंने ही अमृतसर शहर की स्थापना की थी। पाकिस्तान के लाहौर में 24 सितंबर 1534 को गुरु रामदास का जन्म हुआ था। इनकी माता का नाम दया कौर और पिता का नाम बाबा हरि दास जी सोढ़ी था। गुरु रामदास का परिवार काफी ज्यादा गरीब था। उन्हें अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए उबले चने बेचने पड़ते थे। बता दें कि गुरु रामदास को बचपन में जेठाजी कहकर बुलाते थे। जब रामदास महज 7 साल के थे, तो उनके माता-पिता का साया उनके सिर से उठ गया। जिसके बाद रामदास का पालन पोषण उनकी नानी द्वारा किया गया। अपनी नानी के पास रहते हुए रामदास ने करीब 5 सालों तक उबले हुए चने बेचकर अपना जीवन यापन किया। इसके बाद वह नानी को साथ लेकर गोइंदवाल आ गए और फिर हमेशा के लिए यहां पर बस गए। रामदास उबले चने बेचने लगे और अपना बचा हुआ समय गुरु अमरदास साहिब जी की ओर से संगत के साथ विचार चर्चा के लिए होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने लगे। इस दौरान गुरु रामदास ने गोइंदवाल साहिब के निर्माण की सेवा की।

## जीवन की कठिन परीक्षा

बता दें कि गुरु अमरदास जी की एक और पुत्री थी उनके पति भी वहां सेवा किया करते थे। लेकिन अमरदास जी का मन हमेशा रामदास के साथ ही लगता था। गुरु अमरदास हमेशा से गुरु रामदास को अपनी गद्दी का उत्तराधिकारी बनाना चाहते थे। लेकिन अपनी मर्यादा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपनी दोनों बेटियों के पति की परीक्षा ली। गुरु अमरदास ने अपने दोनों जमाइयों को आदेश दिया कि उन दोनों को थड़ा बनाना है। जब दोनों ने थड़ा बनाना शुरू किया। इसके बाद जब गुरु अमरदास ने दोनों के काम को देखा तो कहा कि यह गलत बना है। इसे हटाकर कुछ नया निर्माण करें। इसके बाद दोनों जमाइयों ने थड़ा को फिर से बनाना शुरू किया। आखिरी में जब थड़ा बनकर तैयार हुआ तो फिर से गुरु अमरदास को दिखाया गया। लेकिन उन्होंने फिर मना कर दिया और कहा कि किसी का भी थड़ा अच्छा नहीं बना है। जिसके बाद दोनों ने यह कार्य करना फिर से शुरु किया। यह क्रम 4-5 बार चलता रहा। अंत में गुरु अमरदास के दूसरे जमाई ने यह कहते हुए थड़ा बनाने से इंकार कर दिया कि अब इससे अच्छा थड़ा उससे नहीं बन सकता है। ऐसे में गुरु रामदास परीक्षा में सफल हो गए। परीक्षा में पास होने के बाद अमरदास जी ने गुरु रामदास को राजगद्दी का उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। जिसके बाद गोविंद बाल जिला अमृतसर में गुरु अमर दास जी ने उन्हें गुरु गद्दी सौंप दी। गुरु रामदास ने अपना कार्यभार सिखों के चौथे गुरु के रूप में संभाला। इसके बाद गुरु रामदास ने अपना डेरा एक तालाब के किनारे निश्चित किया। यहां पर तालाब के अंदर पानी में काफी ज्यादा अद्भुत शक्ति थी। तालाब के पानी को अमृत के समान समझा जाता था। इसलिए वहां से उसका नाम अमृत रखा और तालाब को सरोवर कहते हैं। इसलिए इसका नाम अमृतसर पड़ गया। इसके साथ ही गुरु रामदास ने ही अमृतसर में लंगर प्रथा को शुरू किया। साथ ही यह घोषणा भी करवाई कि किसी भी समुदाय या धर्म का व्यक्ति लंगर खा सकता था। उनको 30 के आसपास रागों का ज्ञान था और इन्होंने 638 से ज्यादा भजनों का निर्माण किया था।

# जेनेलिया देशमुख की तरह पैंट सूट करें स्टाइल



यूं तो व्हाइट पैंट सूट लुक बेहद ही ग्रेसफुल लगता है। लेकिन अगर आप इसे एक ट्विस्ट के साथ पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आप जेनेलिया के पैंट सूट लुक्स से आइडियाज ले सकती हैं। इस लुक में जेनेलिया ने व्हाइट पैंट सूट के साथ एब्सट्रैक्ट पैटर्न की मल्टीकलर शर्ट को स्टाइल किया है। यह उनके लुक को एक फंकी टच दे रहा है। अगर आप भी जेनेलिया की तरह पैंट सूट पहन रही हैं तो उसके साथ बिग चंकी स्टेटमेंट इयररिंग्स कैरी करना ना भूलें। वो जमाने लद गए, जब पैंट सूट सिर्फ पुरूष ही पहना करते थे। आज के समय में ऑफिस पार्टीज से लेकर आउटिंग्स तक महिलाएं भी पैंट सूट पहनना काफी पसंद करती हैं। इतना ही नहीं, वे ओकेजन और अपनी पसंद को ध्यान में रखते हुए उसे कई अलग-अलग तरीके से स्टाइल करना पसंद करती हैं। जिससे हर बार वे एक न्यू लुक क्रिएट कर पाएं। यहां तक कि बॉलीवुड डीवाज भी कई बार पैंट सूट लुक में नजर आ चुकी हैं।

ब्लैक पैंट सूट लुक

जेनेलिया देशमुख का यह पैंट सूट लुक बेहद ही क्लासी लग रहा है और किसी पार्टी या खास अवसर पर आप इस पैंट सूट को स्टाइल कर सकती हैं। जेनेलिया ने इस लुक में एंब्रायडिड ब्लेजर को स्टाइल किया है। उसके साथ प्लेन ब्लैक पेंट उनके लुक को कॉम्पलीमेंट कर रही हैं। अपने लुक को पार्टी रेडी बनाने के लिए आप इसके साथ एक्सेसरीज को मिनिमल ही रखें।

प्रिंटेड पैंट सूट लुक

अगर आपने दोस्तों के साथ कहीं बाहर जाने का मन बनाया है और इस दौरान अगर आप पैंट सूट पहनना चाहती हैं तो ऐसे में जेनेलिया के इस लुक से आइडिया लें। जेनेलिया ने ओवरसाइज्ड सूट के साथ व्हाइट टॉप को स्टाइल किया।

# बहू और बेटी में फर्क करता समाज



बेटी के लिए बचपन माना जाता है, लेकिन उसी उम्र की बहू को ज़िम्मेदारियों के तले दबा दिया जाता है. जो समाज की गलत सोच का परिणाम है. समाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रेंडी का कहना है कि आज के बदलते दौर में कोई कितना भी कहे कि बहू और बेटी में कोई फर्क नहीं करते हैं, पर यह मात्र मिथ्या है. हर घर की यही कहानी है. बहू को बहू और बेटी को बेटी समझा जाता है. जिस दिन हर घर में बहू की बातों को अनसुना किया जाएगा, उनकी बातों का कोई बुरा नहीं मानेगा उसी दिन परिवार में बहू और बेटी में समानता आ जाएगी. अगर बहू कभी कोई बात बोल देती है तो सुनना तो दूर की बात, उसे बर्दाश्त तक नहीं किया जाता है. लेकिन बेटी कुछ बोलती है तो हंस कर टाल दिया जाता है. यही बेटी और बहू में फर्क नज़र आता है. अगर खुद की बेटी ससुराल से मायके आती है तो मायके वाले खुश होते हैं. लेकिन जब बहू की बारी आती है कि उसे उसके मायके भेजने में सभी को समस्याएं नज़र आने लगती हैं. सबको घर के ज़रूरी काम याद आने लगते हैं. यह नहीं सोचते कि जैसे हमारी बेटी मायके आने के लिए तरसती है, वैसे ही हमारी बहू भी किसी की बेटी है. उसे भी अपने मायके जाने का हक़ है. दामाद अगर बेटी की सेवा करें तो खुशी मिलती है, अपना बेटा अगर बहू को आराम दे तो दुख होता है. यहीं पर दिखता है बेटी और बहू में फक. 'सिर्फ एक कदम आगे बढ़ने से परिवार में खुशहाली नहीं आएगी, अगर दोनों तरफ से कदम आगे बढ़ाई जाए तो घर खुशियों का भंडार हो जाएगा और जिस दिन ऐसा होगा उस दिन बहू और बेटी में भेदभाव खत्म हो जाएगा. ज़रूरत है समाज को स्वयं आगे बढ़कर इस कुरीतियों को ख़त्म करने की। भारतीय समाज जटिलताओं से भरा हुआ है. जहां रीति और रिवाज के नाम पर कई प्रकार की कुरीतियां भी शामिल हो गई हैं। इसका सबसे अधिक खामियाज़ा महिलाओं को भुगतनी पड़ती है. पितृसत्तात्मक समाज में लड़का और लड़की में जहां अंतर देखा जा सकता है वहीं बेटी और बहू के मामले में भी समाज का संकुचित नजरिया साफ़ तौर पर झलकता है. कई ऐसे अवसर देखने को मिलते हैं जहां बेटी के रूप में लड़की को कुछ आज़ादी मिल जाती है लेकिन वही दायरा बहू रुपी लड़की के लिए सीमित कर दिया जाता है. समाज की यह छोटी सोच शहरों और पढ़े लिखे समाज में कम देखने को मिलती है लेकिन देश के दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी सोच और मान्यता न केवल आज भी कायम है बल्कि बहुओं को इसे मानने के लिए मजबूर भी किया जाता है. इसकी एक मिसाल उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का गनीगांव भी है. जहां बहू और बेटी में फर्क देखने को साफ़ मिल जाता है. इस गांव की कुल जनसंख्या लगभग 800 है. शिक्षा के क्षेत्र में भी यह गांव बहुत अधिक समृद्ध नहीं है। यही कारण है कि यहां लड़का और लड़की में ही नहीं, बल्कि बहू और बेटी के बीच भी भेदभाव किया जाता है. इस संबंध में, गांव की एक 40 वर्षीय महिला देवकी देवी कहती हैं कि इस गांव में पीढ़ियों से बहू और बेटी के बीच भेदभाव किया जा रहा है. हमने बचपन से जो देखा है, वही सीखते आए हैं और वही परंपरा निभा रहे हैं. अगर हम बदलाव करना भी चाहते हैं तो हमारे गांव, घर और समाज में यह संभव नहीं है. बेटी अगर सूट पहन रही है, तो बहू भी इसे क्यों नहीं पहन सकती है? लेकिन हमें समाज के साथ चलना है इसलिए हम चाह कर भी बहुओं को ऐसा करने को नहीं कह सकते हैं. हमें भी समाज के हिसाब से जीना पड़ता है. सच यह है कि इस गांव में बेटी और बहू के बीच भेदभाव किया जाता है गांव की 18 वर्षीय किशोरी कुमारी जानकी दोसाद का कहना है कि हमारे गांव घरों में वास्तव में बहू और बेटी में बहुत ज़्यादा फर्क किया जाता है. अगर बेटी 19 वर्ष की हो और उसी घर में 19 साल की कोई लड़की बहू बनकर आए तो उससे 30 साल की लड़की के जैसी काम और व्यवहार की उम्मीद की जाती है. आखिर ऐसा क्यों है कि कोई लड़की अपनी पसंद के कपड़े तो पहन सकती है, लेकिन बहू नहीं? बेटियों को घर से बाहर जाने की इजाजत होती है, लेकिन बहू को नहीं? बेटियां गलती भी करें तो माफी हो जाती है और बहू गलती करे तो उसे दिन भर पानी तक नहीं दिया जाता है. 25 वर्षीय नवविवाहिता संगीता देवी कहती हैं कि शादी से पहले हम घर में जो भी काम करते थे उससे हमारे मम्मी पापा खुश रहते थे, लेकिन शादी के बाद चाहे हम कुछ भी कम कर लें, हमारे सास ससुर खुश नहीं होते हैं. उनको खुश करने के लिए चाहे हमारा मन उस काम को करने के लिए तैयार न भी हो, फिर भी हमें उनके हिसाब से चलना पड़ता है. बेटी का मन अगर काम करने को न हो तो कुछ नहीं कहते लेकिन बहू के साथ बहुत भेदभाव होता है. गांव की एक 44 वर्षीय महिला पार्वती देवी कहती हैं कि %हम बेटी और बहू में कोई भी फर्क नहीं करते हैं पर सदियों से जो प्रचलन चला आ रहा है, उसे निभाने की हमारी मज़बूरी है. हम गांव में ही रहते हैं तो इस वजह से उसे पर चलना ही पड़ता है. अन्यथा समाज में लोग बातें बनाते हैं. हालांकि पहले की अपेक्षा समाज की सोच में धीरे-धीरे बदलाव आ रहा है. हम भी अपने आप को बदलने की कोशिश कर रहे हैं।


# आज मेरा साथ दो वैसे मुझे मालूम है, पत्थरों में चीख़ हरगिज़ कारगर होगी नहीं

आज एक सिंतबर हिंदी साहित्यकार-गजलकार दुष्यंत कुमार का जन्मदिन है। बिजनौर के राजपुर नवादा गांव में एक सिंतबर 1933 में जन्मे दुष्यंत कुमार का मात्र 43 वर्ष की आयु में 30 दिसंबर 1975 को भोपाल में उनका निधन हुआ। हिंदी साहित्यकार-गजलकार दुष्यंत कुमार हिंदी गजल के लिए जाने जाते हैं। वे हिंदी गजल के लिए विख्यात है किंतु उन्हें यह ख्याति हिंदी गजलों के लिए नहीं, हिंदुस्तानी गजलों के लिए मिली। संसद से सड़क तब मशहूर हुए उनके शेर हिंदुस्तानी हिंदी में हैं। हिंदुस्तानी हिंदी में उन्होंने सभी प्रचलित शब्दों को इस्तेमाल किया। शब्दों को प्रचलित रूप में इस्तेमाल किया।

वे अपनी पुस्तक च्साए में धूप की भूमिका में खुद कहते हैं ग़ज़लों को भूमिका की ज़रूरत नहीं होनी चाहिए; लेकिन,एक कैफ़ियत इनकी भाषा के बारे में ज़रूरी है। कुछ उर्दू–दाँ दोस्तों ने कुछ उर्दू शब्दों के प्रयोग पर एतराज़ किया है। उनका कहना है कि शब्द शहर नहीं च्शह्रज् होता है, ज्वज़नज् नहीं च्वज़्नज् होता है। कि मैं उर्दू नहीं जानता, लेकिन इन शब्दों का प्रयोग यहाँ अज्ञानतावश नहीं, जानबूझकर किया गया है। यह कोई मुश्किल काम नहीं था कि ज्शहरज् की जगह च्नगरज् लिखकर इस दोष से मुक्ति पा लूँ,किंतु मैंने उर्दू शब्दों को उस रूप में इस्तेमाल किया है, जिस रूप में वे हिन्दी में घुल-मिल गये हैं। उर्दू का च्शह्रज् हिन्दी में च्शहरज् लिखा और बोला जाता है ।ठीक उसी तरह जैसे हिन्दी का च्ब्राह्मणज् उर्दू में च्बिरहमनज् होगया है और च्ॠतुज् च्रुतज् हो गई है।

कि उर्दू और हिन्दी अपने–अपने सिंहासन से उतरकर जब आम आदमी के बीच आती हैं तो उनमें फ़र्क़ कर पाना बड़ा मुश्किल होता है। मेरी नीयत और कोशिश यही रही है कि इन दोनों भाषाओं को ज़्यादा से ज़्यादा क़रीब ला सकूँ। इसलिए ये ग़ज़लें उस भाषा में लिखी गई हैं जिसे मैं बोलता हूँ।कि ग़ज़ल की विधा बहुत पुरानी,किंतु विधा है,जिसमें बड़े–बड़े उर्दू महारथियों ने काव्य–रचना की है। हिन्दी में भी महाकवि निराला से लेकर आज के गीतकारों और नये कवियों तक अनेक कवियों ने इस विधा को आज़माया है।

ग़ज़ल पर्शियन और अरबी से उर्दू में आयी। ग़ज़ल का मतलब हैं औरतों से अथवा औरतों के बारे में बातचीत करना। यह भी कहा जा सकता हैं कि ग़ज़ल का सर्वसाधारण अर्थ हैं




माशूक से बातचीत का माध्यम। उर्दू के साहित्यकार स्वर्गीय रघुपति सहाय च्फिराकज् गोरखपुरी ने ग़ज़ल की भावपूर्ण परिभाषा लिखी हैं। कहते हैं कि, च्जब कोई शिकारीजंगल में कुत्तों के साथ हिरन का पीछा करता हैं और हिरन भागते-भागते किसी ऐसी झाड़ी में फंस जाता हैं जहां से वह निकल नहीं सकता, उस समय उसके कंठ से एक दर्द भरी आवाज़ निकलती हैं। उसी करूण स्वर को ग़ज़ल कहते हैं। इसीलिये विवशता का दिव्यतम रूप में प्रगट होना, स्वर का करूणतम हो जाना ही ग़ज़ल का आदर्श हैं।

दुष्यंत की गजलों की खूबी है साधारण बोलचाल के शब्दों का प्रयोग, हिंदी-उर्दू के घुले मिले शब्दों का प्रयोग। चुटीले व्यंग उनकी गजल की खूबी है। वे व्यवस्था और समाज पर चोट करते हैं। ये ही उन्हें सीधे आम आदमी के दिल तक ले जाती है। उनकी ये शैली उन्हें अन्य कवियों से अलग और लोकप्रिय करती है।

आम आदमी और व्यवस्था पर चोट करने वाले उनके शेर, व्यवस्था पर चोट करते उनके शेर सड़कों से संसद गूंजतें है। शायद दुष्यंत कुमार अकेले ऐसे साहित्यकार होंगे, जिसके शेर सबसे ज्यादा बार संसद में पढ़े गए हों। सभाओं में नेताओं ने उनके शेर सुनाकर व्यवस्था पर चोट की हो। सरकार को जगाने और जनचेतना का कार्य किया हो। उन्होंने हिंदी गजल भी लिखी, पर वह इतनी प्रसिद्धि नहीं पा सकी, जितनी हिंदुस्तानी हिंदी में लिखी गजल लोकप्रिय हुईं। उनके गुनगुनाए जाने वाले उनके कुछ हिंदुस्तानी हिंदी के शेर हैं-

-वो आदमी नहीं है मुकम्मल बयान है,
माथे पे उस के चोट का गहरा निशान है।
-रहनुमाओं की अदाओं पे फ़िदा है दुनिया,
इस बहकती हुई दुनिया को सँभालो यारों।
-कैसे आकाश में सूराख़ नहीं हो सकता,
एक पत्थर तो तबीअत से उछालो यारों।
- यहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसतें है,
खुदा जाने यहां पर किस तरह जलसा हुआ होगा,
-गूँगे निकल पड़े हैं ज़बाँ की तलाश में,
सरकार के ख़िलाफ़ ये साज़िश तो देखिए।
-पक गई हैं आदतें बातों से सर होंगी नहीं,
कोई हंगामा करो ऐसे गुज़र होगी नहीं।
- आज मेरा साथ दो वैसे मुझे मालूम है,
पत्थरों में चीख़ हरगिज़ कारगर होगी नहीं।
- इन ठिठुरती उँगलियों को इस लपट पर सेंक लो,
धूप अब घर की किसी दीवार पर होगी नहीं।
-सिर से सीने में कभी पेट से पाँव में कभी,
इक जगह हो तो कहें दर्द इधर होता है।
-ये जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा,
मै सज्दे में नही था, आपको धोखा हुआ होगा। -तुमने इस तालाब में रोहू पकड़ने के लिए, छोटी–छोटी मछलियाँ चारा बनाकर फेंक दीं। -हम ही खा लेते सुबह को भूख लगती है बहुत
तुमने बासी रोटियाँ नाहक उठा कर फेंक दीं।

**गजल**

हो गई है पीर पर्वत सी पिंघलनी चाहिए,
अब हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।
आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त थी लेकिन कि ये बुनियाद हिलनी चाहिए।
हर सक पर, हर गली में, हर नगर, हर गाँव में, हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।

# गौतम बुध नगर में बंद किसानों को बिना शर्त की जाए रिहाई

- अपनी मांगों को लेकर शांति पूर्वक कर रहे थे आंदोलन
- युवा किसान सेना के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गौतमबुद्ध नगर में अपने हक के लिए प्रदर्शन कर रहे किसानों गिरफ्तारी के विरोध बुधवार को युवा किसान सेना के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। एसडीएम अजीत कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर जेल में बंद किसानों की रिहाई की मांग की। युवा किसान सेना के युवा जिलाध्यक्ष भजन लाल बघेल के नेतृत्व में सेना के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को दिया। जिसमें लिखा था कि गौतम बुध नगर में आंदोलन कर रहे किसान व मातृ शक्ति को वहां की पुलिस ने जबरन जेल में डाल दिया गया है। उनको तुरंत बिना शर्त रिहा किया जा। किसान नेताओं को जेल में बंद किसानों से मिलने की अनुमति दी जाए।10 आवासीय भूखंडों को 1997 लाभार्थी किसानों को दिए जाएं तथा कानून 2013 को लागू किया जाए, नोएडा में बनी कमेटी की सिफारिशों को लागू किया जाए। श्री बघेल ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि किसानों की यह मांग पूरी नहीं हुई तो किसान सेना के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रभारी संजय यादव, हैप्पी सिंह, मुक्को बघेल, रामेश्वर, भोला बघेल, ओमवीर, सोहन लाल, गोपाल, बाबूलाल, सोनू, गोविंदराम आदि किसान सेना के कार्यकर्ता शामिल थे।

# एआइपीएमएम ने की न्यायाधीश के घृणित बयान की निन्दा

- न्यायपालिका का उद्देश्य सभी नागरिकों के साथ समानता और न्याय का व्यवहार करना: आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव द्वारा मुस्लिम समुदाय के खिलाफ दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा करता है। यह बयान न केवल संविधान की भावना के खिलाफ है, बल्कि देश की न्यायपालिका की गरिमा और निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा करता है। महाज़ का मानना है कि न्यायपालिका का मूल उद्देश्य देश के सभी नागरिकों के साथ समानता और न्याय का व्यवहार करना है। किसी भी न्यायाधीश से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने शब्दों और विचारों से संविधान की पवित्रता बनाए रखें। न्यायपालिका के एक जिम्मेदार सदस्य द्वारा इस प्रकार का बयान देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है।

महाज़ सीजेएआर (कैंपेन फॉर ज्युडिशियल एकाउंटबिलिटी एंड रिफॉर्म्स) द्वारा सुप्रीम कोर्ट में की गई शिकायत का समर्थन करता है और सुप्रीम कोर्ट से आग्रह करता है कि इस मामले में निष्पक्ष और सख्त इन-हाउस जांच सुनिश्चित की जाए। इस प्रकार के बयान केवल सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते हैं और देश के संवैधानिक मूल्यों के प्रति अविश्वास पैदा करते हैं। महाज़ सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे धर्म, जाति, या समुदाय के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को अस्वीकार करें और संविधान में दिए गए समानता और एकता के सिद्धांतों को अपनाएं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अब सहन नहीं होगा अत्याचार : दिग्विजय नाथ तिवारी

- बरसाना में विहिप व बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**बरसाना (मथुरा)।** हिंदू अगर एक होगा तो सनातन बचेगा। आज बंगलादेश में हिंदुओं के ऊपर किस तरह का अत्याचार हो रहा है। जिसे पूरी दुनियां देख रही है, लेकिन भारत हिन्दुओं पर रहे अत्याचार के खिलाफ एक जुट हैं। यह बात बरसाना में आयोजित विहिप व बजरंग दल की शौर्य यात्रा के दौरान बजरंग दल के ब्रज प्रांत के संयोजक दिग्विजय नाथ तिवारी ने कही। शौर्य यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग हाथों में भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे।

बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार को लेकर विहिप व बजरंग दल द्वारा पूरे देश में हिंदू एकता को लेके शौर्य यात्रा निकाली जा रही है। शौर्य यात्रा के द्वारा पूरे विश्व को यह संदेश दिया जा रहा है कि बंगलादेश की घटना को लेकर भारत का हिंदू अब एकजुट है। मंगलवार को कस्बे के श्रीजी गार्डन में शौर्य यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हुए। माथे पर चंदन, हाथों में भगवा ध्वज लिए सभी लोग जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। इस दौरान बोलते हुए बजरंग दल के ब्रज प्रांत संयोजक दिग्विजय नाथ तिवारी ने कहा कि आज बांग्लादेश में किस तरह से हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा है। जिसे पूरा विश्व देख भी रहा है। लेकिन बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर भारत का हिंदू आज एकजुट है। ब्रज प्रांत के विद्यार्थी प्रमुख राहुल जोशी ने कहा कि अब समय आ गया है कि हिंदुओं को एकजुट होना पड़ेगा। बांग्लादेश में आज हमारे हिंदुओं भाइयों पर जो अत्याचार हो रहा है। उसे देखकर हम शांत नहीं बैठ सकते। विहिप के जिला उपाध्यक्ष एके सैनी कहा कि हिन्दू न पहले डरा हिन्दू न आज डरेगा। बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार को भले ही पूरा विश्व देखकर शांत है, लेकिन भारत अपने हिंदुओं भाइयों की रक्षा के लिए सक्षम है। बैंड बाजों के साथ शौर्य यात्रा श्रीजी गार्डन से प्रारंभ होकर पीली कोठी तिराहा, नया बस स्टैंड, मैंन बाजार, रंगीली गली, फूल गली, बाग मौहल्ला, पुराना अड्डा होते हुए श्रीजी गार्डन पहुंची। इस दौरान विहिप जिलामंत्री योगेश गौतम, बजरंग दल के जिला संयोजक राम तोमर, बजरंग दल प्रखंड संयोजक गोपाल राजपूत, गौ रक्षक दल के संयोजक चंद्रशेखर बाबा, जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, सागर सिंह राजपूत, मोनू चौधरी, लाल सिंह ठाकुर, लक्ष्मण कटारा आदि मौजूद थे।

## खाद्य पंजीकरण व लाइसेंस के लिए कल से लगेंगे कैम्प

**मथुरा।** जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा अब बिना खाद्य लाइसेंस व पंजीकरण के चल रहे प्रतिष्ठानों के विरूद्ध शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाएगा। इससे पूर्व महानगर में प्रतिष्ठानों केपंजीकरण व लाइसेंस बनाने के लिए कैम्प लगाने की तिथि तय कर दी है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त ने जनपद में खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण हेतु कैम्प लगाने के लिए तिथियां एवं स्थान तय कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि कल वैष्णो देवी मन्दिर के सामने, छटीकरा रोड, वृन्दावन,17 दिसम्बर को भारतीय स्टेट बैंक के पास, मण्डी परिसर, सौंख रोड,18 दिसम्बर को राधिका गार्डन, सादाबाद रोड, निकट मामू कचौड़ी वाले, राया, 20दिसम्बर को लक्ष्मीनगर तिराहा राया रोड, पर लगाया जाएगा। उन्होंने अतः समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को सूचित किया है कि वह निर्धारित तिथियों पर उपरोक्त स्थानों पर आयोजित कैम्प में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण बनवाना सुनिश्चित करें।

# पत्थर पुरा में लगाए जा रहे मोबाइल टावर को नगर निगम ने रूकवाया

- स्थानीय लोगों व पार्षदों ने की थी रोक लगाने की मांग
- भवन स्वामी ने कहा कि उनके पास पुरातत्व विभाग व एमवीडीए की है अनुमति

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन (मथुरा)।** मथुरा वृंदावन नगर निगम के वार्ड संख्या 50 के पत्थरपुरा क्षेत्र में एक तीन मंजिला इमारत पर बिना पुरातत्व विभाग की अनुमति के लग रहे मोबाइल टावर के कार्य पर निगम अधिकारियों ने रोक लगा दी है। नगर निगम अधिकारियों की माने तो उक्त टावर को लेकर क्षेत्रीय पार्षद व स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई थी।

टावर के काम के रूकवाने पहुंची नगर निगम की टीम में निर्माण विभाग के जेई अरुण कुमार के साथ निर्माण की टीम मौजूद रही।

एक ओर भवन स्वामी उक्त टावर लगाने की एमबीडीए व पुरातत्व विभाग से परमिशन है उसके बाद नगर निगम ने उनके यहां लग रहे टावर को रोक दिया है। इनअनुमति पत्रों के साथ उन्होंने निगम कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्रीय पार्षद ने उक्त क्षेत्र को पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आने की बात रखते हुए आपत्ति दर्ज कराई है। क्षेत्रीय पार्षद शशांक शर्मा का कहना है पत्थरपुरा क्षेत्र पुरातत्व विभाग की सीमा के अंतर्गत आता है। जब यहां किसी मकान का निर्माण कराया जाता है, उसकी परमिशन भी आसानी से उपलब्ध नहीं होती तो घनी आबादी वाले इलाकों में मोबाइल टावर लगवाने की अनुमति कैसे संभव हो सकती है। पार्षद ने विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि मोबाइल टावर से निकलने वाली तरंगों से लोगों को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं।

मोबाइल टावर से निकलने वाली तरंगों से थकान, अनिद्रा, डिप्रेशन, ध्यान भंग, चिड़चिड़ापन, चक्कर आना, याद्दाश्त कमज़ोर होना, सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इसके निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स कैंसर का कारण भी बन सकती हैं। यह सिर्फ मानव जाति के लिए ही नहीं बल्कि जानवर और पशु पक्षियों के लिए भी खतरे की घंटी है। इसकी तरंगों से पक्षियों की संख्या में भी कमी आ जाती है।

उन्होंने कहा कि वह उक्त टावर को कई भी हालत में नहीं लगने देंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता ने उन्हें उनके हर सुख में खड़ा रहने के लिए चुना है, अगर क्षेत्रीय जनता को इस प्रकार के प्रोजेक्ट नुकसान पहुंचता है तो वह किसी हालत में उक्त क्षेत्र में टावर नहीं लगने देंगे। इसके लिए चाहे उन्हें क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर प्रदर्शन ही क्यों न करना पड़े।

# एआइपीएमएम ने की न्यायाधीश के घृणित बयान की निन्दा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव द्वारा मुस्लिम समुदाय के खिलाफ दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा करता है। यह बयान न केवल संविधान की भावना के खिलाफ है, बल्कि देश की न्यायपालिका की गरिमा और निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा करता है। महाज़ का मानना है कि न्यायपालिका का मूल उद्देश्य देश के सभी नागरिकों के साथ समानता और न्याय का व्यवहार करना है। किसी भी न्यायाधीश से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने शब्दों और विचारों से संविधान की पवित्रता बनाए रखें। न्यायपालिका के एक जिम्मेदार सदस्य द्वारा इस प्रकार का बयान देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है।

महाज़ सीजेएआर (कैंपेन फॉर ज्युडिशियल एकाउंटबिलिटी एंड रिफॉर्म्स) द्वारा सुप्रीम कोर्ट में की गई शिकायत का समर्थन करता है और सुप्रीम कोर्ट से आग्रह करता है कि इस मामले में निष्पक्ष और सख्त इन-हाउस जांच सुनिश्चित की जाए। इस प्रकार के बयान केवल सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते हैं और देश के संवैधानिक मूल्यों के प्रति अविश्वास पैदा करते हैं। महाज़ सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे धर्म, जाति, या समुदाय के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को अस्वीकार करें और संविधान में दिए गए समानता और एकता के सिद्धांतों को अपनाएं।

## छात्र-छात्राओं को किया गया अग्निशमन विभाग ने किया जागरूक



**आजमगढ़।** सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज 11 दिसंबर को आजमगढ़ अग्निशमन विभाग द्वारा बच्चों को अग्नि शमन के उपाय और अग्नि कितने प्रकार की होते है वह किस तरह से फैलती है। और हम इसे बिना डरे कैसे बचना है और क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए इन सब विषयों पर मुख्य अतिथि श्री लल्लन राम जी ने बच्चों को विस्तार से बताया साथ ही अग्निशमन विभाग द्वारा इसका प्रत्यक्ष उदाहरण देकर बच्चों को समझाया। इस दौरान कई छात्र-छात्राओं ने डेमो में प्रतिभा कर अग्नि पर काबू पाने और उससे बचने के तरीके को सीखा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद यादव ने स्वयं सिलेंडर की आग बुझाने का डेमो किया और विद्यालय के प्रधानाचार्य विधान तिवारी ने बच्चों को अग्नि से बचने और सावधान रहने के लिए सुझाव दिए।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने किया प्रतिभाग



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** प्रतिभा शर्मा राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जनपद मथुरा का भ्रमण किया गया। मंत्री के द्वारा वृंदावन स्थित रामकली सरस्वती बालिका विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभा किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्री के द्वारा जनपद में कक्षा 10 और कक्षा 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली यूपी बोर्ड की प्रथम छात्रा को 11000/- रूपये, द्वितीय छात्रा को 7000/- रूपये व तृतीय छात्रा को 5000/- रूपये एवं चेक देकर सम्मानित किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के माध्यम से गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मंत्री ने गोद भराई और अन्नप्राशन किया। उक्त कार्यक्रम के उपरान्त राज्य मंत्री के द्वारा मथुरा स्थित राजकीय महिला शरणालय का निरीक्षण किया गया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में बुद्धि मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकारी, विकास चंद्र जिला प्रबेशन अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की टीम व जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम, वन स्टाफ सेंटर यूनिट 1 2 तथा रामकली सरस्वती बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# महिला खो-खो ,वॉलीबॉल थ्रो बाल, प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मिशन कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, ठंडी सड़क आजमगढ़ में मिशन महोत्सव 2024 के तहत को को महिला खो-खो ,वॉलीबॉल थ्रो बाल ,प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी धुरुव सिंह जी द्वारा कार्यक्रम का शुरूआत किया गया सर्वप्रथम मां शहजादी देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज ,क्रिश्चियन हॉस्पिटल स्कूल आफ नर्सिंग के बीच खो खो का फाइनल प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें खो-खो में मां शहजादी देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज की महिला टीम विजई रही ,पैरामेडिकल कॉलेज,शहजादी देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज छात्र द्वारा बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पैरामेडिकल कॉलेज की टीम विजई रही तत्पश्चात थ्रो बाल क्रिश्चियन हॉस्पिटल स्कूल आफ नर्सिंग एवं मां शहजादी देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज के बीच हुआ जिसमें मां शहजादी देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज की टीम विजई रहे मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की योजना खेलो इंडिया खाओ इंडिया के तहत विशेष कार्यक्रम किया जा रहा है। संस्था को ससप्रबंधक जी को हम बहुत धन्यवाद देते हैं शिक्षा के साथ-साथ खेल कार्यक्रम करा कर बहुत ही सराहनीय है। हम सभी छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते है। स्वस्थ रहेंगे तभी स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होगा इस मौके पर प्राचार्य डॉ जिजील बी , प्राचार्य अवनी, अर्पण श्रीवास्तव प्राचार्य ,डॉ पंकज सिंह,संदीप मौर्य अजीत पांडे,प्रतीक, योगेंद्र ,प्रज्ञा पाठक, आदि लोग उपस्थित थे।

## शिक्षकों की पुरानी पेंशन योजना से सम्बंधित आदेश के अनुपालन में पक्षपात का आरोप

**प्रयागराज।** पुरानी पेंशन को लेकर केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश के अनुपालन में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा पक्षपात कर मनचाहे लोंगो को लाभ दिलाने तथा योजना का अनुपालन पारदर्शी तरीके से नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के पदाधिकारियों ने आज सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव एवं सपा शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एस पी सिंह पटेल केसंयुक्त नेतृत्व में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र नाथ तिवारी से उनके कार्यालय में मिलकर शिकायत दर्ज की और ज्ञापन सौंपा। सपा नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने के लिये जारी शासनादेश संख्या में निर्देशित है कि जिन भर्तियों का विज्ञापन वर्ष 2005 से पहले का है लेकिन कार्यभार समय से नहीं ग्रहण कर पाएं हैं ऐसे कर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाये।

# पंचायतों में नियमित हो डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन : किरन चौधरी

- डीपीआरओ स्वच्छ भारत अभियान व विकास कार्यों के लिए एडीओ पंचायत के साथ की बैठक
- ई रिक्शा का संचालन नियमित हों
- जो कर्मी पंचायतों के कार्य नहीं कर रहा उनको तुरंत हटाया जाए

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने व विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक कराने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी ने अपने कार्यालय में सभी ब्लाकों के एडीओ पंचायत के साथ बैठक करके डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने पंचातयों में ई रिक्शा का संचालन नियमित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा आरआरसी व वर्मी कम्पोस्ट बनाना प्रत्येक गांव सभा में संचालित हो।

डीपीआरओ ने सभी एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूर्व ही अपने फील्ड में पहुंच जाए। यह देखें कि कि ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का संचालन हो रहा है या नहीं, पंचायत घर पर केयर टेकर उपस्थित है या नहीं, सफाई कर्मी गांवों में नियमित सफाई कर रहे हैं या नहीं। ई रिक्शा डोर टू डोर घरों से कूड़ा कलेक् शन कर रहे हैं या नहीं। जो लापरवाही बरत रहे हैं उसकी सूचना डीपीआरओ कार्यालय को दें ताकि दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में वर्ष 2024- 2025 के तहत ठोस अवशेष प्रबंधन के कार्य दिसम्बर के अंत तक पूरा अवश्य करा लें।

चौधरी ने सभी एडीओ से कहा कि गांवों में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए तकनीकि इंजीनियर को साथ लेकर चले। ताकि कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा हो सके। पंचायत सहायक व पंचायत के केयर टेकर कार्य नहीं कर रहे हैं उनकी सेवाएं समाप्त करें। जो शत प्रतिशत सेवा नहीं दे रहे हैं ऐसे कर्मियों को हटा दिया जाए। उनके स्थान पर पुनः नया चयन करने की कार्रवाई करें।

बैठक में एडीओ श्याम सुंदर सारस्वत, एडीओ मथुरा ललतेश कुमार शर्मा, प्रभारी एडीओ छाता बच्चू सिंह, एडीओ राया संजीव शर्मा आदि एडीओ उपस्थित थे।

# ढोल नगाड़े के साथ भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए लोगों किया आमंत्रित



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी एवं महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पार्षद और भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकनाथ चौक से ढोल नगाड़े डीजे बैंड के साथ जनसंपर्क पदयात्रा अभियान चलाकर 13 दिसंबर को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी लोगों को अक्षत चावल वितरण करते हुए प्रधानमंत्री की जनसभा को सफल बनाने के लिए निवेदन करते हुए उन्हें शामिल होने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होने वाला प्रयागराज का दिव्य और भव्य महाकुंभ 2025 प्रयागराज की महिमा और गौरव को विश्व स्तर पर रेखांकित करेगा और हर प्रयागराज वासियों का सम्मान बढ़ाएगा। इस अवसर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार ने प्रयागराज की गरिमा के अनुरूप विकास किया है और प्रयागराज युद्ध और भव्य में कुंभ मेला की तैयारी की है जो दुनिया को भारतीय संस्कृति का दर्शन कराएगा। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि पदयात्रा चौक ,राम भवन, बहादुरगंज ,मुट्ठीगंज, आदि क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए लोगों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर गिरि बाबा, ज्ञानेश्वर शुक्ला ,राम जी केसरवानी, राजू पाठक, प्रमोद मोदी गिरजेश मिश्रा, राजेश केसरवानी पार्षद किरन जयसवाल सुनीता चोपड़ा रितेश मिश्रा, मुकेश कसेरा, रूद्र सेन जायसवाल, नीरज टंडन,साहिल अरोड़ा, नीरज गुप्ता, अजय अग्रहरि, दिनेश विश्वकर्मा, मनोज मिश्रा, दिलीप केसरवानी, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, राकेश जायसवाल, दीपक केसरवानी सुनील केसरवानी, प्रवीण मालवीय एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता रहे।

## बैनामा कराने के बाद सैनिक भटक रहा है खेत पर कब्जे को

**मथुरा।** देश की पाकिस्तान की पर तैनात एक सैनिक दबंगों के उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर सेना की नौकरी से अवकाश लेकर तहसील महावन से न्याय नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ,एसएसपी कार्यालय पहुंचा। उस समय कार्यालय में जिलाधिकारी नहीं मिले। उसने जब अपनी पीड़ा एसडीएम अजीत कुमार को सुनाई तो उन्होंने उसको अश्वासन दिया। पहले जो बैनामा कराया है उस पर अपना नाम चढवाओ। यह कार्रवाई वे महावन तहसील से करवा देंगे।

श्रीनगर में पाकिस्तान की सीमा पर तैनात एयर डिफेंस विग्रेड में तैनात हाथरस जनपद के गांव मौनिया निवासी युवराज सिंह पुत्र लाल सिंह ने बलदेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गढ़सौली में आराजी खाता संख्या 353 खसरा संख्या 873 रकवा 8. 458 का बैनामा उसने और उसकी पत्नी प्रेमलता के नाम कराया था। उसने यह कृषि भूमि राजवीर सिंह व श्याम वीर सिंह पुत्रगण हरप्रसाद से खरीदी थी। इसके लिए तहसील से एसडीएम के 24 अक्टूबर 2024 को आदेश हो चुके हैं। अब दोनों भाईयों की नीयत बदल गई है। वह हमें उक्त भूमि पर खेती करने नहीं दे रहे हैं। उस पर छेड़खानी और मारपीट का फर्जी मुकदमा लगा दिया। उस पर भारतीय किसान यूनियन के नेता राजकुमार तौमर का हाथ है।

# भाषा विवि के स्वयम-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर को मिली मान्यता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में स्वयम-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर की स्थापना की गई जिसकी स्वीकृति स्वयम्, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कर दी गई है।

यह छात्रों को स्वयम्-एनपीटीईएल पाठ्यक्रम और प्रमाणन परीक्षा में शामिल होने की प्रक्रिया को और आसान करेगा जिसके माध्यम से भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आईआईटी, आईआईएम या एनआईटी जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों से प्रमाण पत्र प्राप्त कर क्रेडिट अर्जित करने का अवसर प्राप्त होगा। स्थानीय अध्याय का मुख्य उद्देश्य moocs कोर्सेज के पहलों का व्यापक प्रसार प्रदान करना और मुख्यधारा की शिक्षा में द्रश्श्रष्ह्य को एकीकृत करना है। स्थानीय अध्याय स्वयम् - एनपीटीईएल की विस्तारित शाखा के रूप में कार्य करेगा। विद्यार्थीयों को विश्वविद्यालय के स्थानीय अध्याय के तहत स्वयं मंच में प्रदान किए गए पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है स्वयम् पोर्टल के द्वारा प्रस्तुत कुछ पाठ्यक्रम हैं दृश्य श्रव्य माध्यम , वित्तीय लेखांकन, डेटा विज्ञान के लिए पायथन, संचालन अनुसंधान, तनाव प्रबंधन, क्लाउड कंप्यूटिंग, मानव संसाधन विकास, उपभोक्ता मनोविज्ञान, जनसंख्या अध्ययन, आदि।

इस पोर्टल पर सभी लेवल के विद्यार्थियों के लिए कोर्स उप्लब्ध हैं जिससे कोई भी पंजीकरण कर घर बैठे शिक्षा ग्रहण कर सकता है।

भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता और स्वयम की संयोजक डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा संचालित स्वयम - एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर की स्थापना भाषा विश्वविद्यालय में कर दी गई है। जिसकी आईडी श्ष्ट 6845 है। डॉ. चौधरी ने बताया कि अब सभी विद्यार्थियों को moocs कोर्सेज की सुविधा स्वयम-एनपीटीईएल पोर्टेल के माध्यम से प्राप्त करने में असुविधा नहीं होगी। जिसमें अर्जित क्रेडिट को नेप के तहत विद्यार्थी अपने वर्तमान में चल रहे कोर्स में भी जुड़वा सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए उनके द्वारा ऑर्डिनेंस भी उन्मोदन के लिए प्रस्तावित कर दिए गए हैं।

लोकल चैप्टर की मान्यता प्राप्त होने पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों से ऑनलाइन माध्यम से स्वयम एनपीटीईएल पोर्टेल की सुविधाएं लेने का आव्हान किया है। जिससे विश्वविद्यालय स्तर पर बहुविषयकता को विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा में आत्मसात किया जा सकेगा।

## ओटीएस के संबंध में अवर अभियंता द्वारा किया गया जागरूक

**आजमगढ़।** शासन के निर्देश के क्रम में 33,11 केवी विद्युत उपकेंद्र भवर नाथ के अवर अभियंता अकबर अली द्वारा विद्युत बकाया के भुगतान संबंधी ओटीएस योजना का प्रचार प्रसार और उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत अकबर अली द्वारा एक मुश्त बकाया भुगतान समाधान योजना ओटीएस के विभिन्न पहलुओं के बारे में जिला पंचायत सदस्य पप्पू यादव ग्राम प्रधान प्रधान करेनुहा सोमनाथ अन्य ग्रामीण व सम्मानित उपभोक्ताओं के बीच लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने इससे संबंधित सूचना पंपलेट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सम्मानित उपभोक्ता, ग्रामीण आदि लोग उपस्थित थे । उन्होंने बताया कि 2 किलोवाट घरेलू वाणिज्यिक औद्योगिक प्राइवेट संस्थान को एकमुस्त भुगतान में 60ः की छूट सर चार्ज में दी जाएगी।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज का बड़ा दावा, बीसीसीआई छिपा रहा जसप्रीत बुमराह की चोट?

टीम इंडिया तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शनिवार से शुरू हो रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट से पहले ब्रिस्बेन में भारत के प्रैक्टिस सेशन में शामिल नहीं हुए, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन चिंतित है। जसप्रीत बुमराह को मंगलवार को भारत के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के साथ समय बिताते हुए देखा गया। बुमराह ने इस हफ्ते नेट्स में गेंदबाजी नहीं की है। वहीं भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने पिछले हफ्ते एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट मैच की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह में असहजता के लक्षण दिखने को सिर्फ ऐंठन बताया था। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई पूर्व गेंदबाज डेमियन फ्लेमिंग ने कुछ अलग ही दावा किया है। अगर उनका दावा सच निकला तो गाबा टेस्ट में टीम इंडिया की टेंशन बढ़ जाएगी। डेमिनय फ्लेमिंग का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की स्थिति को



लेकर कुछ गंभीर संदेह हैं।

डेमियन फ्लेमिंग ने स्श्वह रेडियो से कहा कि, कुछ गंभीर संदेह हैं। सिराज पर वर्कलोड हो सकता है लेकिन मैं हैरान हूं कि बुमराह ने वह ओवर क्यों फेंका। उन्होंने अपना हाथ दिखाया। जसप्रीत बुमराह को एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 81वें ओवर के दौरान अपनी जांघ पकड़े हुए देखा गया था। इसके बाद उन्होंने कुछ इलाज करने लिए बुलाया था। वहीं जसप्रीत बुमराह ने पारी के आखिर में गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी गेंदबाजी की। डेमियन फ्लेमिंग ने दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह के गेंदबाजी करने पर सवाल उठाया। डेमियन फ्लेमिंग ने कहा कि, इसमें ऐंठन जैसी कोई बात नहीं है। पहली पारी में ब्रेक के बाद वह काफी बेचैन था। उसने फिर से गेंदबाजी की, लेकिन दूसरी पारी जितनी धीमी नहीं। मुझे नहीं पता कि उसने वह ओवर क्यों किया? इससे सभी के सामने कुछ रहस्य खुल गए।

# ब्रिस्बेन में हो रही जोरदार बारिश, भारत-ऑस्ट्रेलिया गाबा टेस्ट पर फिरेगा पानी?

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट शनिवार 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर हैं। बिस्बेन टेस्ट दोनों की नजरें सीरीज में बढ़त लेने पर है। टीम इंडिया अभी ब्रिस्बेन पहुंची ही थी कि उनका स्वागत जोरदार बारिश से हुआ। बुधवार को ब्रिस्बेन में भारी बारिश हुई। वेदरजोन के मुताबिक ब्रिस्बेन में बुधवार 75.8 मीटर बारिश हुई। ये फरवरी के बाद साल का सबसे ज्यादा बारिश वाला दिन रहा। इसे बेमौसम बारिश माना जा रहा है। ऐसे में अब ये सवाल उठ रहा है कि क्या शनिवार से शुरू हो रहे टेस्ट मुकाबले पर भी पानी फिर जाएगा।



गाबा स्टेडियम भारत के लिए बहुत खास रहा है। इसी मैदान पर उन्होंने 2021 में ऐतिहासिक जीत के साथ-साथ सीरीज जीती थी। वेदरजोन कि रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिस्बेन टेस्ट पर बारिश का असर नहीं होगा। शनिवार को बारिश की केवल 20 प्रतिशत संभावना है वहीं बाकी के चारों दिन में ये केवल 30 प्रतिशत ही होगी। हालांकि, मंगलवार और बुधवार को हुई भारी बारिश के बाद पिच पर जरूर असर होगा। गाबा में ओवरकास्ट कंडिशन में तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

# भारत में सबसे ज्यादा सर्च किए गए ये दो खिलाड़ी, रोहित-कोहली का नाम टॉप-10 में नही

गूगल ने सबसे ज्यादा सर्च किए गए खिलाड़ियों और टीमों की लिस्ट जारी की है। आमतौर पर टॉप 10 में भारतीय क्रिकेटर्स का नाम शामिल होता है। इस बार भी ऐसा ही कुछ हुआ है। हालांकि, जो नाम टॉप 2 में मौजूद हैं उसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली नहीं हैं। बल्कि इस लिस्ट में टॉप पर पेरिस ओलंपिक 2024 से चर्चा में आई ट्रांसजेंडर बॉक्सर ईमान खालीफ है।

भारत के जिन दो क्रिकेटर्स ने टॉप 10 में जगह बनाई है उसमें से एक अब तक टीम इंडिया के लिए डेब्यू भी नहीं कर पाया है। जबकि दूसरा नाम पूरे साल अलग-अलग कारणों से चर्चा में रहा।

बता दें कि, टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले



भारतीय खिलाड़ी हैं। वहीं दुनिया में हार्दिक 7वें स्थान पर हैं। हार्दिक इस साल मुंबई इंडियंस के कप्तान बने थे। इस दौरान वह काफी चर्चा में रहे। इसके अलावा वह अपनी पत्नी नताशा स्टेनकोविक से भी अलग हो गए थे। जबकि टी20 वर्ल्ड कप में हार्दिक पंड्या एक बार फिर सुर्खियों में छाए रहे।

जबकि इस लिस्ट में दूसरे भारतीय पंजाब किंग्स के शशांक सिंह हैं। आईपीएल ऑक्शन के दौरान शशांक सिंह के नाम पर काफी चर्चा हुई थी। ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने बोली लगाकर फिर ये दावा किया था कि उन्हें गलतफहमी हो गई। हालांकि, बाद में इसे नकार दिया। आईपीएल में शशांक का बल्ला जब भी चला ऑक्शन की घटना का जिक्र जरूर हुआ।

# जो अख्तर-उमर गुल न कर सके, वो शाहीन अफरीदी ने कर दिखाया, ऐसा करने वाले पहले पाकिस्तानी गेंदबाज बने

तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दोनों प्रारूपों में 100 विकेट लेने वाले पाकिस्तान के पहले गेंदबाज बन गए हैं। डरबन में मंगलवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली पारी में शाहीन ने यह उपलब्धि हासिल की। शाहीन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट पूरे किए और दोनों प्रारूपों में 100 विकेट लेने वाले पाकिस्तान के पहले गेंदबाज बन गए। टी20 अंतरराष्ट्रीय के अलावा इस 24 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने वनडे में 112 और टेस्ट क्रिकेट में 116 विकेट लिए हैं।

वह हारिस रऊफ और शादाब खान के बाद 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल करने वाले तीसरे पाकिस्तानी गेंदबाज भी बन गए। शाहीन ने पाकिस्तान के लिए अपने 74वें टी20 मैच में 100 विकेट पूरे किए। वह तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के बाद पाकिस्तान के लिए 100 टी20 विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए। हारिस ने 71



टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उपलब्धि हासिल की थी।

शाहीन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए और न्यूजीलैंड के टिम साउदी, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और श्रीलंका के लसिथ मलिंगा के क्लब में शामिल हो गए। मैच की बात करें तो शाहीन ने रसी वान डर डुसेन, डेविड मिलर और नकाबयोमजी पीटर को अपना शिकार बनाया। शाहीन ने अपने चार ओवर के स्पेल में 22 रन दिए और तीन विकेट झटके।

शाहीन की घातक गेंदबाजी के बावजूद पाकिस्तान 11 रन से हार गया। दक्षिण अफ्रीका ने मिलर के 40 गेंद में चार चौके और आठ छक्के की मदद से बनाए गए 82 रन और जॉर्ज लिंडे के 24 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से बनाए गए 48 रन की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 183 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन के अलावा अबरार अहमद ने भी तीन विकेट लिए। वहीं, अब्बास अफरीदी को दो विकेट मिले। सूफियान मुकीम को एक विकेट मिला। 184 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम के लिए कप्तान मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाए। उन्होंने 62 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। बाबर आजम खाता नहीं खोल सके। सैम अयूब ने 15 गेंद में सात चौके की मदद से 31 रन की पारी खेली। वहीं, उस्मान खान नौ रन और तैयब ताहिर ने 18 रन बनाए। इसके बाद पांच बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। पाकिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 172 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से जॉर्ज लिंडे ने चार विकेट लिए। वहीं, क्वेन मफाका को दो विकेट मिले। बार्टमैन और सिमेलाने को एक-एक विकेट मिला।

# सिराज-हेड की तीखी नोकझोंक पर रिकी पोंटिंग ने दी प्रतिक्रिया

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में दूसरा टेस्ट मैच खेला गया था जिसे मेजबान टीम ने 10 विकेट से जीत लिया। इसके बाद पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। वहीं एडिलेड में हुए डे-नाइट टेस्ट के दूसरे दिन सिराज ने ट्रेविस हेड को 140 रन पर आउट करने के बाद उन्हें तीखा सेंड-ऑफ दिया था। इस घटना पर आईसीसी ने जांच के बाद दोनों खिलाड़ियों पर एक-एक डिमेरिट पॉइंट लगाया। वहीं इस मामले पर अब पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

इस दौरान रिकी पोंटिंग ने कहा कि, इस पूरे वाकये में मुझे नहीं लगता कि किसी के मन में कोई द्वेष था। ये पूरी तरह से एक गलतफहमी



का नतीजा था। उन्होंने बताया कि ट्रैविस हेड ने सिराज को आउट करने के बाद उनकी गेंद की सराहना की, लेकिन सिराज पिछली गेंद पर छक्का लगने से नराज थे।

पोंटिंग ने आगे कहा कि, रोहित शर्मा अपने तेज गेंदबाजों से ऐसे ही जोश की उम्मीद करते हैं। जब उन्हें छक्का लगे और अगली गेंद पर विकेट मिले, तो प्रतिक्रिया स्वभाविक है। ये कोई बड़ी बात नहीं थी।

पोंटिंग ने सिराज को लेकर अपनी चिंता भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जैसे ही सिराज ने हेड को सेंड-ऑफ दिया, मुझे चिंता हुई। अंपायर और मैच रेफरी इस तरह की चीजों को गंभीरता से लेते हैं। इसके अलावा एडिलेड की भीड़ ने भी सिराज को खूब बू किया।

# विक्रांत सिंह से प्रेम विवाह रचाकर पछताईं मोनालिसा? बोलींलव मैरिज में भारी नुकसान हो गैल

मोनालिसा और विक्रांत सिंह की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद है। इन्होंने प्रेम विवाह रचाया। लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद कपल ने रियलिटी शो बिग बॉस में शादी रचाई। अब अचानक मोनालिसा लव मैरिज में पछताती नजर आ रही हैं। आप कुछ गलत समझें उससे पहले बता दें कि हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। दरअसल, मोनालिसा का नया गाना रिलीज हुआ है। इसका टाइटल है, लव मैरिज में भारी नुकसान हो गैल। भोजपुरी सिनेमा की चर्चित स्टार मोनालिसा अपने डांस के लिए मशहूर हैं। आज बुधवार को उनका भोजपुरी गाना रिलीज हुआ है। दिलचस्प बात ये है कि इसमें उनके पति विक्रांत सिंह भी नजर आए हैं। मोनालिसा और विक्रांत के फैंस के लिए यह किसी ट्रीट से कम नहीं। इस गाने में वे लव मैरिज के साइड इफैक्ट दिखाती नजर आई हैं। दोनों के बीच कमाल के केमिस्ट्री दिखाई दी है। गाने में मोनालिसा मजाकिया अंदाज में अपने पति को ताने देती दिख रही हैं।



यह गाना यूट्यूब पर टी-सीरीज हमार भोजपुरी चैनल पर जारी किया गया है। गाने को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लोगों को गाना तो पसंद आ ही रहा है, मोनालिसा और विक्रांत को परदे पर साथ देखकर भी वे बेहद खुश हैं। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे नौ लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पोस्ट साझा कर इस गाने की रिलीज की जानकारी फैंस से साझा की है और इसे देखने की अपील की है। इस गाने को सिंगर प्रिया मलिक ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया है। गीत के बोल पंकज नारायण ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक विक्की प्रसाद ने कम्पोज किया है। म्यूजिक वीडियो के डायरेक्टर अपूर्व बजाज हैं। गाने में दिखाया गया है कि शादी से पहले सिर-आखों पर रखने वाला प्रेमी शादी होते ही किस तरह बदल गया। गाने से अलग मोनालिसा की निजी जिंदगी की बात करें तो विक्रांत सिंह के साथ उन्होंने साल 2017 में शादी रचाई। इससे पहले वे करीब 10 साल लिव-इन रिलेशनशिप में रहे। मोनालिसा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके हाथ नया शो प्रेम लीला लगा है। कल मंगलवार से उन्होंने इसकी शूटिंग शुरू की है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी साझा की। इस शो में वे रुद्राक्षी के किरदार में नजर आएंगी।

# डॉयू-ड्रामा में गायक-रैपर के संघर्ष को दिखाया गया, सलमान खान ने उनके हुनर की तारीफ की

यो यो हनी सिंह- फेमस का ट्रेलर अब रिलीज़ हो गया है और निर्माताओं ने गायक-रैपर के जीवन की एक झलक पेश की है। ट्रेलर में भारत के संगीत सनसनी के एक साधारण से घर में खिड़की रहित जीवन से लेकर बॉलीवुड में उनके सफल उदय तक के सफ़र को दिखाया गया है। ट्रेलर में हनी सिंह के जीवन के विवादास्पद पहलू को भी दिखाया गया है, जिसमें उनके गीतों को लेकर विवाद और उत्थान से एक बड़ी गिरावट के कारण उन्हें होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है। मंगलवार को नेटफ्लिक्स द्वारा डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज़ किया गया और इसमें हनी सिंह के गरीबी से अमीरी तक और फिर अचानक गायब होने के सफ़र को दिखाया गया है।

वीडियो में हनी सिंह के बचपन के दिनों की पुरानी फुटेज दिखाई गई है जिसमें वे सितार बजाते थे और बाद में उनके जुनून ने उन्हें शीर्ष संगीतकार बना दिया। हनी सिंह ने खुलासा किया कि उनके घर में खिड़कियाँ नहीं हैं, लेकिन इसने उन्हें बड़े सपने देखने से नहीं



रोका। सुपरस्टार सलमान खान भी ट्रेलर में नज़र आए और उन्होंने रैपर को ख़ास अंदाज़ में बधाई दी। सलमान ने हनी की कला की सराहना की और कहा, हनी के पास एक ऐसी चीज़ है जो किसी और के पास नहीं है, वो है यो यो हनी सिंह।

ट्रेलर में अश्लील गाने बनाने के आरोप के बाद उनकी कानूनी परेशानियों, उनके स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों और बहुत कुछ दिखाया गया है। ट्रेलर निश्चित रूप से उनके सभी प्रशंसकों की आँखों में आँसू भर देगा। उनके माता-पिता भी ट्रेलर में कम ही दिखाई देते हैं और वे भावुक होते हुए नज़र आते हैं क्योंकि उन्हें याद आता है कि कैसे उन्होंने हनी की मदद की थी। एक बयान में, हनी सिंह ने कहा, सालों से मीडिया में मेरे बारे में अनगिनत अटकलें लगाई जाती रही हैं, और मैंने कभी भी अपनी कहानी का पक्ष साझा नहीं किया। यह डॉक्यूमेंट्री मेरी कहानी बताने का सही मौका है। मेरे प्रशंसक हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं, यहाँ तक कि मेरी अनुपस्थिति में भी, और इसके लिए मैं हमेशा उनका आभारी रहूँगा। उन्होंने यह भी कहा, यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म स्पॉटलाइट से परे जाकर मेरे असली रूप को उजागर करती है उतार-चढ़ाव और बीच की हर चीज। मैं आखिरकार अपनी यात्रा को दुनिया के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं।

निर्देशक मोजेज सिंह ने कहा कि हनी ने उन्हें अपने जीवन में अभूतपूर्व पहुंच प्रदान की और कहा, यह तथ्य कि उन्होंने अपनी कहानी के लिए मुझ पर भरोसा किया है, मेरे लिए न केवल एक फिल्म निर्माता के रूप में बल्कि एक इंसान के रूप में भी सच्चाई का एक वास्तविक क्षण है। डॉक्यूमेंट्री के निर्माता गुनीत मोंगा कपूर और अचिन जैन ने कहा, हम भारत के सबसे प्रिय संगीत आइकन में से एक की यात्रा के अनकहे पहलुओं को साझा करने के लिए उत्साहित हैं शायद ही कोई ऐसा हो जिसने उनके कम से कम एक गाने पर थिरक न किया हो, और अब समय आ गया है कि हम उन्हें बिना किसी फिल्टर के असली रूप में जानें। यो यो हनी सिंह फेमस का प्रीमियर 20 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।

# जब जया बच्चन घर की सारी ज़िमेदारियाँ ऐश्वर्या राय को देना चाहती थीं? इस सदस्य ने सास बहू के रिश्ते में डाली थी खट्टास?

बॉलीवुड कपल ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन तलाक की अफवाहों के कारण काफी चर्चा में हैं। दोनों ने 20 अप्रैल, 2007 को अमिताभ बच्चन के घर जलसा में एक निजी समारोह में शादी की थी। ऐश्वर्या ने हमेशा बच्चन परिवार के साथ मधुर संबंध बनाए। ऐश्वर्या ने अमिताभ बच्चन के साथ कई फिल्मों में काम किया। ऐश्वर्या और अभिषेक ने अपने से कई कपल गोल दिए। वे बेटी आराध्या बच्चन के माता-पिता हैं।

कॉफी विद करण के साथ एक साक्षात्कार में, जया बच्चन ने अपनी बहू ऐश्वर्या राय के साथ अपने बोझ को साझा करने के बारे में दिल खोलकर बात की। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बच्चन परिवार का एक सदस्य इसके लिए तैयार नहीं था और उसने जया को ऐसा करने से रोक दिया। क्या आप अनुमान लगा सकते हैं कि वह कौन था? वह अमिताभ और जया बच्चन



की बेटी श्वेता बच्चन थीं जो इस विचार से सहमत नहीं थीं। चैट शो के दौरान जया बच्चन ने अभिषेक से शादी के बाद ऐश्वर्या के साथ अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को साझा करने के बारे में बात की। करण जौहर ने जया से पूछा, %अब आप अपनी बहू के साथ कुछ मुद्दों को साझा करेंगी। ऐश आएंगी, जो आपके कंधों से कुछ बोझ उतारेंगी। जया ने जवाब दिया, उम्मीद है। मुझे उम्मीद है कि वह कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ संभालेंगी। करण ने कहा, तो आप उन्हें और भी बहुत कुछ देना चाहती हैं? श्वेता ने जया से कहा, ऐसा मत करो मां। यह डरावना और डराने वाला है। जया ने उनसे कहा, क्या बकवास है, जिस पर श्वेता ने उन्हें यह कहकर समझाया, धीरे-धीरे उसे इसमें ढालो। करण ने तुरंत कहा, बच्चन की जीवनशैली? जया ने बस सिर हिलाया, जबकि श्वेता ने कहा, यह इतना मुश्किल नहीं है। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की शादी को अब 16 साल हो चुके हैं और ऐसी अफवाहें हैं कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। ऐश्वर्या और अभिषेक अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अलग-अलग पहुंचे।

# सुनील पाल के बाद स्टार मुश्ताक खान को दिल्ली-मेरठ हाईवे पर अगवा कर लिया गया, 12 घंटे तक किया गया प्रताड़ित

बॉलीवुड अभिनेता मुश्ताक खान, जो अक्षय कुमार अभिनीत वेलकम में अपनी भूमिका के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं, ने दिल्ली-मेरठ हाईवे से अपहरण किए जाने के बारे में अपनी दिल की बात बताई। अभिनेता को कथित तौर पर 20 नवंबर को मेरठ में एक पुरस्कार समारोह में भाग लेने के बहाने बुलाया गया था। लेकिन, कुछ ही समय में चीजें बदसूरत हो गईं।

मुश्ताक खान के बिजनेस पार्टनर शिवम यादव ने एक मीडिया पोर्टल को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया कि अभिनेता को धोखे से एक कार में बैठाया गया था जो उन्हें दिल्ली से बहुत दूर ले जाएगी। अभिनेता को कथित तौर पर फ्लाइट टिकट और अग्रिम भुगतान के साथ कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था जो उनके खाते में भेजा गया था। दिल्ली में उतरने के बाद, उन्हें उठा लिया गया और बिजनौर के पास एक सुनसान इलाके में ले जाया गया। अभिनेता को



उनके अपहरणकर्ताओं ने लगभग 12 घंटे तक बंधक बनाए रखा और उन्हें प्रताड़ित भी किया। तमाम यातनाओं और अव्यवस्थाओं के बाद अपहरण कर्ताओं ने खान और उनके बेटे के बैंक खातों से 2 लाख रुपए निकाल लिए। शिवम के अनुसार, मुश्ताक ने सुबह की अज़ान सुनकर भागने की कोशिश की क्योंकि उसे एहसास हुआ कि पास में एक मस्जिद है। अभिनेता ने स्थानीय लोगों की मदद ली और पुलिस की मदद से वह सुरक्षित घर पहुँच गया। शिवम ने कहा, मुश्ताक सर और उनका परिवार उनके साथ हुई घटना से पूरी तरह हिल गया था। हालाँकि, उन्हें हमेशा यकीन था कि वह खुद को संभालने के बाद एफआईआर दर्ज कराएँगे। कल, मैं बिजनौर गया और आधिकारिक एफआईआर दर्ज कराई। हमारे पास फ्लाइट टिकट, बैंक खाते और यहाँ तक कि एयरपोर्ट के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के सबूत हैं। वह आस-पड़ोस को भी पहचानता है, यहाँ तक कि वह जिस घर में रखा गया था, उसे भी पहचानता है। मुझे लगता है कि पुलिस टीम जल्द ही अपराधियों को पकड़ लेगी। बाद में उन्होंने कहा, हमें मामले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

मुश्ताक सर के लौटने के बाद, हमने अपने कुछ करीबी दोस्तों से इस घटना के बारे में बात की। जब सुनील का मामला मीडिया में आया, तो उन्होंने हमें इस बारे में बताया। यह चौंकाने वाली बात है कि इंडस्ट्री की दो मशहूर हस्तियों को भी ऐसी ही स्थिति से गुजरना पड़ा। हमें उम्मीद है कि भविष्य में सभी के लिए जागरूकता और सुरक्षा होगी। मुश्ताक जल्द ही आने वाले दिनों में मीडिया को संबोधित करेंगे और पूरी घटना के बारे में बताएंगे। खैर, यह अपहरण कॉमेडियन सुनील पाल के अपहरण से मिलता-जुलता है। अभिनेता-कॉमेडियन को भी एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धोखा दिया गया था और बाद में उनका अपहरण कर लिया गया था। अपहरणकर्ताओं ने 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी और बाद में उनसे 8 लाख रुपये ले लिए।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद एक्शन में चुनाव आयोग




**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में तमाम नारों का इस्तेमाल किया गया, इसमें वोट जिहाद जैसे तमाम जुमलों का इस्तेमाल किया गया। वहीं चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, आयोग इस्तेमाल किए गए ऐसे सभी शब्दों की जांच की जा रही है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद नतीजे और यहां तक की राज्य में सरकार का गठन भी हो चुका है। लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं की तरफ से इस्तेमाल किए गए विवादित जुमलों को लेकर चुनाव आयोग अब कार्रवाई करने में जुट गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि हाल ही में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में चुनाव प्रचार के दौरान कुछ राजनीतिक दलों की तरफ से इस्तेमाल किए गए वोट जिहाद जैसे विवादास्पद जुमले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) की जांच के दायरे में हैं। महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. किरण कुलकर्णी ने यह भी कहा कि राज्य चुनावों के दौरान चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के 650 से अधिक मामले दर्ज किए गए, और प्रवर्तन एजेंसियां यह सुनिश्चित करेंगी कि इन मामलों को निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए।

## भाजपा, कांग्रेस ने सदन को स्थगित करने पर मजबूर किया, तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी का बड़ा आरोप

**सदन**

टीएमसी सांसद ने पत्रकारों से कहा, सदन कांग्रेस और भाजपा की इच्छा के अनुसार चलता है, कांग्रेस और भाजपा को तय करना चाहिए कि वे सदन चलाना चाहते हैं या नहीं।



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र जारी है और तकरीबन हर दिन हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित हो रही है। इसे लेकर तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी की तरफ से भाजपा और कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उनके अनुसार, भाजपा, कांग्रेस ने सदन को स्थगित करने पर मजबूर किया। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने बुधवार को संसद में बार-बार होने वाले स्थगन को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा और उन्हें व्यवधान के लिए जिम्मेदार ठहराया। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि ये दल स्थगन के लिए मजबूर करते हैं, जिसके कारण अन्य लोगों को अपने मुद्दे उठाने का अवसर नहीं मिल पाता। टीएमसी सांसद ने पत्रकारों से कहा, सदन कांग्रेस और भाजपा की इच्छा के अनुसार चलता है, कांग्रेस और भाजपा को तय करना चाहिए कि वे सदन चलाना चाहते हैं या नहीं। उन्होंने कहा, भाजपा सत्तारूढ़ दल है, कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। उन्हें सदन में अधिक अवसर मिलते हैं, हमें कुछ नहीं मिलता। वे जब चाहें किसी भी मुद्दे पर सदन बंद कर देते हैं। उन्होंने कहा, यदि भाजपा सदन को चलने नहीं देना चाहती, तो निशिकांत दुबे आकर कोई मुद्दा उठाएंगे, कांग्रेस के साथ भी ऐसा ही है। वे कोई मुद्दा उठाते हैं और सदन स्थगित हो जाता है। अन्य दलों का क्या, हमारा काम नहीं हो रहा है। कांग्रेस नेतृत्व और अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस समर्थित प्रतिष्ठानों के बीच कथित संबंधों को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच टकराव के कारण बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही बाधित हुई और सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं लोकसभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक 2024 पारित किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 10 हजार लोकोमोटिव और 15 हजार किमी रेलवे ट्रैक पर कवच का काम चालू हो गया है। विकसित देशों ने जो 20 साल में काम किया, वह काम भारत ने पांच साल में किया। कवच लगने से 10 किमी दूर का सिग्नल ड्राइवर को केबिन में मिल जाएगा। बाहर कुहासा हो, तो भी कवच से सिग्नल मिलेगा। ओवर स्पीड होने पर कवच ऑटोमेटिक ब्रेक लगा देगा। आप विश्वास नहीं करेंगे कि ट्रायल के दौरान लोको पायलट के चेहरे पर कितनी खुशी थी।

## पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका की तरह खतरे में भारत का लोकतंत्र



**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने बुधवार को पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका से भारतीय लोकतंत्र की तुलना की और दावा किया कि यह खतरे में है और इस पर वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है। पटोले ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भी सवाल उठाए और कहा कि सोलापुर जिले के मारकडवाड़ी गांव में एक जन आंदोलन उभर रहा है, जहां के निवासी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर शक जता रहे हैं और मतपत्रों से दोबारा चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ईवीएम पर शक जताने वाले और मतपत्रों से मतदान की मांग करने वाले लोगों की आवाज दबा रही है और इस मामले में कई ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नागपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पटोले ने यह भी आरोप लगाया कि महायुति गठबंधन की जीत को लेकर शक जताने वाले लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई शहरों और गांवों में लोगों ने महायुति की जीत और इसके बाद सरकार गठन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका में लोकतांत्रिक व्यवस्था खतरे में है। अब यह भी चिंता जताई जा रही है कि भारतीय लोकतंत्र खतरे में है और यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन रहा है। मारकडवाड़ी की घटना केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है।

## कांग्रेस का जगदीप धनखड़ पर हमला, कहा- राज्यसभा में व्यवधान का कारण खुद सभापति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सदन में राज्यसभा अध्यक्ष के आचरण ने देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। वह सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। वह स्कूल के हेडमास्टर की तरह काम करते हैं। अनुभवी विपक्षी नेताओं को उपदेश देते हैं और उन्हें बोलने से रोकते हैं। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर हमला बोला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में नियमों से ज्यादा राजनीति हो रही है। सभापति पक्षपातपूर्ण व्यवहार करते हैं। राज्यसभा में व्यवधान का कारण खुद सभापति हैं। खरगे ने कहा कि सदन में राज्यसभा अध्यक्ष के आचरण ने देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। वह पदोन्नति के लिए सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। वह स्कूल के हेडमास्टर की तरह काम करते हैं। अनुभवी विपक्षी नेताओं को उपदेश देते हैं और उन्हें बोलने से रोकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यसभा अध्यक्ष का आचरण पद की गरिमा के विपरीत रहा है। वह विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हैं, अक्सर सरकार की प्रशंसा करते हैं। हमें मजबूरी में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम राज्यसभा अध्यक्ष के व्यवहार और पक्षपात से तंग आ चुके हैं। इसीलिए हमने उन्हें हटाने का नोटिस दिया है। हमारे पास राज्यसभा अध्यक्ष के खिलाफ कुछ भी नहीं है, लेकिन उन्होंने हमारे पास उन्हें हटाने के लिए नोटिस के साथ आगे बढ़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा। कांग्रेस अध्यक्ष बोले कि हमारी उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक लड़ाई नहीं है।

## सीरिया में नई सत्ता से क्यों घबराया इस्राइल?

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल का सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा नहीं है, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मौजूदा सरकार ईरान को सीरिया में फिर से स्थापित होने देती है या हिजबुल्लाह को हथियार हस्तांतरित करती है, तो आवश्यककदम उठाए जाएंगे..


## सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के 26 सप्ताह के गर्भ को खत्म करने की अनुमति

**नई दिल्ली।** कोर्ट ने कहा कि 29 नवंबर को एक मीडिया रिपोर्ट से पता चला कि तिनसुकिया में एक 14 वर्षीय पीड़िता से चार नाबालिगों सहित सात लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। मामले में पांच दिसंबर को स्वतः सुनवाई करते हुए कोर्ट ने गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971 (एमटीपीए) के मुताबिक पीड़िता की जांच और गर्भावस्था की समाप्ति के लिए मेडिकल बोर्ड और जिला स्तरीय समिति का गठन किया था। गौहाटी हाईकोर्ट ने असम के तिनसुकिया में 15 वर्षीय सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के 26 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति दी। हाईकोर्ट ने इसे पीड़िता के लिए सर्वोत्तम हित माना। मीडिया रिपोर्ट के बाद मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जस्टिस कल्याण राय सुराना और न्यायमूर्ति सुस्मिता फुकन खांड की पीठ ने राज्य सरकार को भ्रूण का समापन करने और 19 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा।

# अतुल की खुदकुशी से उठा दहेज कानून के दुरुपयोग का मुद्दा, हर साल आते हैं कितने फर्जी केस?

**घटनाक्रम**

यह शिकायत मृतक के भाई विकास कुमार ने दर्ज कराई है जिसमें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई है।




**बंगलूरू।** बीते दिनों बंगलूरू में हुई एक घटना इस वक्त देश भर में चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां सोमवार को आईटी पेशेवर अतुल सुभाष ने अपनी अलग रह रही पत्नी द्वारा कथित उत्पीड़न का हवाला देते हुए आत्महत्या कर ली। उन्होंने 24 पन्नों का एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें अपनी पत्नी के साथ-साथ ससुराल वालों के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए। सुभाष के मामले ने दहेज कानून के दुरुपयोग पर बहस शुरू कर दी है। मंगलवार को देश की सर्वोच्च अदालत ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग पर चिंता जताई।

बंगलूरू में आईटी पेशेवर की आत्महत्या का मामला क्या है? सुप्रीम कोर्ट ने दहेज कानूनों के दुरुपयोग पर क्या चिंता जताई है? देश में दहेज कानून क्या हैं? कानून के दुरुपयोग के बारे में आंकड़े क्या कहते हैं? आइये जानते हैं... बंगलूरू में एक निजी फर्म के 34 वर्षीय उपमहाप्रबंधक अतुल सुभाष ने सोमवार को आत्महत्या कर ली। वह मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले थे और काम के सिलसिले में बेंगलुरु में रहते थे। उनका ससुराल उत्तर प्रदेश के जौनपुर का था। अतुल 24 पन्नों का एक सुसाइड नोट छोड़ गए, जिसमें पत्नी, ससुराल वालों और एक न्यायाधीश पर आत्महत्या, उत्पीड़न, जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के लिए उकसाने का आरोप लगाया। अब इस मामले में अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग उर्फ पीयूष सिंघानिया और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह शिकायत मृतक के भाई विकास कुमार ने दर्ज कराई है जिसमें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई है। शिकायत में कहा गया है कि चारों आरोपियों ने अतुल के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया और मामले के निपटारे के लिए 3 करोड़ रुपये देने की मांग की थी। आरोप है कि अतुल ने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया। अतुल ने 24 पन्नों के सुसाइड नोट के हर पन्ने पर न्याय मिलना चाहिए लिखा है। पत्नी निकिता और ससुराल वालों के साथ-साथ सुभाष ने जौनपुर में एक पारिवारिक न्यायालय के जज पर भी उनकी सुनवाई न करने का आरोप लगाया। सुभाष ने अपने कथित उत्पीड़न को बताने के लिए एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया। इसमें परिजनों से कहा गया है कि न्याय मिलने तक उनकी अस्थियों को विसर्जित न किया जाए। नोट में चार साल के बेटे के लिए भी एक संदेश था जिसे अतुल से अलग रखा गया था। नोट में अतुल ने अपने माता-पिता को उनके बच्चे की कस्टडी देने की भी मांग की। नोट और वीडियो का लिंक एक एनजीओ के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा गया था, जिससे अतुल जुड़े हुए थे। सुभाष ने अपने नोट में आरोप लगाया कि पत्नी निकिता सिंघानिया ने उनके खिलाफ हत्या, यौन उत्पीड़न, पैसे के लिए उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और दहेज सहित नौ मामले दर्ज कराए थे।दहेज कुप्रथा को रोकने के लिए हमारे देश में कई कानून बनाए हैं। असहाय महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने के लिए कानून बनाने पर जोर दिया गया था।

## चीन से मुकाबले के लिए रूस के साथ अरबों के रक्षा सौदे कर सकता है भारत, इस रडार की खरीद हो सकती है खास



**मॉस्को।** बताया गया है कि इस समझौते में जिन हथियार प्रणालियों पर बातचीत चल रही है, उनमें सबसे अहम वोरोनेझ रडार सिस्टम की श्रृंखला है, जिसे रूस की अल्माज-एंटेय कॉरपोरेशन की तरफ से बनाया जाता है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का रूस दौरा जारी है। उन्होंने एक दिन पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और दोनों देशों की दोस्ती को सबसे गहरे महासागर से भी गहरा करार दिया। बताया जा रहा है कि इस बीच दोनों देशों के बीच एक बड़े रक्षा समझौतों को लेकर चर्चाएं अंतिम चरणों में है। पड़ोसी चीन के खतरे को देखते हुए भारत ने रूस से कई अहम हथियार और सुरक्षा प्रणाली खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। ऐसे में वह करीब 4 अरब डॉलर के साजो-सामान की खरीद का मन बना चुका है। बताया गया है कि इस समझौते में जिन हथियार प्रणालियों पर बातचीत चल रही है, उनमें सबसे अहम वोरोनेझ रडार सिस्टम की श्रृंखला है, जिसे रूस की अल्माज-एंटेय कॉरपोरेशन की तरफ से बनाया जाता है। यह कंपनी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम और रडार बनाने में विशेषज्ञ मानी जाती है। वोरोनेझ रडार लंबी दूरी तक खतरे की पहचान करने वाला रडार सिस्टम है। इसकी रेंज 8,000 किलोमीटर तक है। इसके जरिए बैलिस्टिक मिसाइल, फाइटर जेट्स और अंतरद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) जैसे खतरों की भी आसानी से पहचान और ट्रैकिंग की जा सकती है। अगर भारत इस एडवांस रडार सिस्टम को हासिल कर लेता है तो वह चीन, दक्षिण, मध्य एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र से आने वाले खतरों का भी आसानी से पता लगाने के बाद उन्हें रोक सकता है। वोरोनेझ रडार सिस्टम एक साथ 500 चीजों का एक साथ पता लगा सकता है। इसकी कुल रेंज 10 हजार किलोमीटर तक है। ऊंचाई के हिसाब से इसकी रेंज 8,000 किमी तक है। वहीं सतह पर इसकी पहुंच 6,000 किमी तक है। मॉस्को का कहना है कि वोरोनेझ रडार सिस्टम स्टेल्थ एयरक्राफ्ट को भी ट्रैक कर सकता है। इसकी जबरदस्त रेंज की वजह से यह दूरी से आने वाली आईसीबीएम और पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में स्थित वस्तुओं की पहचान भी सकता है। रशिया टुडे के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच इस समझौते कोलेकर काफी समय से चर्चाएं जारी हैं और पिछले महीने ही अल्माज-एंटेय की एक टीम भारत गई थी, ताकि वहां इसे बनाने के लिए प्रोजेक्ट के साझेदार पर बात बन सके। एक और रिपोर्ट में कहा गया है कि मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए 60 फीसदी रडार सिस्टम के स्थानीय स्तर पर निर्माण पर चर्चा चल रही है। इसके लिए ही कंपनी भारत में एक ऑफसेट साझेदार की तलाश कर रही है। अगर यह समझौता तय होता है तो यह रडार सिस्टम भारत के कर्नाटक में चित्रदुर्ग में लगाया जा सकता है। बताया गया है कि इसके लिए जगह भी तलाश ली गई है।

## चीन से मुकाबले के लिए रूस के साथ अरबों के रक्षा सौदे कर सकता है भारत

**मॉस्को।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का रूस दौरा जारी है। उन्होंने एक दिन पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और दोनों देशों की दोस्ती को सबसे गहरे महासागर से भी गहरा करार दिया। बताया जा रहा है कि इस बीच दोनों देशों के बीच एक बड़े रक्षा समझौतों को लेकर चर्चाएं अंतिम चरणों में है। पड़ोसी चीन के खतरे को देखते हुए भारत ने रूस से कई अहम हथियार और सुरक्षा प्रणाली खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। ऐसे में वह करीब 4 अरब डॉलर के साजो-सामान की खरीद का मन बना चुका है।

बताया गया है कि इस समझौते में जिन हथियार प्रणालियों पर बातचीत चल रही है, उनमें सबसे अहम वोरोनेझ रडार सिस्टम की श्रृंखला है, जिसे रूस की अल्माज-एंटेय कॉरपोरेशन की तरफ से बनाया जाता है। यह कंपनी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम और रडार बनाने में विशेषज्ञ मानी जाती है।

वोरोनेझ रडार लंबी दूरी तक खतरे की पहचान करने वाला रडार सिस्टम है। इसकी रेंज 8,000 किलोमीटर तक है। इसके जरिए बैलिस्टिक मिसाइल, फाइटर जेट्स और अंतरद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) जैसे खतरों की भी आसानी से पहचान और ट्रैकिंग की जा सकती है। अगर भारत इस एडवांस रडार सिस्टम को हासिल कर लेता है तो वह चीन, दक्षिण, मध्य एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र से आने वाले खतरों का भी आसानी से पता लगाने के बाद उन्हें रोक सकता है।


वोरोनेझ रडार सिस्टम एक साथ 500 चीजों का एक साथ पता लगा सकता है। इसकी कुल रेंज 10 हजार किलोमीटर तक है। ऊंचाई के हिसाब से इसकी रेंज 8,000 किमी तक है। वहीं सतह पर इसकी पहुंच 6,000 किमी तक है। मॉस्को का कहना है कि वोरोनेझ रडार सिस्टम स्टेल्थ एयरक्राफ्ट को भी ट्रैक कर सकता है। इसकी जबरदस्त रेंज की वजह से यह दूरी से आने वाली आईसीबीएम और पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में स्थित वस्तुओं की पहचान भी सकता है।

रशिया टुडे के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच इस समझौते कोलेकर काफी समय से चर्चाएं जारी हैं और पिछले महीने ही अल्माज-एंटेय की एक टीम भारत गई थी, ताकि वहां इसे बनाने के लिए प्रोजेक्ट के साझेदार पर बात बन सके। एक और रिपोर्ट में कहा गया है कि मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए 60 फीसदी रडार सिस्टम के स्थानीय स्तर पर निर्माण पर चर्चा चल रही है। इसके लिए ही कंपनी भारत में एक ऑफसेट साझेदार की तलाश कर रही है।

अगर यह समझौता तय होता है तो यह रडार सिस्टम भारत के कर्नाटक में चित्रदुर्ग में लगाया जा सकता है। बताया गया है कि इसके लिए जगह भी तलाश ली गई है।

**रडार**

यह कंपनी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम और रडार बनाने में विशेषज्ञ मानी जाती है।



चित्रदुर्ग में पहले ही भारत के कई आधुनिक और खुफिया रक्षा और एयरोस्पेस केंद्र हैं।

## भारतीय मूल के छात्र को फलस्तीन समर्थित निबंध लिखने पर एमआईटी ने किया निलंबित, विश्वविद्यालय पर उठे सवाल

**पीएचडी**

प्रह्लाद इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान विभाग से पीएचडी कर रहे हैं



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैम्ब्रिज में स्थित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) दुनिया का जाना-माना संस्थान है। हर कोई यहां से पढ़ने का सपना देखता है। हालांकि, अब यह विश्वविद्यालय एक छात्र पर की गई कार्रवाई के चलते सुर्खियों में आ गया है। दरअसल, भारतीय मूल के एक छात्र प्रह्लाद अयंगर को फलस्तीन समर्थक निबंध लिखना भारी पड़ गया। उनपर यूनिवर्सिटी ने बैन लगा दिया है।

प्रह्लाद इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान विभाग से पीएचडी कर रहे हैं, लेकिन अब उनकी पांच साल की नेशनल साइंस फाउंडेशन ग्रेजुएट रिसर्च फेलोशिप खत्म हो जाएगी। एमआईटी ने भारतीय मूल के छात्र के कॉलेज कैंपस में प्रवेश करने पर रोक लगा दी है। छात्र ने ये निबंध कॉलेज की मैग्जीन में लिखा था, जिसे एमआईटी ने हिंसा से संबंधित माना। साथ ही इस मैग्जीन को भी बैन कर दिया है।

आयंगर के लिखे निबंध का शीर्षक 'ऑन पैसिफिज्म' है। हालांकि उसके लेख से सीधे तौर पर हिंसक प्रतिरोध का आह्वान नहीं किया गया है, लेकिन इसमें लिखा है कि 'शांतिवादी रणनीति' शायद फलस्तीन के लिए अच्छा उपाय नहीं है। खास बात यह है कि इस निबंध में पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ फलस्तीन का लोगो भी दिखाया गया है। जो अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार एक आतंकवादी संगठन है। हालांकि, अयंगर ने अपनी सफाई दी है। उनका कहना है कि उन पर आतंकवाद के आरोप लगाए जा रहे हैं। वो भी महज निबंध में दी गई तस्वीरों के कारण। जबकि ये तस्वीरें उन्होंने नहीं दी थीं। वहीं कॉलेज का कहना है कि निबंध में जिस तरह की भाषा इस्तेमाल की गई, उसे हिंसक या विध्वंसकारी विरोध प्रदर्शन का आह्वान माना जा सकता है। अयंगर ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की कमी का मुद्दा उठाया है। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब अयंगर पहली बार निलंबित हुए हैं। पिछले साल फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। एमआईटी के रंगभेद विरोधी गठबंधन ने भी आवाज मुखर की है। संगठन से जुड़े छात्रों ने एमआईटी के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

## मार्शल लॉ को लेकर राष्ट्रपति के कार्यालय पर छापेमारी, पूर्व रक्षा मंत्री ने की जान देने की कोशिश

इससे पहले एक संसदीय सुनवाई के दौरान सेना के एक कमांडर क्वाक जोंग-क्युन ने मंगलवार को कहा कि उन्हें किम योंग-ह्यून से सेना को संसद की तरफ भेजने का सीधा आदेश मिला था। किम ने उन्हें निर्देश दिया था कि 300 सदस्यों वाली संसद में सांसदों को घुसने से रोकना है, ताकि यून के मार्शल लॉ को हटाने के लिए जरूरी 150 वोट न जुटाए जा सकें।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक योल के कार्यालय पर बुधवार को पुलिस ने छापा मारा। छापेमारी देश में मार्शल लॉ लागू करने के मामले की जांच के तहत की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, सियोल मेट्रोपॉलिटन पुलिस और नेशनल असेंबली पुलिस गार्ड्स के कार्यालयों पर भी छापे मारे गए हैं। इस बीच खबर है कि दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून ने आत्महत्या का प्रयास किया। गनीमत रही कि उन्हें बचा लिया गया और अब उनकी हालत स्थिर है। इससे पहले मार्शल लॉ को लागू करने वाले अधिकारियों पर गाज गिरनी जारी है। इसके तहत दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी के आयुक्त जनरल चो जी हो और पुलिस अफसर किम बॉन्ग सिक पर भी कार्रवाई की गई है। दोनों को सोल के नैमदेमुन पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया है। पुलिस के दोनों उच्चाधिकारियों के खिलाफ राजधानी सोल में स्थित संसद के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात करने का आरोप है, जिसे सांसदों को अंदर घुसने से रोकने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। तब सांसदों का एक बड़ा समूह राष्ट्रपति यून की तरफ से लगाए गए मार्शल लॉ को हटाने के लिए संसद में वोटिंग करना चाहते थे। हालांकि, पुलिसबल की तैनाती की वजह से उन्हें मुख्य दरवाजे से एंट्री नहीं मिली थी। बाद में सांसद खिड़कियों और अन्य रास्तों से संसद में घुसे। इस पूरे घटनाक्रम के बाद राष्ट्रपति यून ने अपने रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। बाद में उन्हें मार्शल लॉ के फैसले में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार कर लिया गया।

## अमेरिका में जन्म से ही नागरिकता मिलने के नियम को बदलवा सकते हैं ट्रंप? भारतीयों पर क्या होगा असर



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उस कानून को हास्यास्पद बताया, जिसके तहत देश में जन्मे किसी भी व्यक्ति को अपने आप अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है। ट्रंप ने इशारा किया कि वह 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद इस कानून को खत्म करवाने के लिए कदम उठाएंगे।

ट्रंप के लिए नागरिकता से जुड़ा यह कदम इतना भी आसान हीं होगा, लेकिन अगर वे इस नियम को बदलवाने में सफल होते हैं तो इसका दूरगामी असर क्या होगा इसका भारतीयों समेत बाकी देशों के नागरिकों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

बड़ी बात यह है कि यह अधिकार अमेरिका के संविधान के 14वें संशोधन के तहत दिया गया है, जिससे देश की सीमाओं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में जन्में हर व्यक्ति को अपने आप ही अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है, फिर चाहे उसके माता-पिता किसी भी मूल के हों।

ट्रंप ने कहा कि वह जन्म से मिलने वाले नागरिकता के नियम को भी बदल देंगे। ट्रंप ने कहा कि हमें इसे खत्म करना होगा। बाकी देशों में यह चलन नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के नियम से देश के सिस्टम का फायदा उठाया जाता है और अमेरिकी नागरिक बनने के मानक थोड़े सख्त होने चाहिए। ट्रंप और उनके समर्थकों का कहना है कि इस नियम से बर्थ टूरिज्म (बच्चों के जन्म के लिए पर्यटन) को बढ़ावा मिलता है। इसके तहत माता-पिता अपने बच्चों के जन्म के लिए अमेरिका का दौरा करते हैं, ताकि उन्हें अमेरिकी नागरिकता मिल जाए।

ट्रंप का कहना है कि वे परिवारों को नहीं तोड़ना चाहते, इसलिए वे पूरे के पूरे परिवारों को ही एक साथ वापस उनके देश भेजने के पक्षधर हैं। रिपब्लिकन नेता ने दावा किया कि अमेरिका इकलौता देश है, जहां पर यह नियम है। हालांकि, उनका यह दावा गलत है, क्योंकि दुनिया के 34 अन्य देशों में भी यह नियम हैं।

ट्रंप का यह वादा उनके लिए गले की फांस भी बन सकता है। दरअसल, अमेरिकी संविधान को बदलने के नियम काफी सख्त हैं। ऐसे में संसद और राज्यों के जरिए इन नियमों को बदलवाना अमेरिकी राष्ट्रपतियों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो सकता है। इसके रास्ते में राज्य की विधायिकाओं से लेकर संसद के दोनों सदनों की चुनौतियां आ सकती हैं।

# छात्रों ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** द पाम एकेडमी स्कूल करेलाबाग का वार्षिक खेल दिवस मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अहमद पूर्व कुलपति अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी अध्यक्ष इलाहाबाद उच्चन्यालय बार एसोसिएशन और द पाम एकेडमी स्कूल के संस्थापक डॉक्टर वलीउल्ला सिद्दीकी रहे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूली छात्रों की सफलता अनुशासन और और कौशल को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम थे। रस्साकसी , म्यूजिक की धुन पर पीटी ,लम्बी दूरी की दौड़, ऊंची छलांग आदि में छात्रों द्वारा अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन करते हुये खूब धमाल मचाया। रिंग व ड्रिल के साथ रंगीन परिधान पहन मार्च पास्ट मे बच्चों ने टीम वर्क को प्रदर्शित किया

वार्षिक स्पोर्ट समारोह औपचारिक रूप से एकता और देशभक्ति के प्रतीक भारतीय राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ सम्पन्न हुआ समारोह में मुख्य अतिथि और द पाम एकेडमी के संस्थापक द्वारा अपने मूल्यवान संबोधन से छात्रों को दी गई सलाह और सराहना के अनमोल शब्दों द्वारा चिन्हित किया गया था।

डॉक्टर वलीउल्ला ने कहा की खेल कूद से बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रहता है अपने शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए सभी लोगो को खेल के साथ व्यायाम भी करना चाहिए व्यायाम करने से शरीर में होने वाली बीमारियां दूर होती हैं। द पाम एकेडमी के निदेशक अलमुल्लाह सिद्दीकी, प्रिंसिपल सालेहा मदनी और स्कूल के उप प्रिंसिपल मोहम्मद सगीर ने उनके वार्षिक खेल दिवस को विशेष और यादगार बनाने के लिए उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# लोक अदालतः प्रचार वाहन को किया रवाना



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय द्वारा 14 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधगण व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा उपस्थित रहे। प्रचार वाहन साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर रविकांत नोडल ऑफिसर लोक अदालत/एडीजे व रजनीश कुमार मिश्रा प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / एडीजे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। 14 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया गया तथा 11 दिसंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित पेटी ऑफ़िस की विशेष लोक अदालत के बारे में आम जनता को बताया गया। समस्त जनमानस से अनुरोध है की पेटी ऑफ़िस की विशेष लोक अदालत 11 दिसंबर से 13 दिसंबर में अपने वादों को नियत कर निस्तारित कराए तथा 14 दिसंबर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हो कर उसका निस्तारण कराए। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रजनीश कुमार मिश्र द्वारा प्रदान की गई।

## पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायज़ा



**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन व तैयारियों व प्रधानमंत्री, भारत सरकार के जनपद प्रयागराज में प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत आज पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत द्वारा संगम क्षेत्र में निर्मित केन्द्रीय चिकित्सालय, बी0वी0आई0पी0 घाट, प्रमुख मार्गों तथा कार्यक्रम स्थल का भ्रमण एवं स्थलीय निरीक्षण कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज एन कोलांची, मेलाधिकारी विजय किरण आनंद, जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र कुमार मादड़ व अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को वितरित किया गया सहायक उपकरण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** समग्र शिक्षा जनपद जौनपुर के तत्वाधान में ब्लॉक संसाधन केंद्र रामनगर पर निशुल्क उपकरण वितरण कैंप का आयोजन सुभाष गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एवं जिला समन्वयक समग्र शिक्षा जनपद जौनपुर के द्वारा आयोजित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन विधानसभा मड़ियाहूं के विधायक डॉक्टर आर के पटेल एवं मंडल अध्यक्ष भाजपा मड़ियाहूं राजेश सिंह के द्वारा किया गया। विधायक मड़ियाहू द्वारा फिता काटकर दिव्यांग बच्चों को वितरण के लिए आए हुए निशुल्क उपकरण ट्राई साइकिल एवं अन्य उपकरणों का वितरण कराया गया। विधायक मड़ियाहू ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विशेष बच्चों के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयास के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों को समाज से जोड़ने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ अध्यक्ष रामनगर डॉ अरुण सिंह ने किया। इस अवसर पर श्रीप्रकाश सिंह (एआरपी रामनगर व राष्ट्रीय महामंत्री गौ सेवा संस्थान) सत्येंद्र सिंह, संतोष पटेल, अशोक कुमार गौतम, ऋषभ यादव,दिव्यांग बच्चों सहित उनके अभिभावक एवं विशेष शिक्षक रामनगर विवेक सिंह, सीमा सिंह, डॉक्टर रमेश मौर्य, रमाशंकर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सैकड़ों व्यापारियों ने उठाया निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का लाभ



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** व्यापारियों और आम जनमानस में नेत्र रोग की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही है। इसके दृष्टिगत अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सेंटर फॉर साइट, वेस्टीज बिल्डिंग सिविल लाइंस में आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रत्येक मरीज के आंखों की मुफ्त जांच की गई और निशुल्क दवा का वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने बताया कि जिन भी व्यापारियों को चश्मे की आवश्यकता थी उनको निशुल्क चश्मा बनवाकर प्रदान किए जाएंगे। महिला जिला अध्यक्ष रत्ना जायसवाल ने आंखों को अनमोल बताया और इस पर विशेष देखभाल करने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ नेत्र सर्जन मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर कमलजीत सिंह ने अनेक टिप्स बताए और बढ़ती उम्र के साथ आंखों को देखभाल करने की छोटे-छोटे तरीके बताए। बढ़ता रक्तचाप आनियंत्रित डायबिटीज मानसिक तनाव, धूप में ज्यादा रहना अनेक आंखों की परेशानियां का मुख्य कारण है। आंखों के साथ-साथ यह गुर्दा और यकृत को भी नुकसान पहुंचता है।

शिविर में अनेक व्यापारियों ने आई कैंप का लाभ लिया। जिसमें प्रमुख रूप से कामिनी जैन, निधि केसरवानी, मीनू गुप्ता, श्वेता मित्तल, बबीता जायसवाल ,उषा केसरवानी, जिला अध्यक्ष गंगा पार राजेंद्र केशरवानी पप्पू भैया, सुधा केसरवानी, सरोज केसरवानी, मुकेश अग्रवाल, मिहिर बरनवाल, फाफामऊ बाजार के अध्यक्ष अजय जायसवाल, बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# रिवा केन्को फार्मा और वाणी कपूर की साझेदारी स्वास्थ्य और कल्याण का नया संदेश

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** जिले में रिवा केन्को फार्मा, जो कि देश में अग्रणी फार्मास्युटिकल कंपनियों में से एक है। अपनी पहली ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) मल्टीविटामिन ईवा यस के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर को ब्रांड एंबेसडर के रूप में घोषित किया है। इस सहयोग का उद्देश्य देशभर में स्वास्थ्य, फिटनेस, और कल्याण को बढ़ावा देना है। ईवा यस एक प्रगतिशील मल्टीविटामिन सप्लीमेंट है, जिसे आज की व्यस्त जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें शामिल हैं रेस्वेराट्रोलरू एंटी-एजिंग गुणों के लिए केसर मानसिक शांति और ऊर्जा के लिए करक्यूमिनरू इम्यूनिटी को बढ़ाने और सूजन को कम करने के लिए इस अनूठे प्रोडक्ट को न केवल शरीर को स्वस्थ रखने, बल्कि एक सक्रिय और संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया है। ईवा यस की ब्रांड एंबेसडर बनने पर उत्साह व्यक्त करते हुए वाणी कपूर ने कहा ईवा यस सिर्फ एक मल्टीविटामिन नहीं है, बल्कि आत्म-देखभाल और स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीक है। इसमें शामिल अद्वितीय तत्वों का संयोजन न केवल शारीरिक ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि मानसिक स्फूर्ति और समग्र स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। मैं इस अभियान का हिस्सा बनकर खुश हूं और रिवा केन्को फार्मा का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मुझे इस महत्वपूर्ण पहल के लिए चुना। रिवा केन्को फार्मा के प्रमोटर डॉ. मनीष त्रिपाठी ने कहा हमें एक ऐसा चेहरा चाहिए था जो ऊर्जा, फिटनेस, और आत्मविश्वास का प्रतीक हो। वाणी कपूर का व्यक्तित्व और फिटनेस के प्रति उनका समर्पण ईवा यस के मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाता है। वाणी कपूर के साथ यह सहयोग हमारे उपभोक्ताओं की सेहत को प्राथमिकता देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह हमारे ब्रांड के विकास और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ईवा यस की लॉन्चिंग जिले के हरिऔध कला केंद्र में बॉडी बिल्डिंग चौंपियनशिप का एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति और विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनीष त्रिपाठी रहे। उनके साथ ही डॉ. शिल्पी, डॉ. तरुण त्रिपाठी, और डॉ. प्रशांत गुप्ता ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की गरिमा बढ़ाई। बॉडी बिल्डिंग चौंपियनशिप जिसमें टाईटल मसल्स महारथी के विजेता जयकिशन यादव (60-65 किलोग्राम श्रेणी) को 21,000 का नकद पुरस्कार और मसल्स मैन खिताब का विजेता रूपेश रावत (65-70 किलोग्राम श्रेणी) को 11,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। यह साझेदारी केवल ब्रांड प्रमोशन तक सीमित नहीं है, बल्कि रिवा केन्को फार्मा का उद्देश्य हर आयु वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। ईवा यस इस दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस भव्य आयोजन में चंद्रप्रकाश, जावेद अहमद, महेंद्र यादव, प्रताप सिंह, परमवीर यादव, अंकित साहू, तंजीम, रीतिक जायसवाल, और आसिफ समेत कई अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाआ उत्पीड़न मामले में तुरंत करें कार्यवाहीः सुनीता



**बलिया।** उप्र राज्य महिला आयोग सुनीता श्रीवास्तव ने बुधवार की दोपहर 12 बजे लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई की। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान सभी अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशानुरूप उप्र राज्य महिला आयोग महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न की घटना व प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल जांच कराकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारी व थाना प्रभारी से दूरभाष पर वार्ता कर प्रकरण की जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी स्तर पर लापवाही न बरती जाए। महिला जनसुनवाई में कुल 10 पीड़ित महिलाओं ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। जनसुनवाई में अधितर मामले दहेज, भूमि विवाद तथा घरेलू हिंसा आदि से संबंधित थी। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल



**बलिया।** बसडीहरोड थाना क्षेत्र के चकरी चट्टी पर बुधवार की दोपहर बाइक सवार असंतुलित होकर टेंपो से टकरा गए। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के आसचौरा मोड़ निवासी राजा 26 वर्ष पुत्र दद्दन एवं सलामत 23 वर्ष पुत्र शमशेर एक ही बाइक से बलिया से घर जा रहे थे। जैसे ही बांसडीहरोड थाना के चकरी चट्टी पर पहुँचे की तेज रफ्तार एक बाइक से टकराई। इसके बाद असंतुलित होकर सामने से आ रही टेम्पो से टकराते हुए सड़क के किनारे बाइक पलट गई। जिसमें राजा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सलामत गंभीर रूप से घायल हो गया।

### आइजीआरएस एवं फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में बैठक संपन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वाद, आइजीआरएस एवं फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में बैठक बुधवार देर सायं संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी राजस्व वादों के निस्तारण में गति लाते हुए लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री हेतु रोस्टर वाइज कैंप लगाकर शतप्रतिशत किसानो की फार्मर रजिस्ट्री करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाले शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा किसी भी दशा में संदर्भो को डिफॉल्टर की श्रेणी में न जाने दें, सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने मंडल स्तरीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए शिकायतों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ कुमार, इशिता किशोर, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, उपजिलाधिकारी गण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विज्ञान कला प्रदर्शनी में बच्चों ने किया प्रतिभाग



**जौनपुर (खुटहन)** स्यामा देवी हा0से0 स्कूल बीरी समसुदीनपुर में विज्ञान कला प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्राथमिक विद्यालय की छात्रा अदिति विश्वकर्मा अंशिका सृष्टि अग्रहरि ने मानव श्वसन का चित्र बनाकर प्रदर्शित किया तो पुर्व माध्यमिक की छात्रा काजल यादव ने मानव नेत्र बनाकर खुब वाहवाही बटोरी श्रेया सोनम जूही ने रंगोली बनाकर अध्यापको को गौरवान्वित कर दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मिथिलेश चन्द्र यादव, त्रिलोकी नाथ यादव, तिलकधारी यादव, अनिल यादव, गोरेलाल, चित्रवंशी, सत्यमतिवारी, मंजू यादव, जमशेर विश्वकर्मा आदि मौजूद रहें। संचालन अभय सिंह ने किया।

# एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया स्कैमर्स से बचाएगा महाकुम्भ साइबर थाना

## एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का नहीं हो सकेगा दुरुपयोग, ठगों के फर्जी लिंक के हथियार कर दिए जाएंगे बेकार

- प्रदेश के चुनिंदा एक्सपर्ट्स की टीम पहुंची महाकुम्भनगर, 44 वेबसाइट रडार पर
- सीएम योगी के निर्देश पर साइबर क्रिमिनल्स के खिलाफ अभियान चला रहे एसएसपी महाकुम्भनगर

अवधनामा संवाददाता

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी योगी आदित्यनाथ सरकार पहली बार इतने व्यापक स्तर पर महाआयोजन का डिजिटलीकरण करने जा रही है। डिजिटलाइजेशन के साथ साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए भी व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए मेला क्षेत्र में साइबर थाने की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर लोगों को झांसा देना संभव नहीं हो पाएगा। खास बात ये है कि इस बार देश विदेश से इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बुलाई गई है। यहां प्रदेश के चुनिंदा साइबर एक्सपर्ट्स पहुंच चुके हैं, जो 45 करोड़ श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ 2025 को अब तक का सबसे भव्य और दिव्य आयोजन बनाने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। मेला के दौरान यहां 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिनकी सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में एक एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर मेले के अधिकारी विशेष ध्यान दे रहे हैं। यही नहीं, उन्हें साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम महाकुम्भनगर बुला ली गई है। महाकुम्भनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी बताते हैं कि फेक और डार्क वेबसाइट और सोशल मीडिया के शातिरों से श्रद्धालुओं की हर तरह से हिफाजत करने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए पूरे प्रदेश के अनुभवी अफसरों को यहां महाकुम्भनगर में बुलाया गया है। आते ही साइबर सेल के एक्सपर्ट अपनी पोजिशन ले चुके हैं। सबसे खास बात यह है कि महाकुम्भ में एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं किया जा सकेगा। ठगों के फर्जी तरीके से तैयार किए गए लिंक के हथियार नष्ट कर दिए जाएंगे। महाकुम्भनगर की साइबर एक्सपर्ट की टीम ने तेजी से काम करते हुए ऐसी संदेहास्पद 44 वेबसाइटों को अपने रडार पर ले लिया है। जिनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

### ऑनलाइन सुरक्षा के लिए मोबाइल साइबर टीम भी सक्रिय


महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को बड़े पैमाने पर जागरूक किया जा रहा है। उन्हें महाकुम्भ मेले से संबंधित जानकारी के लिए 1920 नंबर भी जारी किया गया है। इसके साथ-साथ सरकारी वेबसाइट (जिनमें द्दश1.द्बठ्ठ लगा हो) का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा फर्जी वेबसाइटों की सूचना भी यहां थाने में दी जा सकती है, जिस पर साइबर थाना तुरंत कार्यवाही करेगा। इसके साथ ही देश-विदेश से महाकुम्भ में आने वाले 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम दिन रात काम कर रही है। यह टीम एक स्थान पर लैपटॉप और कंप्यूटर से तो सक्रिय है ही, इसके अलावा इनकी मोबाइल टीम भी काम कर रही हैं। जो बड़ी संख्या में फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया के फेक अकाउंट से संबंधित मामलों को मोबाइल पर ही सॉल्व कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया के माध्यम से पैसे मांगने वालों पर विशेष नजर

जो लोग एआई, फेसबुक, एक्स या इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों से पैसे मांगते हैं, उन पर भी साइबर एक्सपर्ट नजर रख रहे हैं। शिकायत मिलते ही उन पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। इनके अलावा फर्जी वेबसाइट और लिंक के जरिए धोखाधड़ी करने वालों पर भी सख्ती की जाएगी। महाकुम्भ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा में साइबर एक्सपर्ट की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड में है।

# आपदा में स्काउट गाइड करें तन मन से मदद डॉ. अब्दुल कादिर

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** पांच दिवसीय स्काउट /गाइड शिविर के समापन के अवसर पर जिला संगठन आयुक्त श्री राकेश कुमार मिश्र ने स्काउट /गाइड को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया द्य शिविर में स्काउट गाइड को आपदा में चिकित्सा हेतु प्रशिक्षण दिया गया उन्हें टोली विधि,टेंट निर्माण, प्रार्थना, झंडा गीत ,प्रतिज्ञा नियम सिद्धांत, सेल्यूट इतिहास ,की जानकारी दी गई द्य विद्यालय के प्रबंधक डॉ अब्दुल कादिर खान ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को आपदा में किसी प्रकार की कठिनाई हो तो उसकी तन मन से मदद करें द्य साथ ही यह भी बताया कि शिविर में स्काउट /गाइड को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाता है कि किसी की मदद करने योग्य बन सके द्यशिविर के समापन पर प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान ने स्काउट गाइड को बताया कि किसी भी आपदा में स्काउट गाइड अपने कठिन परिश्रम और लगन से ही अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं स्काउट /गाइड की ट्रेनिंग प्राप्त करना अपने आप में गर्व का अनुभव कराता है तथा नौकरियों में बोनस अंक भी प्राप्त होता है द्य पांच दिवसीय शिविर में विद्यालय के स्काउट अध्यापक धर्मेंद्र कुमार यादव, सह स्काउट अध्यापक मोहम्मद जैस, सैयद सलाहउद्दीन, सुशील सिंह ,अनुपम सिंह तथा ट्रेनर अंबुज सिंह एवं खुशबू मौर्य ने स्काउट /गाइड को प्रशिक्षित किया।

# दीवानी न्यायालय में सर्विस यूनिट के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

- बच्चों के प्रति कोई अपराध होता है तो 1098 पर कॉल करें

अवधनामा संवाददाता



**बलिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में केंद्रीय प्रतिलिपि अनुभाग, दीवानी न्यायालय बलिया में सर्विस यूनिट के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव हरीश कुमार जी ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के पैरा लीगल वॉलिंटियर्स एवं लीगल अथॉरिटी के वकील शामिल हुए।

हरीश कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित नहीं रह सकता है। उसे न्याय देने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटिबद्ध है। उन्होंने कहा की समाज में भय मुक्त वातावरण पैदा करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पैरा लीगल वॉलिंटियर्स गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें, जो बच्चे बलात्कार के शिकार होते हैं। उन्हें हमारा विभाग 50000 की सहायता उपलब्ध कराया जाता है। इसमें मुजरिम का पता न लगने के बावजूद पीड़ित पक्ष को मुआवजा दिया जाता है। बच्चों के मामले में पाक्सो एक्ट तहत मुकदमा दर्ज होता है। सीएचएल काउंसलर अंजली सिंह ने बताया कि अगर कहीं भी बच्चों के प्रति कोई अपराध होता है तो 1098 पर कॉल करें। पूरे जनपद में बच्चों को तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अभिषेक मिश्रा ने कहा की लावारिस हालत में पाए जाने वाला किसी बच्चे को तुरंत रेस्क्यू करके उनकी सहायता प्रदान की जाती है और उनका मेडिकल चेकअप कराया जाता है। डिप्टी चीफ एलएडीसी चंद्रपाल सिंह ने बताया की बच्चों के लिए बहुत सारे कानून बने हुए हैं जिसके तहत उनको कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव गंगवार बेलहरी ब्लॉक ने बताया कि शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रत्येक बच्चों को प्राप्त है और इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए। बालकों के लिए श्रम न्यायालय मौजूद है। इन बच्चों के पुनर्वास की व्यवस्था करना और इनमें चेतना पैदा करना आवश्यक है। हमारा देश 200 वर्षो तक औपनिवेशिक मानसिकता का शिकार रहा है ।आजादी के 75 साल हो जाने के बावजूद भी हम आज भी बच्चों को निशुल्क शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना और बच्चों को मुख्य धारा में लाना हमारा उद्देश्य है यह हम नहीं कर पा रहे हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया थाना महराजगंज का निरीक्षण



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में आज अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन द्वारा थाना महराजगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, भोजनालय, बैरक, शौचालय, माल निस्तारण, शस्त्रों के रख-रखाव व महिला हेल्पडेक्स का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा कार्यसरकार हेतु थाने के उप-निरीक्षक व महिला हेल्प डेस्क को टैबलेट व मोबाइल वितरित किया गया तथा विवेचना का ओआर भी किया गया। ग्रामीण द्वारा ग्राम प्रहरियों द्वारा किये गये सराहनीय कार्यो के लिए नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# टाटा हिताची ने बाउमा 2025 में पेश की अत्याधुनिक मशीनें

**ग्रेटर नोएडा।** टाटा हिताची ने बाउमा 2025 में पेश की अत्याधुनिक मशीनें ।टाटा हिताची के प्रबंध निदेशक श्री संदीप सिंह ने लॉन्च के अवसर पर कहा, ''टाटा-हिताची सबसे पहले ग्राहकों का हित देखती है और अपने उद्योग में छह दशकों से अधिक की विशेषज्ञता रखती है। एक्सकेवेटर सेगमेंट में सीधे ग्राहकों से जुड़ने के मामले में भारत के सबसे बड़े नेटवर्कों में एक टाटा-हिताची का है। कम्पनी का सबसे संपूर्ण पोर्टफोलियो है जिसमें अब बैकहो लोडर और व्हील लोडर तक शामिल हैं, इसलिए हम सबसे अधिक भरोसेमंद वन-स्टॉप सॉल्यूशन हैं।ईएक्स 210एलसी इलेक्ट्रिक कॉन्सेप्ट पेश करने के बारे में उन्होंने कहा यह इलेक्ट्रिक एक्सकेवेटर हमारी तकनीकी ताकत की मिसाल है और सस्टेनेबल सॉल्यूशन देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम इनोवेशन को पर्यावरण सुरक्षा से जोड़ कर ऐसे समाधान दे रहे हैं जो बाजार की जरूरतों और पर्यावरण की सुरक्षा दोनों जिम्मेदारियों को बखूबी पूरी करेंगे।इस आयोजन में टाटा हिताची की दूरगामी थीम पर जोर देते हुए




सिंह ने कहा बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में हमारी भागीदारी राष्ट्र निर्माण को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दर्शाती है। यह भावना हमारे कार्य दर्शन में दिखती है - 'आओ कर्तव्य निभाएं, चलो देश बनाएं। हमारा यह विजन उद्योग प्रमुखों और आम नागरिकों को मिल कर भारत की प्रगति के लिए काम करने का उत्साह देता है। हम इनोवेशन, जिम्मेदारी और गौरव की साझा भावना के संग एकजुट हैं। टाटा हिताची के लिए ईएक्स 210 वैल्यू. मशीन की यह प्रस्तुति बहुत खुशी की बात है, क्योंकि यह ग्राहकों को उच्च मूल्यों के संग बेहतरीन सॉल्यूशन देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह मशीन सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों पर बनी है और पर्यावरण की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए आपको शानदार और काफी कारगर परफॉर्मेंस देने वाली है। ईएक्स 210 वैल्यू. में बेजोड़ भरोसा और किफायत के संग टाटा हिताची की वारंटी है, जो इस उद्योग में सर्वप्रमुख रही है। कुल मिला कर हमारे ग्राहक का मन निश्चिंत रहेगा और इस मशीन से काम-काज बेजोड़ मुनाफा देगा।

टाटा हिताची ने विशेष डिज़ाइन में नई पीढ़ी की मशीनों की पूरी रेंज पेश की है जो इस उद्योग की तमाम जरूरतें पूरी करने में सक्षम है। खास पेशकश -

नए सीईवी-5 मॉडल - 3.5-टन पेलोड टीएल340 एच प्राइम, 5-टन पेलोड जैडडब्ल्यू 225 और शिनराय सीईवी-5 प्राइम बैकहो लोडर। ये मशीनें खूबियों की खान हैं - बेहतरीन परफॉर्मेंस, ऑपरेटर की सुरक्षा के लिए रोल ओवर प्रोटेक्शन (आरओपीएस) और फॉलिंग ऑब्जेक्ट प्रोटेक्शन (एफओपीएस) जैसे फीचर, ईंधन की कम खपत और उत्सर्जन के नए मानकों पर तैयार।ये सभी काम में कामयाबी और भरोसे के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस रेंज में जैडएक्सिस 38यू, एनएक्स 50, एनएक्स 80, ईएक्स 130 प्राइम टनल और ईएक्स 350 एलसी प्राइम मॉडल शामिल हैं।

- ईएक्स 130 प्राइम टनल खास कर भारत में टनल निर्माण कार्यों के लिए तैयार किया गया है, जिससे बुनियादी महत्व के प्रोजेक्ट जैसे कनेक्टिविटी, हाइड्रो-इरीगेशन और बिजली उत्पादन को मजबूत आधार मिलेगा।

# प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत मिलियन बैंक खाते खोले गए : समावेशी वित्त भारत

**नई दिल्ली।** आज ग्लोबल समावेशी वित्त शिखर सम्मेलन 2024 में समावेशी वित्त भारत रिपोर्ट 2024 लॉन्च की गई, जो होटल अशोक में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में वैश्विक नीति निर्माताओं, वित्तीय नेताओं और नवप्रवर्तकों ने भाग लिया और वित्तीय समावेशन के माध्यम से समान विकास को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की। इसे एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज द्वारा आयोजित किया गया था, और इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान संगठन ने बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट जारी की, जिसके मुख्य बिंदु उद्घाटन सत्र में प्रस्तुत किए गए। यह शिखर सम्मेलन भारत की परिवर्तनकारी वित्तीय समावेशन यात्रा और इसके वैश्विक स्तर पर असहाय समुदायों को सशक्त बनाने पर इसके प्रभाव का अन्वेषण करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम में 16वें समावेशी वित्त पुरस्कारों का भी आयोजन हुआ, जिसमें वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण पहलों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को मान्यता दी गई।

एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के सीईओ विपिन शर्मा ने शिखर सम्मेलन के महत्व को व्यक्त करते हुए कहा, ÷ग्लोबल समावेशी वित्त शिखर सम्मेलन 2024 न केवल भारत की अद्वितीय प्रगति को साझा करने का एक अवसर है, बल्कि समावेशी वित्त के भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण स्थापित करने का भी है। वैश्विक विचार नेताओं और विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, हमारा लक्ष्य एक ऐसा मार्ग निर्धारित करना है जो सभी के लिए, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं, वित्तीय पहुंच को बढ़ावा दे। यह आयोजन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नीतियों और प्रथाओं के लिए आधार तैयार करता है जो जीवन को बदल सकते हैं, आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं, और समुदायों की मजबूती को सशक्त बना सकते हैं।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷शिखर सम्मेलन में समावेशी वित्त भारत रिपोर्ट 2024 का शुभारंभ महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह गहरे दृष्टिकोण प्रदान करेगा, जो न केवल हमारी उपलब्धियों को उजागर करेगा, बल्कि उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी सामने लाएगा जिनमें सतत वृद्धि और समावेशन की इस यात्रा को जारी रखने के लिए केंद्रित कार्रवाई की आवश्यकता है।


ग्लोबल समावेशी वित्त शिखर सम्मेलन 2024 एक प्रभावशाली वार्षिक आयोजन है जो वैश्विक नेताओं और हितधारकों को एकत्र करता है ताकि वित्तीय समावेशन को साझा समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में अन्वेषित और बढ़ावा दिया जा सके।

## सोना फिर 80 हजार रुपये के स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें उछलकर 80,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गईं। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला यह बहुमूल्य धातु 620 रुपये की तेजी के साथ करीब तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही और यह 1,450 रुपये की तेजी के साथ एक महीने के उच्चतम स्तर 96,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार मजबूत वैश्विक रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें उछलकर 80,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गईं। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला यह बहुमूल्य धातु 620 रुपये की तेजी के साथ करीब तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

## ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन ने एनईपी-अलाईन्ड लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू करने के लिए आईआईएलएम विश्वविद्यालय के साथ की पार्टनरशिप

**कानपुर।** भारत के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन क्षेत्र में स्किल की कमी को दूर करने के लिए सप्लाई चेन ट्रेनिंग और कंसल्टिंग में ग्लोबल लीडर ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन ने आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के



साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस स्ट्रेटेजिक पार्टनर्शिप से ब्लू ओशन के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को, एसोसिएशन फॉर सप्लाई चेन मैनेजमेंट (एएससीएम) के फाउंडेशन कोर्स के साथ जोड़कर आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के सिलेबस के साथ लाया जाएगा। ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन और आईआईएलएम यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. (डॉ.) तरुण गौतम ने 3 दिसंबर, 2024 को ग्रेटर नोएडा में यूनिवर्सिटी कैंपस में एक ऑफिसियल सेरेमनी के दौरान एक एमओयु पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में ब्लू ओसियन कॉर्पोरेशन दिल्ली के डायरेक्टर - संचालन दीपक महाजन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ. निहार अमोनकर, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट के डीन डॉ. अखिल दामोदरन और एसोसिएट डीन डॉ. एकता सारस्वत की सम्मानित उपस्थिति ने प्रतिष्ठा को दोगुना कर दिया। ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन ने कहा, ÷भारत का लॉजिस्टिक्स सेक्टर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, और यह कोलैबोरेशन सुनिश्चित करेगा कि प्रोफेशनल्स की अगली पीढ़ी उस परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए जरुरी एडवांस्ड स्किल्स से लैस हो। हमारे कार्यक्रम को आईआईएलएम के सिलेबस में लाकर, हम लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस के एक नए युग की नींव रख रहे हैं, छात्रों की नौकरी की तत्परता बढ़ा रहे हैं और स्नातक होने के बाद प्लेसमेंट परिणामों में सुधार कर रहे हैं। यह भारत के लिए एक स्मार्ट, अधिक कुशल लॉजिस्टिक्स भविष्य को आकार देने के हमारे मिशन की शुरुआत है आईआईएलएम यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. (डॉ.) तरुणा गौतम ने कहा, ÷हम इस रणनीतिक पहल में ब्लू ओसियन कॉर्पोरेशन के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हैं।

## यामाहा ने दिल्ली कॉमिक कॉन में 15 हजार से अधिक प्रशंसकोंऔर राइडिंग उत्साही लोगों की मेजबानी की

इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली कॉमिक कॉन में 15 हजार प्रशंसकों और राइडिंग उत्साही लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव लेकर आई। यह आयोजन 6 से 8 दिसंबर को एनएसआईसी ग्राउंड्स, ओखला, नई दिल्ली में हुआ था। इसमें हजारों उत्साही लोग, इंफ्लूएंसर्स, कॉमिक बुक्स के प्रेमी, एनिमे के प्रशंसक और मोटरसाइकलों के शौकीन आये थे। वे सभी पॉप कल्चर और ब्लू थीम वाले यामाहा एक्सपीरियेंस ज़ोन का दिलचस्प संगम देखने के लिये उत्सुक थे।

यामाहा एक्सपीरियेंस ज़ोन इस उत्सव का मुख्य आकर्षण था, जिसमें ऐसी कई गतिविधियाँ हुईं, जिन्होंने आगंतुकों को रोमांचित कर दिया। आगंतुकों ने मोटोजीपी गेमिंग सेटअप का मजा लिया और वर्चुअल रेसिंग के रोमांच में खो गये। समुराई थीम का एमटी-03 उनका पसंदीदा फोटो स्पॉट बन गया, जबकि ई्ंस्न-क्र15 ने लीन एंगल पर पोजिंग का अनूठा अनुभव दिया। इसमें रेसट्रैक कॉर्नर के जैसी भागमभाग थी।

Ra4ZR स्ट्रीट रैली ने रोमांच को बढ़ाते हुए इंस्टैन्ट फोटो शेयरिंग की सुविधा दी और प्रशंसकों ने अपनी पसंदीदा यादों को संजो लिया। आगंतुकों ने मोटरसाइकलिंग में गहरी रुचि दिखाई और बताया कि वे यामाहा को कितना चाहते हैं। इसके बदले में कंपनी ने सबसे ज्यादा रुचि दिखाने वाले कॉमिक्स तथा मोटरसाइकलिंग के शौकीनों को कॉमिक कॉन सुपर फैन बॉक्स और यामाहा की खास कॉमिक कॉन थीम वाली मर्चेंडाइज तथा यामाहा गुडीज दीं। यामाहा ने दिल्ली कॉमिक कॉन में अपनी भागीदारी से भारत के युवाओं के लिये अभिनव एवं दिलचस्प अनुभव देने की प्रतिबद्धता दिखाई है। इसने एक प्रीमियम और स्पोर्टी ब्रैंड के तौर पर अपनी स्थिति को मजबूत किया। कंपनी भारत के दूसरे शहरों में आगामी कॉमिक कॉन इवेंट्स के लिये भी तैयार है।

## इंटरवेंशनल रेडियोलजी में महिलाओं की संख्या बढ़ाने से भारत में हैल्थकेयर की कमियाँ दूर होंगी: ड. तान्या यादव

यूटेराईन फायब्रयड्स पूरी दुनिया में स्वास्थ्य की एक बड़ी समस्या है। भारत में 20 से 40 साल के बीच की 37 प्रतिशत महिलाओं और 40 से 59 साल की 57 प्रतिशत महिलाओं को यूटेराईन फायब्रयड है। पारंपरिक रूप से इसका इलाज हिस्टेरेक्टोमी आदि सर्जरी द्वारा किया जाता है। पर चीरे का निशान लगने, खून बहने और फर्टिलिटी खत्म होने के भावनात्मक बोझ के कारण महिलाएं यह सर्जरी करवाने से झिझकती हैं। लेकिन यूटेराईन फायब्रयड के इलाज में यूटेराईन फायब्रयड एम्बोलाईज़ेशन ने ज्यादा सुरक्षित और प्रभावशाली विकल्प उपलब्ध करा दिया है। यह एक मिनिमली इन्वेज़िव सर्जरी है, जो विशेषज्ञ इंटरवेंशनल रेडियोलजिस्ट द्वारा की जाती है। आईआर मिनिमली इन्वेज़िव तकनीकों में विशेषज्ञ होते हैं, और इस विधि द्वारा अनेक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम होते हैं। लखनऊ में संजय गांधी



पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट अफ मेडिकल साईंसेज़ (एसजीपीजीआई) की असिस्टैंट प्रोफेसर, ड. तान्या यादव ने बताया भारत में इंटरवेंशनल रेडियोलजी द्वारा लिवर के ट्यूमर और एंडोवैस्कुलर एन्यूरिज़्म रिपेयर के लिए ट्रांसआर्टेरियल कीमोएंबोलाईज़ेशन जैसे जटिल उपचार किए जा रहे हैं, जिससे प्रदर्शित होता है कि हम मरीज की केयर में कितनी उन्नति कर रहे हैं। मैं स्वयं फायब्रयड्स के लिए यूटेराईन आर्टरी एंबोलाईज़ेशन जैसी प्रक्रियाओं से इलाज करती हूँ। यह महिलाओं के लिए एक कम इन्वेज़िव विकल्प है।

उन्होंने आगे बताया इंटरवेंशनल रेडियोलजी में महिला के रूप में आगे बढ़ने में मेरे सामने कई चुनौतियाँ आईं, पर मुझे बड़े अवसर भी दिखाई दिए हैं। मैं डायबिटिक फुट का इलाज करके अंगों को बचाने में एंजियोप्लास्टी का उपयोग करना चाहती हूँ। इस क्षेत्र में ज्यादा महिलाओं को लाने के लिए इन तकनीकी पहलुओं को उजागर करना होगा, तथा आरएफ एब्लेशन जैसी प्रक्रियाओं में विशेषज्ञ प्रशिक्षण देना होगा। साथ ही मेंटरशिप का अनुकूल वातावरण भी बनाना होगा। मेरे सफर ने दिखा दिया है कि उचित सहयोग की मदद से महिलाएं इस क्षेत्र में नेतृत्व कर सकती हैं, और आईआर से क्या हासिल हो सकता है, इसकी सीमाएं बढ़ा सकती हैं। भारत में इंटरवेंशनल रेडियोलजी लगातार प्रगति कर रही है। लेकिन इस विकसित होती हुई स्पेशियल्टी में आने के लिए और ज्यादा महिलाओं को सहयोग व प्रेरणा दिए जाने की आवश्यकता है।

# अशोक लीलैंड ने उत्तर प्रदेश में एलसीवी की मौजूदगी की मजबूत, उत्तर प्रदेश बाजार पर ध्यान किया केंद्रित



**लखनऊ।** हिंदुजा समूह की भारतीय प्रमुख कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लीलैंड की उत्तर प्रदेश के जीवंत और तेजी से बढ़ते राज्य और उत्तरी भारत के बड़े हिस्से में मजबूत नींव है। कंपनी का लक्ष्य क्षेत्र की मजबूत आर्थिक वृद्धि, बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी और वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती मांग का लाभ उठाना है, जिससे इसकी बाजार उपस्थिति मजबूत होगी और क्षेत्र की अनूठी परिवहन जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा, साथ ही यह अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ लाइट कमर्शियल व्हीकल (एलसीवी) उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

उत्तर प्रदेश का बाजार एक गतिशील और समृद्ध कारोबारी माहौल प्रस्तुत करता है, जिसमें पर्याप्त ग्राहक आधार और निवेश के लिए स्वागत करने वाला माहौल है। इसकी क्षमता को पहचानते हुए, अशोक लीलैंड ने इस आशाजनक क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का महत्वपूर्ण रूप से विस्तार करने के लिए रणनीतिक पहलों को लागू किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास इंजन में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में, उत्तर प्रदेश विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, खासकर उत्तर में, जो कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। राज्य भर में बुनियादी ढांचे के विकास में पर्याप्त निवेश के साथ, उत्तर प्रदेश अशोक लीलैंड के एलसीवी व्यवसाय के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बन गया है। अशोक लीलैंड के कुशल और विश्वसनीय अंतिम-मील कनेक्टिविटी समाधान राज्य की बढ़ती बुनियादी ढांचे की जरूरतों के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं, जो इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में प्रगति और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

अशोक लीलैंड के एलसीवी बिजनेस के प्रमुख श्री विप्लव शाह ने कहा, उत्तर प्रदेश और उत्तरी भारत क्षेत्र हमेशा से हमारे लिए एक प्रमुख बाजार रहा है। हमने यहां लगातार संभावनाएं देखी हैं और आगे आने वाले अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हमारी प्रतिबद्धता राज्य के भीतर पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी के माध्यम से असाधारण उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के इर्द-गिर्द घूमती है। हम उत्तरी भारत, विशेषकर उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है, और इस क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने वाले शीर्ष गुणवत्ता वाले एलसीवी उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए दृढ़ हैं।

अशोक लीलैंड उत्तर प्रदेश (यूपी) में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है, लाइट कमर्शियल व्हीकल (एलसीवी) सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। कंपनी पूरे राज्य में 350 से अधिक सर्विस वर्कशॉप संचालित करती है, जो अपने ग्राहकों के लिए व्यापक सहायता सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, अशोक लीलैंड ने यूपी में 22 डीलरों के साथ भागीदारी की है, जिससे इसकी पहुंच और पहुंच का और विस्तार हुआ है। राज्य भर में फैले 150 से अधिक पार्ट्स रिटेलर्स के साथ, कंपनी आवश्यक घटकों की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। अशोक लीलैंड ने हर 25 किलोमीटर पर एक सर्विस टचपॉइंट स्थापित किया है, जो यूपी में अपने ग्राहकों को बेजोड़ सुविधा और सहायता प्रदान करता है।

## टाटा एआईए की सभी यूलिप योजनाओं का बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन

टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स ने अपनी सभी यूनिट लिंक्ड इन्शुरन्स प्लान्स यूलिप के ज़रिए फंड प्रदर्शन में नए बेंचमार्क स्थापित करना जारी रखा है। कंपनी के फंडों ने मार्केट बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया है। यह योजनाएं पॉलिसी धारकों के लिए दीर्घकालिक वृद्धि और जीवन बीमा सुरक्षा का एक बढ़िया कॉम्बिनेशन बनी हैं। 30 नवंबर 2024 का डेटा, पिछला प्रदर्शन भविष्य के प्रदर्शन का संकेतक नहीं है।

**फंड बेंचमार्क** मल्टी कैप फंड, इंडिया कन्जम्पशन फंड, टॉप 200 फंड- एसएंडपी बीएसई 200

**आरंभ की तारीख** टॉप 200 फंड- 12 जनवरी 2009, मल्टी कैप फंड 5 अक्टूबर 2015, इंडिया कन्जम्पशन फंड 5 अक्टूबर 2015 वैश्विक रेटिंग प्लेटफॉर्म, मॉर्निंगस्टार के अनुसार, टाटा एआईए लाइफ की कुल प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों में से 96.19त्न को 31 अक्टूबर 2024 को 4 या 5 स्टार रेटिंग दिया गया था। इमर्जिंग अपॉर्च्युनिटीज़ फंड, डायनामिक एडवांटेज फंड, सस्टेनेबल इक्विटी फंड, स्मॉल कैप डिस्कवरी फंड और फ्लेक्सी ग्रोथ फंड सहित टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स के एनएफओ ने सभी अलग-अलग कैटेगरीज़ में अतुलनीय प्रदर्शन किया है। यह फंड नवाचार, सस्टेनेबिलिटी और अनुकूलन क्षमता पर स्ट्रैटेजिक फोकस को दर्शाते हैं, निवेशकों की नयी, बढ़ती ज़रूरतों के साथ फंडों की अनुरूपता को सुनिश्चित करते हैं।

टाटा एआईए के फंडों में पॉलिसीधारकों को उच्च वृद्धि की क्षमता के इक्विटी अवसर मिलते हैं, जिनमें जीवन और स्वास्थ्य बीमा के कई बड़े लाभ मिलते हैं। यह फंड उच्च प्रदर्शन वाले स्टॉक्स पर फोकस करते हैं, सभी मल्टी-कैप और मिड-कैप इंडाइसेस में जोखिम और रिटर्न का संतुलन प्रदान करते हैं। टाटा एआईए के ईवीपी और सीआईओ श्री हर्षद पाटील ने कहा, टाटा एआईए लाइफ में हम फंड के निवेश उद्देश्य के अनुरूप लगातार, बेहतर, दीर्घकालिक और जोखिम समायोजित रिटर्न देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।


## पीएनबी मेटलाइफ ने चार राज्यों में नई शाखाओं के साथ उपस्थिति में विस्तार किया

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. ने चार नई शाखाओं के साथ अपनी राष्ट्रीय उपस्थिति को मज़बूत बनाया है। कंपनी ने लखीसराय (बिहार), सुरेंद्रनगर (गुजरात), जगतसिंहपुर (ओडिशा) और लखनऊ-अलीगंज (उत्तर प्रदेश) में नई शाखाएं खोली हैं। यहां उपभोक्ताओं की ज़रूरत पूरी करने वाले इंश्योरेंस समाधान आसानी से उपलब्ध कराए जाएंगे। यह कदम उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में उपस्थिति बढ़ाने के पीएनबी मेटलाइफ के योजबनाद्ध प्रयासों का हिस्सा है। अब पीएनबी मेटलाइफ का नेटवर्क देशभर में 155 स्थानों पर मौजूद है।

सुदीप पीबी, चीफ डिस्ट्रिब्यूशन ऑफिसर प्रोप्रायटरी एवं पीएनबी, पीएनबी मेटलाइफ ने कहा, हमारा पूरा ध्यान ग्राहकों को उनके सपने पूरे करने में मदद करना है। इसके लिए हम ग्राहकों को उनके स्थान पर व्यापक इंश्योरेंस समाधान सहित सुविधाजनक एवं कुशल सेवाएं प्रदान करते हैं। नई शाखाओं में ग्राहकों का स्वागत करते हुए हम उत्साहित हैं और भारत के विभिन्न समुदायों तक इंश्योरेंस समाधान पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

लखनऊ में नई शाखा खोल कर पीएनबी मेटलाइफ स्थानीय नागरिकों के लिए सुविधाजनक एवं अबाधित सेवाएं सुनिश्चित करने जा रही है। यूपी में 16 शाखाओं के साथ 2700 बैंकएश्योरेंस पार्टनर शाखाओं के जरिये पीएनबी मेटलाइफ के समाधान उपलब्ध कराए जाते हैं।

## स्वतंत्र फिल्मों पर केंद्रित रहा फिल्म फेस्टिवल




**लखनऊ।** 12वां जागरण फिल्म फेस्टिवल (जेएफएफ), दिल्ली अध्याय का सफलतापूर्वक समापन सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में हुआ। इस आयोजन का उद्घाटन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा किया गया। सभी के लिए अच्छी सिनेमा थीम के साथ, इस फेस्टिवल ने कहानी कहने की एकता और सशक्तीकरण की शक्ति का उत्सव मनाया। 5 से 8 दिसंबर के बीच हुए जागरण प्रकाशन समूह के इस फेस्टिवल ने स्वतंत्र फिल्मों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया, जिसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। यह महोत्सव केवल सिनेमा का उत्सव मनाने के लिए ही नहीं, बल्कि फिल्म निर्माताओं को सशक्त बनाने का एक अनूठा मंच बन गया है जहां वे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और विभिन्न शहरों के दर्शकों के साथ जुड़ने का अवसर पाते हैं। इस मंच के माध्यम से ज एफ एफ निर्देशक, निर्माता और कलाकारों को लाखों दर्शकों से जोड़ता है, जिससे उभरते फिल्म निर्माताओं के सपनों को साकार होने का मार्ग मिलता है। फेस्टिवल के मुख्य आकर्षणों में पंकज कपूर द्वारा सिनेमा में उनके शानदार करियर पर चिंतन, स्वतंत्र भारतीय सिनेमा पर पैनल चर्चा में सुधीर मिश्रा की अंतर्दृष्टियां शामिल थीं। भारत की महिलाएं–कहानी ताकत की÷ सत्र में भूमि पेडनेकर ने अपने सामाजिक रूप से प्रभावशाली किरदारों की यात्रा को उजागर किया। तास्पी पन्नू ने इंजीनियरिंग से अभिनय तक की अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की। राजपाल यादव ने दो दशकों के अपने सिनेमा अनुभव की कहानियां सुनाईं, वहीं पद्मश्री और पद्मभूषण पुरस्कार प्राप्तकर्ता डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने भी अपने विचार साझा किए।

फेस्टिवल के सत्रों में थिएटर–सिनेमा की व्याकरण÷ पर एक जोशीली पैनल चर्चा भी शामिल थी। प्रख्यात थिएटर विशेषज्ञों केवल अरोरा, मोहित त्रिपाठी और अनसूया विद्या ने थिएटर और सिनेमा के बीच मजबूत संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि थिएटर सिर्फ सिनेमा की व्याकरण ही नहीं बल्कि उसकी वर्णमाला है, जो सिनेमा के अभिव्यक्ति की नींव बनाती है।

## निसान ने सीनियर मैनेजमेंट में नियुक्तियों का एलान किया

**योकोहामा, जापान।** निसान मोटर कंपनी लिमिटेड ने नई लीडरशिप टीम की नियुक्ति का एलान किया है। सीनियर मैनेजमेंट (वरिष्ठ प्रबंधन) के स्तर पर की गई नई नियुक्तियां 1 जनवरी से प्रभावी होंगी। निसान अपनी एफिशिएंसी और रेजिलिएंस को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने हाल ही में आमूलचूल बदलाव करने (टर्नअराउंड एक्शंस) का एलान किया था। इन बदलावों के तहत ऐसे कदम उठाए जाने हैं, जिनसे कंपनी के पूरे ऑपरेशंस को रीस्ट्रक्चर किया जा सके। इसी दिशा में 1 दिसंबर से प्रभावी चीफ परफॉर्मेंस ऑफिसर (सीपीओ) की नियुक्ति और उसके बाद की नियुक्तियों का उद्देश्य मैनेजमेंट की रीस्ट्रक्चरिंग करना है, जिससे मौजूदा मसलों पर तत्काल कदम उठाए जा सकें। अप्रैल, 2025 में निसान अपने प्रबंधन में कुछ और बदलाव करेगी। इससे एक ऐसा स्पष्ट स्ट्रक्चर बनेगा, जिससे कारोबारी माहौल में आ रहे बदलावों पर लचीले तरीके से और तत्काल प्रतिक्रिया देना संभव होगा।

मौजूदा चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) स्टीफन मा को चीन के लिए मैनेजमेंट कमेटी का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। वह चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) मकोतो उचिदा को रिपोर्टिंग करते रहेंगे। स्टीफन मा के पास चीन को लेकर व्यापक अनुभव एवं जानकारी के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर नेतृत्व का भी अनुभव है। इस अनुभव के साथ वह इस क्षेत्र में भविष्य की रणनीतियों को आकार देने और स्थानीय स्तर पर परिचालन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

अमेरिका के लिए मैनेजमेंट कमेटी की मौजूदा चेयरपर्सन जेरेमी पापिन को सीएफओ के पद पर नियुक्ति दी गई है। इस भूमिका में वह सीईओ उचिदा को रिपोर्ट करेंगी। मौजूदा भूमिका से पहले पापिन ने निसान एवं अलायंस के साथ कई साल फाइनेंस, स्ट्रेटजी और बिजनेस डेवलपमेंट पर काम किया है। पापिन ने ऑटोमोटिव सेक्टर पर फोकस करते हुए 10 साल से ज्यादा समय तक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग में भी काम किया है।

# आईएमडीबी ने 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय फ़िल्मों और वेब सीरीज़ की घोषणा

**मुंबई।** फिल्मों, टीवी शो और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया के सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत आईएमडीबी ने 2024 में दुनिया भर में आईएमडीबी ग्राहकों के बीच सबसे लोकप्रिय 10 भारतीय फिल्मों और 10 वेब सीरीज की घोषणा की। आईएमडीबी की साल के अंत की सूचियां दुनिया भर में आईएमडीबी के 250 मिलियन से अधिक मासिक दर्शकों के वास्तविक पेज व्यू पर आधारित हैं, जो यह पता लगाने और तय करने के लिए आईएमडीबी पर भरोसा करते हैं कि क्या देखना है।

आईएमडीबी इंडिया की प्रमुख यामिनी पटोदिया ने कहा, आईएमडीबी की 2024 की सर्वाधिक लोकप्रिय भारतीय फिल्में और वेब सीरीज की सूची न केवल वर्ष के शीर्षकों का जश्न मनाती है, बल्कि दर्शकों की प्राथमिकताओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी भी प्रदान करती है, जो रचनाकारों और प्रशंसकों दोनों को उनके मनोरंजन विकल्पों में मार्गदर्शन करती है। नंबर 1 फ़िल्म कल्कि 2898 AD जैसी बड़ी बजट की शानदार फ़िल्मों से लेकर नंबर 10 फ़िल्म लापता लेडीज़ जैसी आकर्षक ड्रामा फ़िल्मों और प्रिय फ़्रैंचाइज़ी की वापसी से लेकर ग्राउंड ब्रेकिंगओरिजिनल सीरीज़ तक, ये सूचियाँ भारतीय कहानी कहने की अविश्वसनीयता प्रदर्शित करती हैं जिसने इस साल वैश्विक दर्शकों को आकर्षित किया।

2024 की नंबर 1 रैंकिंग वाली फिल्म कल्कि 2898-AD के निर्देशक नाग अश्विन ने कहा, यह देखना वाकई आश्चर्यजनक है कि कल्कि 2898७ष्ठ को आईएमडीबी की 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय फिल्म के रूप में मनाया जा रहा है। यह मान्यता हमारे अविश्वसनीय दर्शकों के प्यार और समर्थन का प्रमाण है, जिन्होंने इस फिल्म को खुले दिल से अपनाया। हमने इस फिल्म में अपनी आत्मा डाल दी और यह देखना बहुत ही विनम्र है कि यह दुनिया भर में सभी उम्र के लोगों के साथ प्रतिध्वनित होती है। आईएमडीबी और इस यात्रा को इतना यादगार बनाने वाले प्रशंसकों का बहुत-बहुत धन्यवाद। आपका प्रोत्साहन हमें कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है।

नंबर 1 रैंकिंग वाली वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार के स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड तान्या बामी ने कहा, नेटफ्लिक्स हमेशा से वैश्विक स्तर पर ग्राउंड ब्रेकिंग सीरीज के लिए जाना जाता है, और हमारी भारतीय सीरीज को वह पहचान मिलते देखना वाकई खुशी की बात है। हीरामंडी- द डायमंड बाज़ार, हमारी अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी ड्रामा सीरीज़, एक सांस्कृतिक घटना बन गई। मामला लीगल है (6वें स्थान पर) एक सफल धारावाहिक के रूप में उभरा, जिसमें कोर्ट रूम ड्रामा को ताज़गी भरे हास्य के साथ कुशलता से मिश्रित किया गया, तथा द ग्रेट इंडियन कपिल शो (10वें स्थान पर) ने सप्ताहांत मनोरंजन को परिभाषित किया। आईएमडीबी की 2024 की शीर्ष 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय वेब सीरीज की सूची में इन तीन अनूठी सीरीज को शामिल करना हमारे भारत की विविधता और गुणवत्ता को दर्शाता है और हमारी सामग्री रणनीति में लंबे प्रारूप वाली कहानी कहने के महत्व को पुष्ट करता है।

## गेहूं में पहली सिंचाई -बुवाई के 18 से 21 दिनों के मध्य करें : डॉ कमलेश



अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी, देवरिया।** कृषि विज्ञान केंद्र (भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान) मल्हना, भाटपार रानी देवरिया के विशेषज्ञों द्वारा ग्राम मठिया इंदौलि, सलेमपुर में गेहूं में सिंचाई प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के सस्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉक्टर कमलेश मीना ने किसानों को बताया कि गेहूं में पहली सिंचाई बुवाई करने के बाद 18 से 21 दिनों के मध्य अवश्य कर लेना चाहिए क्योंकि इस अवस्था पर ही गेहूं की फसल में शीर्ष जड़ का निर्माण होता है यही शीर्ष जड़ पौधों के लिए फसल पकने तक पानी और पोषक तत्वों का भूमि से अवशोषण करती है एवं इस अवस्था पर ही फसल में कल्ले निकलने की शुरुआत होती है। इसलिए इस अवस्था पर फसल में नमी और पोषक तत्वों का पर्याप्त मात्रा में होना आवश्यक है। पहली सिंचाई के समय नत्रजन की आपूर्ति के लिए 30 किलोग्राम यूरिया प्रति एकड़ का छिड़काव करें। यदि इस अवस्था पर नमी और पोषक तत्वों की कमी होती है तो शीर्ष जड़ का निर्माण के साथ साथ कल्ले निकलना भी प्रभावित होता है जिसका फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। श्री जय कुमार ने किसानों को बताया कि सभी फसलों में समय पर सिंचाई करना आवश्यक है। इस अवसर पर डॉक्टर अंकुर शर्मा ने किसानों को बताया कि फसलों के साथ पशुपालन करने से ही किसानों की आय में वृद्धि होगी। प्रशिक्षण में केंद्र के तकनीकी सहायक श्री शरद चंद राय, सतीश चंद मिश्रा, अतुल कुमार मिश्रा, जगदीश नारायण सिंह, रामनक्षत्र प्रसाद शर्मा, कपिल गोंड, ओमप्रकाश सिंह, रजत चौहान, विकास मिश्रा इत्यादि किसान उपस्थित रहे।

# स्व. हरिवंश सहाय समाज के दबे कुचले वंचितों के उत्थान के लिए लड़ाई लड़ते रहते थे: अशोक सहाय

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी देवरिया।** पूर्व जिला न्यायाधीश एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह कुशवाहा ने कहा कि पूर्व सांसद व पूर्व विधायक हरिवंश सहाय कुशवाहा के लिए सादगी उनके जीवन का आदर्श रहा।

उन्होंने बताया कि प्राध्यापक, चार बार भाटपार रानी से विधायक एक बार सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद, एवं कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कर विभिन्न राजनीतिक पदों पर रहने के बावजूद भी रेलवे के दो कमरों की मकान मैं अपना जीवन व्यतीत किया। उनका सपना मंत्री या विधायक बनाने तक सीमित नहीं था। बल्कि वे दबे कुचले, शोषित और वंचित लोगों को न्याय दिलाकर उनका उत्थान एवं मार्ग प्रशस्त करना चाहते थे। वे सदैव कहां करते थे कि राजनेता एवं मतदाता के बीच का संबंध दाता और याचक नहीं बल्कि भाई- भाई का हो। उक्त बातें सेवानिवृत न्यायाधीश श्री सिंह बुधवार को सहाय आवास पर आयोजित स्व हरिवंश सहाय के 86 वें जयंती समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सहाय का दबे कुचले, वंचितों एवं शोषितों को न्याय एवं उनका हक दिलाना उनके जीवन का मकसद रहा ।बाहुबलियों एवं सामंतवादियों के सामने कभी झुके नहीं।असहायियों पर पुलिस प्रशासन का जुल्म, जातीय ,अत्याचार उन्हें पसंद नहीं रहा।उनके विरुद्ध मोर्चा खोलना, लिखा- पढ़ी कर उन्हें दुरुस्त कर राह दिखाना उनका स्वभाव रहा।

उनके भीतर ईमानदारी इस कदर कूट-कूट कर भरी गई थी कि वे समाज के अतिरिक्त अपने विषय में कभी सोचा नहीं। समाजसेवी सच्चिदानंद शाही ने कहा कि शुचिता व पवित्रता के प्रति संकल्पित रहे स्व.सहाय के अनुपस्थिति से पूर्वांचल में समाजवादी आंदोलन के एक और नक्षत्र का अवसान हो गया। वे सार्वजनिक जीवन में शुचिता व पवित्रता के प्रति कृत संकल्पित रहे। अपने राजनीतिक जीवन में उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। वे जीवनभर समाजवादी मूल्यों से जुड़े रहे। आज वे वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर अरविंद सहाय ने कहा कि स्वर्गीय सहाय गरीबों व मजलूमों की लड़ाई हमेशा लड़ते रहे। उन्होंने कभी किसानों, नौजवानों व गरीबों के हितों के साथ समझौता नहीं किया। उनके रास्ते पर चलकर ही समाज का भला हो सकता है।पूर्व सांसद हरिवंश सहाय का संबंध दलीय सीमाओं से ऊपर रहा। उत्तर प्रदेश व बिहार के कई दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं से उनका मधुर संबंध रहा। जयंती समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष भाटपार रानी राजेंद्र जयसवाल ,बनकटा शशि रंजन तिवारी, घाटी अनिल शाही, पड़री संजय पटेल ,समाजसेवी सच्चिदानंद शाही, प्रबंधक रामायण सिंह कुशवाहा,पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कुशवाहा ,मंडल महामंत्री जितेंद्र जायसवाल ,सभासद चंदन मद्धेशिया ,दुर्गेश्वर सोनी ,सीमा कुशवाहा कृष्ण कुमार शाही उर्फ टाइगर सिंह ,अभय प्रताप सिंह, मुरलीधर कुशवाहा ,लालबाबू यादव, सभासद राजेश गुप्ता, धर्मेंद्र कुशवाहा ,वरिष्ठ पत्रकार विपुल तिवारी ,डॉक्टर श्रीनिवास मिश्र, डॉक्टर मोतीलाल यादव ,अभिषेक शाही ,ओमप्रकाश शाही ,प्रेम नाथ कुशवाहा ,अजय कुशवाहा ,वरिष्ठ नेता श्यामदेव यादव ,नारायण कुशवाहा, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र कुशवाहा, संतोष पांडेय ,पीयूष सिंह ,अरविंद कुशवाहा, कुलवंत सिंह, रितिक गुप्ता ,दिल बंधु चौहान ,अभय शर्मा, प्रतीक तिवारी, अभिषेक कुशवाहा, दिग्विजय नाथ तिवारी, संजय कुशवाहा ,विपिन बिहारी कुशवाहा, डॉक्टर के के मिश्रा आदि लोगों ने हिस्सा लिया।

## मनचलों पर भारी, जागरुक सशक्त नारी



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया उत्तरी श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी के पर्यवेक्षण जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। ऑपरेशन डिस्ट्राय के तहत थाना खुखुन्दू की मिशन शक्ति टीम द्वारा खुखुन्दू कस्बे में तथा थाना तरकुलवा की मिशन शक्ति टीम महिला उपनिरीक्षक कोमल पाण्डेय द्वारा तरकुलवा कस्बे में स्थित बुक स्टॉलों चेक किया गया तथा किसी भी प्रकार की अश्लील/आपत्तिजनक साहित्य न बेचने हेतु जागरुक किया गया इस दौरान थाना तरकुलवा की मिशन शक्ति टीम म0उ0नि0 कोमल पाण्डेय द्वारा तरकुलवा कस्बे में, थाना भलुअनी की मिशन शक्ति दीदी महिला आरक्षी सोनिया द्वारा भलुअनी थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में महिलाओं/बालिकाओं को जागरुकता अभियान के तहत जागरुक किया गया इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों की टीमों द्वारा गाँवों/विद्यालयों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र/छात्राओं व वहां उपस्थित विद्यालय के स्टाफ को मिशन शक्ति अभियान के मुख्य उद्देश्यों से महिलाओं में वैचारिक, व्यावहारिक परिवर्तन लाये जाने हेतु उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ रिलेशनसिप एवं साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं महिलाओं की सहायता हेतु बने कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग कर झूठे अभियोग पंजीकृत कराये जाने के दुष्परिणामों एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं कों इंगित करते हुए विस्तार से उनकी जानकारी दी गई एवं जागरूक किया गया व शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में साइबर अपराधों के बारें व कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी।

## प्रांतीय रक्षक दल का 76वां स्थापना दिवस समारोह मना



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, देवरिया के तत्वाधान में प्रांतीय रक्षक दल का 76वां स्थापना दिवस समारोह बाबा राघव दास इंटर कॉलेज के प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय ने की, जबकि मुख्य अतिथि सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी रहे। मुख्य अतिथि को प्रांतीय रक्षक दल के जवानों ने मान-प्रमाण सलामी दी। समारोह के दौरान कई रोचक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रांतीय रक्षक दल के जवानों ने परेड मार्च पास्ट में भाग लिया, जिसमें 22-22 जवानों की तीन टोलियां शामिल थीं। एक महिला जवानों की टोली भी इस परेड का हिस्सा रही। टोली नंबर 2 को सर्वश्रेष्ठ टोली के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कबड्डी, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स जैसे खेल शामिल थे। सभी पीआरडी जवानों को युवा कल्याण विभाग की ओर से टी-शर्ट भेंट की गईं। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नीरज कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार, बाबा राघव दास इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल, प्रवक्ता दिनेश मणि त्रिपाठी, धर्मशील तिवारी और विभिन्न विकासखंडों से आए प्रांतीय रक्षक दल के जवान उपस्थित रहे।

## एक अच्छा कार्यकर्ता पार्टी हित में सदैव संघर्षरत रहता है



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** संगठन पर्व के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय औरा चौरी में संगठन चुनाव के निमित्त आवश्यक बैठक मुख्य अतिथि, जिला चुनाव पर्वेक्षक व अयोध्या के पूर्व सांसद लल्लू सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लल्लू सिंह ने कहा कि समाज में अपने कर्मों के आधार पर हर व्यक्ति को सम्मान मिलता है। हम सभी एक विचारधारा के लोग हैं। मंडल के चुनाव में जो भी हमारे अध्यक्ष बने उसमें सबकी सहमति हो। पार्टी की विचारधारा सबका साथ सबका विकास है। मंडल अध्यक्ष ऐसा हो जो भविष्य में अध्यक्ष बनने के बाद वह जनता के बीच संगठन के विचारों से प्रभावित होकर काम करे। पार्टी का जो लक्ष्य है जो सोच है उस सोच के आधार पर कार्य करना है। राजनीति में संपर्क से ज्यादा महत्व है कार्य करना। हमारी पार्टी सिद्धांतों और विचारों की पार्टी है इसलिए हमें ये ध्यान रखना है कि राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते समय हम अपने इन सिद्धांतों और विचारों को ध्यान में रखें। एक अच्छा कार्यकर्ता संगठन के विचारों को आत्मसात करते हुए सबके हित के लिए संघर्षरत रहता है। जिला चुनाव अधिकारी बालेंदु मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के सभी मंडलों के बूथों का गठन हो चुका है आगे हर मंडलों के अध्यक्ष पद के लिए चयन होना है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रभारी संतराज यादव ने बताया कि जिन बूथों का चुनाव हुआ है उनका भौतिक सत्यापन भी होगा, बिना सत्यापन हुए बूथों का चुनाव सही नहीं माना जाएगा।

# बिजली निजीकर कर कर्मचारियों की छटनी कर देगी: विजय

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** आज भलुअनी नगर मे बिजली निजीकर वापस लेने की माँग को लेकर ग्यारह बजे सपा नेता विजय रावत व सत्येन्द्र यादव सत्या व हरिकेष के नेत्रितव मे गांधी चौक पर प्रदर्शन हुआ। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा है कि पहले भाजपाई बिजली का निजीकरण करेंगे, फिर बिजली की रेट बढ़ाएँगे, उसके बाद कर्मचारियों की छँटनी करेंगे, फिर ठेके पर लोग रखेंगे और ठेकेदारों से भाजपाई कमीशन लेंगे।

फिर बिजली का बिल बढ़ाकर जनता का शोषण करेंगे, बढ़े बिल का हिस्सा बिजली कंपनियों से पिछले दरवाज़े से लेंगे, फिर भाजपाई इस भ्रष्ट कमाई का सरकार बनाने में इस्तेमाल करेंगे, सरकार बनाकर जनता की जेब खाली करने का यही कुचक्र किसी और रूप में दोहराएँगे। श्री रावत ने कहा कि बिजली के बाद क्या पता पानी के निजीकरण का भी नंबर आ जाए। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों को कर्मचारियों और आम जनता के गुस्से और आक्रोश का भी डर नहीं हैं क्योंकि ये चुनाव वोट से नहीं, खोट से जीतते हैं।

जहां जनता सजग होती है और प्रशासन ईमानदार होता है, वहां भाजपा वाले हार जाते हैं। श्री रावत ने कहा कि भाजपाइयों ने एक यूनिट बिजली का उत्पादन किया नहीं। सस्ती और निरंतर सुलभ बिजली के लिए न तो जेनरेशन बढ़ाया है, न ट्रांसमिशन को सुदृढ़ बनाया है और न ही डिस्ट्रिब्यूशन को सुधारा है।

इसकी जगह भाजपाइयों ने बिजली जैसी जनता की बुनियादी ज़रूरत को पैसे 'जेनरेशन' की मशीन मान लिया है, पैसे का 'ट्रांसमिशन' इधर से उधर किया है और पैसे का आपस में मिल बाँटकर 'डिस्ट्रिब्यूशन' कर लिया है। भाजपा झूठ और लूट की नीति पर काम करती है। सरकारी बजट लूटने और जनता की जेब काटने के लिए नयी-नयी रणनीति बनाती है। भाजपा का उद्देश्य लोक कल्याण और जनकल्याण नहीं है। वह अपने लाभ के लिए जनता का शोषण करती है। भाजपा की शोषणकारी नीति से कर्मचारी और जनता त्रस्त है। 2027 में प्रदेश की जनता भाजपा की अन्यायी शासन का अंत कर देगी। इस दौरान मुख्य रूप से युथ ब्रिगेड प्रदेश सचिव सत्येन्द्र यादव सत्या अनिल सिह भीम यादव हरिकेश यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड,संजीव कुमार, वशिष्ठनारायण इम्तियाज अंसारी, सौरभ विश्वकर्मा, अनुपम यादव मोरध्वज यादव, दीपक यादव, भीम यादव, शिवम यादव, अभिमन्यु यादव, यशवंत यादव, बलवंत यादव, आनंद यादव, जितेन यादव, संजीव कुमार पन्नेलाल, सौरभ विश्वकर्मा अनुपम, विशाल सिंह इत्यादि लोग मौजूद थे।

## बुद्धा पार्क का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिले के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात उ.प्र. दिनेश प्रताप सिंह द्वारा लगभग 5 करोड़ की लगत से हो रहे बुद्धा पार्क रविंद्रनगर में सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां उन्होंने कार्यदाई संस्था यूपी आरएनएसएस निर्माण खंड गोरखपुर द्वितीय के संबंधित अधिकारी/कॉन्ट्रैक्टर/सुपरवाइजर तथा जिला उद्यान अधिकारी से पूरे प्रोजेक्ट के निर्माण आरम्भ तथा पूर्ण होने की तिथि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने डीपीआर के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों के बारे में जानकारी ली। जिसपर कार्यदाई संस्था एवं जिला उद्यान अधिकारी द्वार बताया गया कि कार्य आरम्भ की तिथि 16 मार्च 2024 तथा पूर्ण होने तिथि 15 सितंबर 2025 है। डीपीआर के अंतर्गत जिम हाल, टॉयलेट ब्लॉक, पंप हाउस, गोडाउन कम ऑफिस, पाथवे, मिट्टी भराई कार्य, बाउंड्री वाल का जीर्णोद्धार, सोलर स्ट्रीट लाइट प्रस्तावित है। इसके बाद मंत्री द्वारा लोक निर्माण विभाग के तत्वावधान में निर्मित जिला कारागार कुशीनगर के बैरक निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया परियोजना के लगत के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि के बारे में बताया गया। डीपीआर में प्रस्तावित कार्यों के पृच्छा के क्रम में बताया गया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कम्युनिटी सेंटर, गेस्ट हाउस, बैरक, प्रोविजिनल स्टोर, मुलाकात घर, प्रशासनिक भवन आदि का निर्माण किया जाएगा।

## रोजगार मेले में 243 अभ्यर्थियों का चयन

**अमेठी।** संजय गांधी पॉलीटेक्निक जगदीशपुर में जिला सेवायोजन कार्यालय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया तथा उन्हें करियर के विभिन्न विकल्पों में सही चुनाव करने के संदर्भ में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के कार्यदेशक अजय कुमार सिंह तथा संजय गांधी पॉलीटेक्निक के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष फैजान अहमद द्वारा भी बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। मेले में कुल 7 प्लेसमेंट कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न पदों के लिए 243 अभ्यर्थियों का चयन किया। मेले में कुल 321 बेरोजगार युवाओं ने प्रतिभाग किया। शिव एच आर सॉल्यूशन ने 40 पीपल मंत्र ने 44 ब्राइट फ्यूचर ने 56 बूसा मैनेजमेंट ने 57 पुखराज हर्बल कंपनी ने 46 अभ्यर्थियों को चयनित किया तथा अदानी स्किल इंडिया ने 20 एवं इंडोरामा कंपनी ने 27 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार के लिए चयन किया।

# प्रांतीय रक्षक दल का इतिहास गौरवशाली है : राजेश अग्रहरि

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** प्रांतीय रक्षक दल का 76 वां स्थापना दिवस बुधवार को ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोरहा में समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने खेल प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे पी आर डी जवानों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

राजेश अग्रहरि ने कहा कि जिस देश की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ रहती है उस देश का भविष्य हमेशा गौरवशाली रहता है। प्रांतीय रक्षक दल का इतिहास गौरवशाली रहा है।यह बल देश की आजादी के समय से ही ग्रामीण अंचल तक शांति सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान कर रहा है।पी आर डी के जवानों की कर्तव्य निष्ठा अनुशासन और समय पालन ने हमेशा समाज में अच्छा संदेश दिया है। पुलिस के छोटे भाई के रूप में पी आर डी के जवानों की भूमिका हमेशा सराहनीय रही है। परेड की सलामी के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष ने पी आर डी जवानों को पुरस्कृत और सम्मानित किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी काशी नाथ ने बी ओ रागिनी और निधि श्रीवास्तव के साथ मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कि पी आर डी के जवान सरकार और समाज की जरूरत के अनुसार हमेशा अपनी सेवाएं देने को तैयार हैं। स्थापना दिवस समारोह में टोली नंबर दो की परेड को पहला स्थान हासिल हुआ है। पूरी टोली को भी परेड कमांडर राधेश्याम और टोली नायक चन्द्र शेखर के साथ सम्मानित किया गया।

समारोह में एस एच ओ पीपरपुर रामराज कुशवाहा वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र प्रताप सिंह पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार चन्द्र पाल यादव एस पी सिंह राजेश सिंह व्यायाम शिक्षक विनोद सिंह विनोद कश्यप अखिलेश कमलेश आदि मौजूद रहे।

# चकबंदी कार्यों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 52 गांव शामिल थे जिसमें से अब तक 6 गांव की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है गांव के अभिलेख तहसील को भेजे जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त धारा 7 में 9 गांव धारा 8 में 4 गांव धारा 9 में 2 गांव धारा 10 में 8 गांव धारा 20 में 10 गांव तथा धारा 27 में 11 गांवों में कार्य चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं। किसी भी गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका न जाए सभी गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। बैठक में उन्होंने चकबंदी के तहत लंबित मुकदमों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# गाड़ी धुलाई सेंटर के पास युवक की मिली लाश, हत्या की आशंका

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** चौराखास थाना क्षेत्र के जोकवा सोनबरसा मार्ग पर एक गाड़ी धुलाई सेंटर में युवक का शव देख ग्रामीणों में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की शिनाख्त पटहेरवा थाना क्षेत्र के धनहां गांव निवासी राजू प्रसाद पुत्र हीरामन के रूप में हुई। बताया जा रहा था कि युवक बचपन से ही गंगा था। राजू के मुंह और नाक से खून निकला हुआ था और गले में सूजन था। पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव धनहा निवासी राजू प्रसाद उम्र 18 वर्ष पुत्र हीरामन प्रसाद जन्म से गूंगा है और उसके माता पिता भी गूंगा है एक उससे छोटी बहन है जो बोलती है। धनहा व जौरा बाजार के लोगों का कहना था की राजू अक्सर बाजार में घुमा करता था सीधा स्वभाव का था। वह अपने मां बाप का एकलौता संतान था। बाजार में हमेशा देखा जाता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंगलवार को चार बजे के करीब उसको दो युवक के साथ बाजार में मोटर सायकिल पर देखा गया था। देर रात राजू घर नहीं पहुंचा तो घर वालों ने उसकी काफी खोज बीन की, नहीं मिला। बुधवार की सुबह चौराखास थाना क्षेत्र के जोकवाङ्कसोनबरसा मार्ग पर एक युवक का शव मिलने की सूचना पर पहुंचे घर वालों ने उसकी पहचान राजू प्रसाद के रूप में की। अपने बेटे का शव देखकर राजू मां दहाड़े मारकर रोते रोते बेसुध हो जा रही थी। राजू के मां बाप गूंगे है जब पत्रकार उन लोगों से बात करने की कोशिश कर रहे थे तो वो अपनी भाषा में हत्या के इशारे कर रहे थे और रोते रोते बेसुध हो जा रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना था कि बेचारे गूंगे व्यक्ति से किसकी दुश्मनी रही होगी जो इसका ये हाल किया है। धनहां गांव के कुछ लोगों का कहना था कि गूंगा होने के चलते कुछ लोग राजू से गलत काम भी करवाते थे उन्ही लोगों का राजू कि हत्या में हाथ हो सकता है। इस संबंध में एस ओ विद्याधर कुशवाहा का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही खुलासा होगा।

### प्रभारी मंत्री ने एक-एक विभाग की टटोली नब्ज, लापरवाह अधिकारियों को चेताया

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले : दिनेश

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले के प्रभारी मंत्री उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात उ.प्र. दिनेश प्रताप सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक योजनाओं, यातायात व्यवस्था, निर्माण कार्यों, कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन आदि की समीक्षा बैठक की।

बैठक में वन विभाग, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, मनरेगा, नगर निकाय, बृहद गो संरक्षण, निपुण भारत, ऑपरेशन कायाकल्प, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), महिला एवं बाल विकास, धान क्रय केंद्र, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पंचायत राज विभाग, विद्युत विभाग, कानून व्यवस्था, पर्यटन विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मत्स्य, पशुधन, दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन, सिंचाई एवं जल संसाधन व उद्योग विभाग आदि के विकास कार्यों तथा विभागीय जनकल्याणकारी संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। उन्होंने कहा कि शासन की समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो सके इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। सभी जनप्रतिनिधियों के साथ सभी अधिकारी सम्मिलित बैठक आयोजित करें एवं योजनाओं को धरातल पर मूर्तरूप दें। पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के द्वारा ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में सड़के, नए धान व गेंहू क्रय केंद्र, मंडी, हॉट पैड, पर्यटन एवं विकास के दृष्टिगत कार्य प्रस्तावित की जा रही हैं उनमें जनप्रतिनिधियों की सहमति एवं प्रस्ताव अवश्य लें तथा शासन की मंशानुरूप समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति को प्रत्येक योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी केंद्रों पर उर्वरक डीएपी यूरिया, खाद, बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे। विद्युत विभाग के अंतर्गत खराब ट्रांसफार्मर की बदलने वाली समय सीमा की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए एवं शासन की मंशानुरूप ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रभारी मंत्री ने मुख चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सप्ताह में 2 दिन निर्धारित रोस्टर के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करे, वहां पर कतार में खड़े रोगियों से संवाद करें उनका फीडबैक ले तथा यथा आवश्यक कार्यवाही भी करें। जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि रोड रिपेयरिंग तथा पाइप लिकेज के अंतर्गत कराए गए कार्यों की गुणवत्ता की जांच करें तत्पश्चात ही हैंड ओवर लें। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्राथमिकता के आधार पर राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से जनपदवासियों को लाभान्वित करें। उन्होंने समस्त निर्माण कार्यों को अनुबंधित तिथि तक पूर्ण करने के निर्देश सभी उपस्थित कार्यदाई संस्थाओं को दिए। हाटा पिपराइच मार्ग के चौड़ीकरण करने में हो रही देरी के बारे में विधायक हाटा मोहन वर्मा ने बताया, जिसपर मंत्री ने निर्देशित किया कि अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी काम में हुई विलंब के कारण जिम्मेदारी तय करते हुए दोषी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए। प्रभारी मंत्री ने बैठक में पर्यटन अधिकारी को उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे स्थलों का चयन करे, की कितने और स्थल पर्यटन के रूप में विकसित और किया जा सकता है। उनके विकास के दिशा में तत्परता से कार्य करें।

# शीतलहर व ठंड से बचाव के लिए कृषकों व पशुपालकों के लिए जारी की गयी एडवाईज़री

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ.प्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आदेश के क्रम में शीतलहर व ठंड से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण, बहराइच की अध्यक्ष /जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा कृषकों एवं पशुपकों हेतु क्या करें और क्या न करें के सम्बन्ध में एडवाईज़री जारी की गयी है।

डीएम ने बताया कि शीत लहर व पाला फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे फसलों में काला रतुआ, सफेद रतुआ, पछेती तुषार आदि रोग उत्पन्न होते हैं। शीतलहर के कारण फसलों में अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन, उपज और भण्डारण अवधि में विभिन्न प्रकार के व्यवधान उत्पन्न हो जाते हैं। क्या करें के सम्बन्ध में कृषकों को सुझाव दिया गया है कि ठंड से होने वाली बीमारी के लिए उपचारात्मक उपाय अपनायें जैसे बेहतर जड विकास को सक्रिय करने के लिए बोर्डो मिश्रण या कॉपर ऑक्सी-क्लोराइड, फास्फोरस (पी) और पोटेशियम (के) का छिडकाव करें। शीत लहर के दौरान जहां भी संभव हो, हल्की और बार-बार सतही सिंचाई करें।

कृषकों को सुझाव दिया गया है कि यदि संभव हो तो स्प्रिंकलर सिंचाई का उपयोग करें। ठंड प्रतिरोधी पौधों/फसलों/किस्मों की खेती करें। बागवानी और बगीचों में इंटरक्रॉपिंग (अन्तर फसल) खेती का उपयोग करें। टमाटर, बैंगन जैसी सब्जियों की मिश्रित फसल, के साथ सरसों/अरहर जैसी लंबी फसलें ठंडी हवाओं (हंड के खिलाफ आश्रय) के खिलाफ आवश्यक आश्रय प्रदान करेगी। सर्दियों के दौरान युवा फलदार पौधों को प्लास्टिक द्वारा ढककर अथवा पुआल या सरकंडा घास आदि के छप्पर (झुग्गिया) बनाकर विकिरण अवशोषण (एबसार्पशन) को बढायें जिससे गर्म तापीय व्यवस्था बनी रहे। जैविक मल्चिंग (तापीय इन्सुलेशन के लिए) के साथ-साथ विंड ब्रेक/शेल्टर बेल्ट लगाकर (हवा की गति को कम करने के लिए) उपाय किये जा सकते हैं।

इसी प्रकार पशुपालकों को सुझाव दिया गया है कि शीत लहर के दौरान, जानवरों और पशुधन को जीविका के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। ठंड के कारण तापमान में अत्यधिक भिन्नता भैंसों/मवेशियों में प्रजनन दर प्रभावित हो सकती है।

क्या करें के सम्बन्ध में पशुपालकों को सुझाव दिया गया है कि ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क से बचने के लिए रात के दौरान सभी तरफ से जानवरों के आवास को ढक दें। पशुओं और मुर्गियों को ठंड से बचाने और गर्म कपड़े से ढकने की व्यवस्था करें। पशुधन आहार पद्धति और आहार पूरकों में सुधार करें। उच्च गुणवत्ता वाले चारे या चरागाहों के उपयोग के साथ वसामुक्त खुराक प्रदान करें तथा - आहार सेवन, दिखलाने और चबाने के व्यवहार पर अनुपात केंद्रित करें।

# पौधे लगाते समय जियो टेंगिग अवश्य रखें: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त अधिशासी अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि किसी भी नाले का पानी यमुना नदी में गिरने नहीं पाए, साथ ही सभी अधिशासी अधिकारी इस बात को सुनिश्चित कर लें की प्लास्टिक का इस्तेमाल कम हो और जो भी प्लास्टिक का इस्तेमाल करें उस पर जो भी निर्धारित जुर्माना है वह अवश्य लगाए, मुख्य विकास अधिकारी इस बात पर खासे नाराज दिखे कि जुर्माने की कार्यवाहियाँ अधिशासी अधिकारी गंभीरता के साथ नहीं कर रहे हैं, साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जहां-जहां निर्माण हो रहा है वहां-वहां की बेस्ट सामग्रियों को जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है उनके डिस्पोजल की कार्रवाई तेजी के साथ करें, वृक्षारोपण समिति की उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि हर विभाग अपने द्वारा लगाए गए पौधों की जिओ टेंगिग अवश्य कर ले, स्वास्थ्य विभाग की जियो टैगिंग कम पाए जाने पर उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिलाधिकारी की तरफ से स्पष्टीकरण जारी करें, उन्होंने कहा कि हर विभाग यह सुनिश्चित कर ले कि उनके द्वारा लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग आवश्यक हो उसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही न हो, जनपद में नंदनवन और उपवन की जो थीम थी उसका क्रियान्वयन समुचित तरीके से अवश्य हो। बैठक के दौरान डी एफ ओ विकास नायक, उपनिदेशक कृषि एस पी सिंह, डीपीआरओ, संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सेवायोजन कार्यालय में 13 दिसंबर को आयोजित होगा रोज़गार मेला

**बहराइच।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में 13 दिसंबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के 05 नियोजकों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोज़गार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में क्वेशकार्प लिमिटेड, पीपल ट्री आनलाइन, एल.आई.सी.,ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक व न्यू जीवनदीप इंटर प्राइजेज द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। कुमार ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशन विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं रोज़गार संगम पोर्टल में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# पैराडाइज की छात्रा ने विद्यालय व जिले का नाम किया रोशन

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय पैराडाइज पब्लिक स्कूल की छात्रा का शूटिंग बॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ सिलेक्शन। आपको बताते चलें कि शूटिंग बॉल स्टेट लेवल चैंपियनशिप का आयोजन सहारनपुर में 26 से 28 अक्टूबर तक हुआ था। उस प्रतियोगिता में पूरे उत्तर प्रदेश में से बालक एवं बालिका वर्ग में नेशनल चैंपियनशिप के लिए 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। जिसमें शहर के विद्यालय पैराडाइस पब्लिक स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा चित्रांगदा का चयन शूटिंग बॉल नेशनल चैंपियनशिप में जूनियर बालिका वर्ग के लिए हुआ है। आपको बताते चलें कि विगत कई वर्षों से पैराडाइस स्कूल के बच्चों का लगातार नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन हो रहा है। इस वर्ष भी पैराडाइस की छात्रा ने शूटिंग बॉल नेशनल जूनियर बालिका टीम में अपना स्थान बनाकर जिले एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा का नेशनल टीम में चयन होने पर विद्यालय की प्रबंधक लता पाण्डेय, प्रधानाचार्य डॉ0चंद्र प्रकाश पाण्डेय, बबिता तिवारी, सारिका, रंजना, मुकेश चतुर्वेदी, आशीष एवं विद्यालय के स्टाफ एवं शूटिंग बॉल संगठन के जिला सचिव अमर यादव ने छात्रा को बधाई दी है।

## आसाम के गवर्नर लक्ष्मण आचार्य का सुल्तानपुर आगमन आज 12 को



**सुल्तानपुर।** आसाम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य गुरुवार को 4 बजे वाराणसी हाईवे एनएच-56 पयागीपुर स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल पहुंचेंगे। स्कूल अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने जानकारी दी कि राज्यपाल के यहां पहुंचने पर विद्यालय के बच्चों व टीचर्स द्वारा स्वागत किया जायेगा। इसके बाद राज्यपाल बच्चों व टीचर्स से रूबरू होंगे। इसके बाद राज्यपाल प्रबुद्धजनों से संवाद स्थापित करेंगे। राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि महामहिम आधे घंटे विद्यालय में रुकने के बाद पौने पांच बजे सड़क मार्ग से वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## रामसिंह महाविद्यालय में एनसीसी प्रशिक्षण दिया गया



**टूंडला।** यू.पी.एनसीसी बटालियन फिरोजाबाद के निर्देशानुशार रामसिंह महाविद्यालय नगला सिकन्दर टूण्डला एटा रोड फिरोजाबाद में एनसीसी की 22 राइफल द्वारा सिस्ट लेना फाइट करना, और ड्रिल सिखाया जिसमें जवाहर लाल इंटर कॉलेज रति गढ़ी कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा रामसिंह महाविद्यालय नगला सिकन्दर के सभी कैडिटों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, फाइटिंग के इस मौके पर 6 यू.पी. एनसीसी बटालियन के ट्रेनिंग जे सीओ देशराज सिंह, लाखन सिंह दिनेश आर्या एवं एएनओ लेफ्टिनेंट विमलेश सिंह सीटीओ प्रो.सीपी किंह एवम् राम सिंह कॉलेज प्राचार्य डा.बीपी सिंह एवम् कॉलेज प्रवन्धक डा.डीपी सिंह एव अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सुल्तानपुर।** ढेमा गांव में रस्सी के फंदे के सहारे युवक ने जान दे दी। सभापति पुत्र विश्वनाथ वर्मा 36 वर्ष ने बरामदे में लगे बल्ली के सहारे रस्सी से फांसी लगा आत्महत्या कर लिया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा कर युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा । घटना से गांव में कोहराम मचा हुआ है।मौके पर अगल-बगल के गांव के लोगों का जमावाड़ा लग गया था। मोतिगर पुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव का मामला बताया जा रहा है।

## 15 दिसंबर से शुरू हो रही एक मुफ्त समाधान योजना

**सुल्तानपुर।** बिजली बकायदाओं के लिए बिजली विभाग ने तीन चरण में अभियान चलाने का फैसला किया है। 15 दिसंबर से पहले चरण का अभियान शुरू होगा। जिसमें 1 किलो वाट भार तक के उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत ब्याज में छूट दिए जाने की तैयारी की गई है। इसी के साथ दूसरे और तीसरे चरण में छूट की धनराशि का प्रतिशत काम होता चला जाएगा। अधीक्षण अभियंता इंजीनियर एके सिंह ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता अपने क्षेत्र के अधिशासी अभियंता से संपर्क करें। संपूर्ण जानकारी विभाग द्वारा अधिशासी अभियंताओं को उपलब्ध कराई गई है। अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ ले सकता है।

# दो अभियुक्तगण पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस टीम ने चलाए जा रहे धर-पकड़ अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तगणों को मय वाहन के गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा चैंकिंग के दौरान 2 अभियुक्तगण नदीम पुत्र यूसुफ निवासी मुरसान थाना मुरसान जनपद हाथरस, इकरार पुत्र इकराम निवासी ग्राम जवार थाना इग्लाश जनपद अलीगढ़ को बिल्टीगढ पुल के ऊपर से टूण्डला की तरफ जाने वाले रोड से एक पिकअप नं. P86AT0960 में कुल 32 पडडा (भैस के छोटे बड़े बच्चों) सहित पशु क्रुरता अधिनियम की धारा 11 के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है। बरामद वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एम.वी.एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु.अ.सं. 318/2024 धारा 11 पशु क्रुरता अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह मलिक, उ.नि. रोहित तोमर, उ.नि. विनय कुमार, का. 1362 भूपेन्द्र कुमार, है.का. भिखारी लाल तैनाती पीआरवी 658 जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## पर्यटन मंत्री नेकई स्थानों पर जताया शोक

**टूंडला।** प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने टूंडला नगर में भाजपा विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर के आवास पर पहुंचकर उनकी मां के निधन पर शोक श्रद्धांजलि दी इसके बाद वह पूर्व विधायक शिव सिंह चक् के आवास पर पहुंचे जहां उन्होंने उनके पुत्र के निधन पर शोक प्रकट किया बाद में बसई पहुंचे जहां पालिका परिषद के अध्यक्ष भंवर सिंह ठेकेदार के बड़े भाई राम खिलाड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया इस अवसर पर उनके साथ जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह वृंदावन लाल गुप्ता जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फसिटी सतीश दिवाकर देवेंद्र तोमर रुपेश शुक्ला संजय परमार जितेन प्रताप सिंह सौरभ प्रताप तरुण शर्मा यशपाल सुनील शरद पोनिया विशाल जैन विनोद दीक्षित किशोर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# सीएम डैश बोर्ड में जनपद को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** माह नवम्बर 2024 के लिए शासन द्वारा जारी की गई रैंकिंग में बहराइच को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। शासन स्तर से माह नवम्बर के लिए जारी रैंकिंग में जनपद महाराजगंज, बहराइच, हमीरपुर, अम्बेडकरनगर व बुलन्दशहर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त हुआ है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के सभी सम्बन्धित अधिकारियों के प्रयास की सराहना करते हुए सभी से अपेक्षा की है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकासपरक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को शासन की मंशानुरुप धरातल पर क्रियान्वित कर अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करते हुए उसे सीएम पोर्टल पर अपलोड भी करें। इससे आम जनमानस की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान भी होगा तथा उन्हें सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत लाभ भी मिल सकेगा और साथ ही साथ अपना जनपद प्रदेश में अव्वल स्थान भी प्राप्त कर सकेगा।

## आईजीआरएस निस्तारण की फर्जी रिपोर्ट लगाने में माहिर है डीपीआरओ सुल्तानपुर

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** निचले स्तर पर कर्मचारी से जरा सी चूक तो उन पर कार्यवाही तय है।पर यही गलती जनपद के आला अधिकारी स्वयं करें तो उनकी कोई जबाबदेही तय नहीं की जाती है।

मामला जनपद के पंचायती राज कार्यालय के मुखिया स्वयं डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल का है।जिन्हें सरकार ने पंचायती राज महकमे से होने वाले कार्यो पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी है।भरसड़ा गांव में प्रधान द्वारा मजदूरों की मजदूरी अपने खाते में लेने की शिकायत ग्रामीणों ने आईजीआरएस पोर्टल क्रमांक पर अलग अलग नम्बरो 40017924028815 व 40017924028801 पर दर्ज हुई।शिकायत उप निदेशक पंचायती राज ने डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल को स्थानांतरित कर दी।उन्होंने अपने चहेते भरसड़ा प्रधान को बचाने के लिए जांच खुद अपने हाथ मे ले ली।उनकी लापरवाही का आलम यह रहा कि उन्होंने शिकायत की जाँच तो दूर पढ़ना तक उचित नही समझा और एक पुरानी शिकायत सन्दर्भ संख्या 40017924022574 की निस्तारण आख्या इन दोनों शिकायतों पर अपलोड कर एक बार फिर सरकारी धन के दुरुपयोग के दोषी ग्राम प्रधान को बचाने का प्रय्यास करने में कोई कोर कसर नही छोड़ी।बताते चले कि ग्राम प्रधान द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता की शिकायत की पुष्टि होने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा दो दो बार कारण बताओ नोटिस देने के बाद भी कार्यवाही नही की जा रही है।जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा उच्चाधिकारियों व शासन से की है।

## शुक्रवार को दी जाएगी अधिवक्ता को श्रद्धांजलि

**सुल्तानपुर।** स्नेहिल सरल व्यवहार, अथक परिश्रम, धार्मिक रचनात्मक प्रवृत्ति वाले अधिवक्ता गिरेन्द्र पाल सिंह(74) को 13 दिसंबर को उनके पैतृक गांव में श्रद्धांजलि दी जाएगी। अधिवक्ता के पुत्र पंकज पाल सिंह (श्री राम फाइनेंस) ने बताया कि हृदय में उठे अचानक दर्द के बाद वह तकरीबन एक हफ्ते तक प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में पिताजी का इलाज करवा रहे थे ।लेकिन बीते 30 नवंबर को पिता जी का अस्पताल में निधन हो गया। आगामी 13 दिसंबर शुक्रवार को पैतृक गांव करौंदी कला थाना क्षेत्र के पहाड़पुर कला,पोस्ट हरिपुर में आयोजित श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।13 वीं का कार्यक्रम साथ में सम्पन्न होगा।मृतक अधिवक्ता के छोटे भाई डॉ विकास पाल सिंह ने बताया कि बड़े भाई के निधन से परिवार को छति पहुँची है।

## 40 ग्राम पंचायत सचिवों का बाधित हुआ माह दिसम्बर का वेतन

**बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यो को त्वरित गति से सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर वर्तमान वित्तीय वर्ष के साथ-साथ विगत वर्षों में अवमुक्त की गई धनराशि के सापेक्ष से निर्मित शौचालयों का भौतिक सत्यापन जिले के 71 जनपद स्तरीय अधिकारियों से कराया गया। सीडीओ ने बताया कि सत्यापनकर्ता अधिकारियों की ओर से प्राप्त हुई आख्या के अनुसार 262 शौचालय अपूर्ण पाये जाने पर सम्बन्धित सचिवों का उत्तरदायित्व तय करते हुए 14 विकास खण्डों के 40 ग्राम पंचायत सचिवों का माह दिसम्बर, 2024 का वेतन बाधित किया गया है। सीडीओ श्री चन्द्र बताया कि सोमवार को सम्पन्न हुई विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में खण्ड विकास अधिकारी-रिसिया सुरेश प्रसाद गौतम का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। इसके अलावा आई.जी.आर.एस. के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा में गुणवत्तापरक निस्तारण न पाये जाने पर खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर अजय प्रताप व बीडीओ रिसिया को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है तथा ब्लाक चित्तौरा के ग्राम विकास अधिकारी विकास कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किया गया है। सीडीओ श्री चन्द्र ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत किया है कि आईजीआरएस सन्दर्भो का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही विकास कार्यो को भी शासन की मंशा के अनुरूप धरातल पर क्रियान्वित कराएं अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कठोर कार्यवाही से दण्डित किया जायेगा।

# डीएम ने सामुदायिक केंद्र व गो-आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने अचानक नगर पंचायत बेवर द्वारा 01 करोड़ 68 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक केंद्र, बेवर नगर पंचायत द्वारा संचालित गो-आश्रय स्थल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज मानपुरहरी एवं सहकारी समिति बेवर का निरीक्षण किया। उन्होंने वर्ष 2022-23 में निर्मित सामुदायिक केंद्र (बारात घर) के निरीक्षण के दौरान जानकारी करने पर पाया कि सामुदायिक केंद्र में शादी समारोह हेतु रू. 11 हजार का शुल्क निर्धारित किया गया है लेकिन बुकिंग बहुत कम हो रही है, जिस पर उन्होंने कहा कि निर्मित बरात घर का आमजन को लाभ नहीं मिल पा रहा है, ऐसे प्रबंध किए जाएं कि आम लोग इसका फायदा उठा सकें, ज्यादा बुकिंग हों ताकि नगर पंचायत की आय में वृद्धि हो और सामुदायिक केन्द्र का बेहतर ढंग से रख-रखाव हो सके। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि बारात घर में कई स्थानों पर सीलन के कारण प्लास्टर उखड़ रहा है, शौचालय में गंदगी व्याप्त है, साफ-सफाई का पूरी तरह अभाव दिखा, जिस पर उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सामुदायिक केंद्र के रख-रखाव, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। श्री सिंह ने बेवर में संचालित गौ-आश्रय स्थल का निरीक्षण करने पर पाया कि वर्ष 2022-23 में निर्मित 100 क्षमता की गौशाला में 160 निराश्रित गोवंश उपलब्ध हैं, संरक्षित गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध पाया, गोवशों के गोबर से बायोगैस प्लांट संचालित था लेकिन टैंक लीक होने के कारण बायोगैस प्लांट बंद मिला, जिस पर उन्होंने तत्काल बायोगैस प्लांट के टैंक की मरम्मत कराये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि संरक्षित गोवंशों की बेहतर देखभाल की जाए, उन्हें समय से भूसा-चारा खिलाया जाए, सर्दी से बचाव हेतु मुकम्मल व्यवस्था की जाए।

## झाड़ियों में मिला नरकंकाल

**सुल्तानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के हंसुई मुकुंदपुर मोड पर बुधवार सुबह नरकंकाल मिला है। कंकाल के दाहिने हाथ में कलावा बंधा होने से उसके पुरुष होने की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि उसको जलाकर मारा गया है। शरीर पर कोई कपड़ा नहीं है। चेहरा भी कंकाल हो चुका है। मौके पर फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहकीकात की जा रही है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर**

पत्राय 633/न0पा0परि0सुल0/2024-25 दिनांकः 04 दिसम्बर, 2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा राज्य सेक्टर के 'सीवरेज एवं जल निकासी' योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराये जाने हेतु ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक 07/12/24 से दिनांक 23/12/24 तक सायं 2:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन ठेकेदारों/फर्मो की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 4:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा बेबसाइट etender.up.nic.in से डाउनलोड/अपलोड तथा शर्तों की जानकारी की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: वमंविइ–लजं०–36–2024; कार्य का विवरण:** फ्रेट यार्ड गोण्डा में वेल्डिंग और अर्थिंग के प्रावधान से संबंधित विद्युत कार्य; **अनुमानित लागत:** ₹1,03,08,964.71; **बयाना राशि:** ₹2,01,600/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹0.00; **कार्य सम्पादन करने की अवधि:** 04 माह; **निविदा सं.: वमंविइ–लजं०–37–2024; कार्य का विवरण:** लखनऊ मंडल के मानवयुक्त समपारों के विद्युतीकरण तथा लखनऊ मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर पैदल उपरगामी पुल से सम्बन्धित विद्युत कार्य।; **अनुमानित लागत:** ₹64,73,465.86; **बयाना राशि:** ₹1,29,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ 0.00; **कार्य सम्पादन करने की अवधि:** 04 माह; **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 07.01.2025 को 15:00 बजे। **नोटः** इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in**को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत–193 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर रेलवे**

**ई– ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-223770-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-93585-2-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-155465-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-121998-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-127175-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-156297-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-108892-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-132756-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-131082-1-24-3 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-InEXT-250808-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 10.12.2024 3798/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्ड डब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 231-Mech-CW-VBWG-24 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 31.12.2024, 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | प्रोविजन आफ सप्लाई एण्ड रिपलेसमेन्ट आफ वेरियस टाइप्स आफ ग्लास अरेंजमेंट इन्सटाल्ड इन वंदे भारत एक्सप्रेस रेक्स बेस्ट एट लखनऊ एण्ड वाराणसी डिपो फार थ्री इयर्स। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बन्द होने की दिनांक एवं समय | 31.12.2024 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 11.12.2024 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | Rs. 2,53,16,690.68 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी0एण्डडब्ल्यू0 |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | %एज अबव/ बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,76,600.00 | आफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 36 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 17.12.2024 | | |

No: 231-Mech-CW-VBWG-24 दिनांक :- 10.12.2024 3795/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

**पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश, राज्य महिला आयोग की सदस्या पूनम द्विवेदी के द्वारा जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने एवं प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा महिला के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के साथ ही महिलाओं को उनके विधिक अधिकारो की जानकारी दिलाये जाने हेतु समय-समय पर जिले में महिला जनसुनवाई, विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई कर विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से उत्पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई ज्यादातर शिकायतें विभिन्न थानों से संबंधित रही। इन सभी समस्याओं को राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिकता के साथ निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया । उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी जरूरतमंद /पात्र महिलाएं जिन्हें सरकार द्वारा उनके कल्याण एवं उत्थान हेतु संचालित की जा रही योजनाओं के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी नहीं है उनको विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में आच्छादित करने हेतु तथा उनको योजनाओं के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों एवं महिलाओं के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है, महिलाओं को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित भी किया जा रहा है। राज्य महिला आयोग की मा सदस्य ने कहा कि जिन्होंने अभी तक मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में आवेदन नहीं किया है उनका अनिवार्य रूप से आवेदन लेकर पात्र लोगों को इससे लाभान्वित किया जाए । कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए ताकि वे निशुल्क चिकित्सा का लाभ ले सके। उन्होने उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक थाना में महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष की स्थापना कर वहाँ महिला आरक्षीगण की डयूटी लगायी गयी है। जहां पर कोई भी महिला/बालिका अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। जिनकी शिकायत सुनकर तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को आदेशित किया गया है। यदि उनकी कोई समस्या है, तो उन्हें बताकर उसका त्वरित निस्तारण कराया जा सकता है। सदस्या ने 1090 (वूमेन पॉवर लाइन), 181 (महिला हेल्प लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइल), 112 (पुलिस आपतकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम व सीओ सदर ,जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के पश्चात सदस्या ने जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां पर स्थित महिला बैरिक/महिला बंदी गृह को देखा तथा वहां दी जा रही सुविधाओं के बारे में महिला कैदियों से फीडबैक लिया और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने वन स्टाप सेंटर एवं जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाएं देखी तथा उसके संबंध में संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

## नगर स्तरीय कार्य योजना की डीएम ने की समीक्षा

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह के अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नॉन-अटेन्मेन्ट शहर अनपरा की वायु गुणवत्ता में निरन्तर सुधार किये जाने हेतु गठित सिटी इम्प्लीमेन्टेशन कमेटी, उद्योग से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान ग्रेडेड रिस्पान्स एक्शन प्लान एवं सिटी एक्शन प्लान पर चर्चा की गयी, इस दौरान जिलाधिकारी ने शीत ऋतु में धूल कड़ों के उत्सर्जन से जनित स्मॉगिंग की स्थिति के नियंत्रण हेतु बनाये गये ग्रेडेड रिस्पान्स एक्शन प्लान के अन्तर्गत तैयार डेली एक्शन टेकेन रिपोर्ट पर सूचनायें प्रेषित किये जाने हेतु समस्त स्टेक होल्डर्स एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों से जुड़ी इकाईयां एवं विभाग रोड डस्ट के समुचित निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, इस मौके पर जिलाधिकारी ने तापीय परियोजनाओं द्वारा कोल एवं ऐश का परिवहन मानकों के अनुरूप करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परियोजनाएं नियमानुसार कोल एवं ऐश का परिवहन सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 98 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### शक्तिनगर के संत जोसेफ स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर के संत जोसेफ स्कूल में राष्ट्रिय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीते 10 दिसंबर 2024 को हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ऊर्जा बचत के महत्व पर विचार करने और कला के माध्यम से इस विषय पर अपने रचनात्मक विचारों को व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम एनटीपीसी सिंगरौली के ईईएमजी विभाग द्वारा शक्तिनगर टाउनशिप में स्कूल समुदाय को ऊर्जा संरक्षण में शिक्षित करने के उनके चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। यह प्रतियोगिता पूरे सप्ताह होने वाली कई गतिविधियों में से एक है। कार्यक्रम का समन्वय करने वाली मोनिका सिंह, उप महाप्रबंधक (ऊर्जा एवं दक्षता प्रबंधन समूह, एनटीपीसी सिंगरौली) ने कहा, हमारा लक्ष्य शिक्षा को रचनात्मकता के साथ जोड़ना है, छात्रों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझने में मदद करना और साथ ही उन्हें अपने विचारों को दृश्य रूप से व्यक्त करने का अवसर देना है। यह प्रतियोगिता एक बड़ी सफलता रही, और भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र पर हमें गर्व है। इस कार्यक्रम को छात्रों और शिक्षकों दोनों ने खूब सराहा और एक स्पष्ट संदेश हर जगह गूंजता रहा- उज्वल भविष्य के लिए ऊर्जा संरक्षण आवश्यक है, और हमारे ग्रह की रक्षा में हर किसी की भूमिका है।

# कब्बड्डी प्रतियोगिता 2024-25 अमलोरी में संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की अंतर-क्षेत्रीय कब्बड्डी प्रतियोगिता 2024-25 अमलोरी परियोजना में संपन्न हुई। गत 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एनसीएल की 12 परियोजना एवं इकाइयों से कुल 168 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन समारोह के दौरान महाप्रबंधक (कार्मिक) प्रमोद कुमार सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि, जेसीसी मेंबर्स-सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, सीएमओएआई अध्यक्ष, एस. के. सिंह, महाप्रबंधक (अमलोरी) आलोक कुमार, परियोजना जेसीसी सदस्य, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स, अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में स्थानीय जनमानस उपस्थित रहे। अंतरङ्क्षेत्रीय कब्बड्डी प्रतियोगिता में नॉक आउट के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में कुल 11 मैच खेले गए। इस प्रतिस्पर्धा का सेमी फाइनल मैच ककरी एवं जयंत परियोजना तथा मुख्यालय एवं अमलोरी परियोजना की टीम के मध्य खेला गया। इस दौरान फाइनल मैच ककरी एवं अमलोरी परियोजना के बीच खेल गया जिसमें ककरी परियोजना ने अमलोरी परियोजना को हरा कर विजेता खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु विभिन्न खेलङ्कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

# मंडलायुक्त ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद के गोहांड विकासखंड के चिल्ली ग्राम पंचायत में आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में उनके साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना भी मौजूद रहे। ग्राम चौपाल के इस कार्यक्रम में मंडलायुक्त महोदय ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उन सभी शिकायतो को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर चौपाल की शिकायतों का निस्तारण न होने पर संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम में लापरवाही/ शिथिलता पर मंडलायुक्त ने ग्राम सचिव चिल्ली को प्रतिकूल प्रविष्टि देने व वेतन रोकने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत योजना तथा स्वास्थ्य संबंधी अन्य कार्यक्रमो में शिथिलता पर उन्होंने एमओआईसी गोहांड का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। इन दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत गांव में कैंप लगाकर लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए तथा योजना में अधिक से अधिक पंजीयन कराया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में प्रत्येक घर तक नियमित रूप से तथा प्रतिदिन पेयजल सप्लाई की जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से शत प्रतिशत पात्र लोगों को आच्छादित किया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषकों को उचित मुआवजा दिलाया जाए। गांव के संपर्क मार्गो को दुरुस्त किया जाए। गांव में जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए इसके लिए खेत तालाब योजना को अच्छे ढंग से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए जागरुक करते हुए कहा कि जल का उतना ही उपयोग किया जाए जितना उसकी आवश्यकता है अनावश्यक जल का दुरुपयोग किसी भी दशा में ना किया जाए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा दिए जाने वाले पोषाहार के गुणवत्ता की जांच की जाए। 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की मौजूदगी में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। इस मौके पर मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने पंचायत भवन का निरीक्षण कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था देखी। उन्होंने गांव आयुष्मान भारत के अंतर्गत बने आरोग्य केंद्र का अवलोकन किया तथा गांव भ्रमण कर वहां बने अमृत सरोवर का अवलोकन किया। उन्होंने बारात घर व सरकारी राशन की दुकान का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने नहर एवं गांव के संपर्क रोड का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्रनाथ यादव, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी ,कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक दिवसीय किसान कार्यशाला का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में बुधवार को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित परियोजना 'सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन फार्म मशीनरी'के अंतर्गत छोटी जोतों हेतु महिला हितैषी कृषि उपकरणों के विकास से संबंधित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं उपकरणों की प्रदर्शनी का कार्यक्रम डॉक्टर एन के शर्मा अधिष्ठाता की अध्यक्षता में डॉक्टर जे पी यादव मुख्य अन्वेषक द्वारा महाविद्यालय के वर्कशॉप में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर संजय सिंह, महानिदेशक, उपकार, लखनऊ ने प्रतिभाग किया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत तिलक बंधन और पुष्प गुच्छ देकर किया गया। उन्होंने आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन फीता काटकर किया तत्पश्चात भारत में कृषि इंजीनियरिंग के प्रणेता प्रोफेसर मेशन वाग के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उनके द्वारा इस प्रोजेक्ट में किसानों के हित के लिए बनाई गई मशीनें जिसमें हस्तचालित लहसुन प्लांटर, धन गहाई एवं ओसाई यंत्र मार्क 1 मार्क2, संशोधित मूंगफली छिलक यन्त्र मार्क वन मार्क 2, शक्तिचालित मक्का छिलक यंत्र को क्रियान्वित करवा कर अवलोकित किया और किसानों को इससे होने वाले लाभ के बारे में मुख्य अन्वेषक डॉक्टर जे पी यादव द्वारा मशीनों को संचालित कर बताया गया तत्पश्चात गोष्ठी को प्रारंभ किया गया। जिसमें अधिष्ठाता ने महानिदेशक डॉ संजय सिंह को शाल ओढ़ाकर स्वागत किया एवं मंचासीन डॉक्टर एम के सिंह, प्रभारी, के वी के, डॉक्टर वी वी जायसवाल, वैज्ञानिक के वी के, अमर सिंह, पूर्व बोर्ड सदस्य, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर का स्वागत शाल और बुके देकर किया गया। इसके उपरांत वैज्ञानिको और प्राध्यापकों द्वारा किसानों को संबोधित किया गया अपने संबोधन में महानिदेशक ने शासन द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया और छोटी जोत के किसानों को समूह बनाकर खेती करके सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के बारे में विस्तार से बताया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने महाविद्यालय द्वारा किसानों को दिए जाने वाले सहयोगों के बारे में विस्तार से बताया इसी क्रम में डॉक्टर जे पी यादव द्वारा अपने द्वारा किसानों के हित में इस प्रोजेक्ट द्वारा बनाई गई हैंड हेल्ड मशीनों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। कार्यशाला में कुछ उन्नतशील किसानों ने भी अपनी बात रखी जिसमें गिरजा शंकर शर्मा, धर्म प्रकाश जैन, अमर सिंह कुशवाहा, मेहरबान, लाल सिंह अनौती देवी, श्रीमती नीलम प्रमुख है, इन किसानों को साल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में लगभग 85 किसानों ने प्रतिभा किया। इस प्रोजेक्ट में सहयोग कर रहे स्टाफ इंजीनियर सुभाष चंद्र, सर्वेश कुमार त्रिपाठी, सतीश कुमार निगम, नंदकुमार तिवारी, अभिषेक कमल, इंजीनियर पंकज और छात्रों में नितेश पाल, रामानंद, विकास वर्मा को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मीडिया से संबंधित कार्यो का निष्पादन मनीष कुमार सहाय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राहुल कुमार यादव ने कियाअंत में कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों एवं किसानों को डॉक्टर टी के महेश्वरी सह अन्वेषक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## बिजलीके एक मुस्त समाधान योजना का लाभ उठाने को किया जागरूक

**सोनभद्र।** बिजली विभाग के अवर अभियंता अरविंद कुमार ने अपने समस्त बिजली विभाग टीम के साथ चुर्क नगर के विभिन्न वार्डों में हर घर जा कर ओटीस एक मुफ्त समाधान योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। रैली में विद्युत उपभोक्ताओं को बैनर, पोस्टर व अनाउंसमेंट के माध्यम से ओटीएस योजना की जानकारी दी गई। योजना की जानकारी देते अवर अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि विद्युत बिल में सरचार्ज में छूट की योजना ओटीएस आ गया है जो 15दिसम्बर से लागू हो जाएगी जो 31जनवरी तक चलेगी इसयोजना के तहत उपभोत्ता अपना बिल सरचार्ज माफ कराकर जमा कर सकते हैं खासकर जिन उपभोक्ताओं का बकाया पांच हजार रुपये तक का है वह शत प्रतिशत व्याज की छूट प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता बकाए बिल को आसान किश्तों में भी भुगतान कर सकते हैं इस दौरान अवर अभियंता अरविंद कुमार ,टीजी टु रंजन शर्मा, संविदा लाइनमैन जय प्रकाश ,दारा संजय,पिंटू, लवकान्त सहित अन्य विद्युतकर्मी मौजूद रहे।

# अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशियों समेत 15 ने किया पर्चा दाखिल

**एसबीए चुनाव- कुल 33 लोगों ने लिया पर्चा**



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** बहु प्रतीक्षित सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2024925 के लिए हो रहे मतदान के लिए बुधवार को पहले दिन अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों समेत कुल 15 लोगों ने पर्चा दाखिल किया। जबकि नामांकन पत्र वितरण के दूसरे व अंतिम दिन अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सहित भिन्न-भिन्न पदों के लिए कुल 13 लोगों ने पर्चा लिया। जिसकी वजह से कुल 33 लोगों ने पर्चा लिया है।

जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष 10 बर्ष से ऊपर, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन - तीन लोगों ने पर्चा लिया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि पर्चा दाखिला के पहले दिन कुल 15 लोगों ने पर्चा दाखिल किया है, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी अरुण कुमार मिश्र व ओम प्रकाश पाठक ने अपना पर्चा दाखिल किया है। इसी प्रकार से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए शारदा प्रसाद मौर्या, महामंत्री पद के लिए अखिलेश कुमार पांडेय उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए संजय कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए आशुतोष कुमार दुबे व अखिलेश कुमार मिश्र , संयुक्त मंत्री प्रशासन अजय प्रकाश मिश्र ने पर्चा दाखिल किया है। वही सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए दो प्रत्याशी सुनील कुमार व सेराज अख्तर खां एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए पांच प्रत्याशी अविनाश रंजन त्रिपाठी, आशीष कुमार पाल, प्रमोद कुमार सिंह, श्याम किशोर मिश्र व राहुल जैन ने पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने यह भी बताया कि पर्चा खरीदने के अंतिम दिन कुल 13 लोगों ने पर्चा लिया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अशोक प्रसाद श्रीवास्तव, महामंत्री के लिए अखिलेश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष के लिए वंशीधर पांडेय, संयुक्त मंत्री प्रकाशन के लिए शरद चंद्र गुप्ता, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय के लिए सूरज वर्मा ने पर्चा लिया। इसी प्रकार से सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए प्रदीप पांडेय, सुनील कुमार, पुष्पा तिग्गा, सुशील कुमार चौबे व अशोक कुमार मिश्र तथा सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए अविनाश रंजन त्रिपाठी, प्रमोद कुमार सिंह व श्याम किशोर मिश्र ने पर्चा लिया। 12 दिसंबर वृहस्पतिवार को अंतिम दिन शेष प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिल करेंगे। उधर अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों द्वारा समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया गया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई।

# समस्याः शिक्षकों व शिक्षक पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेशीय आह्वान पर, शिक्षकों तथा शिक्षार्थियों की शैक्षिक समस्याओं को लेकर जनपद के शिक्षकों व शिक्षक पदाधिकारियों की तरफ से मुखयमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार व सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज को सम्बोधित दो ज्ञापन, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि के माध्यम से सौंपे गए। प्रतिनिधि ने ज्ञापन को प्राप्त करते ही तुरन्त अग्रेषित कर देने का भरोसा दिया। ज्ञापन कार्यक्रम के पश्चात पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल, वैद्य ज्ञान चन्द्र इण्टर कालेज, इकदिल के नौ शिक्षक साथियों अवैधानिक वेतन कटौती का मामला माध्यमिक प्रतिनिधि के समक्ष रखा। उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिया। उपरोक्त के अलावा कुछ अन्य व्यक्तिगत शैक्षिक समस्यायें भी रखी गई जिनका संज्ञान प्रतिनिधि महोदय ने पूरी संवेदनशीलता से अपने संज्ञान में लिया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेशीय मंत्री उदयवीर सिंह, जिलाध्यक्ष रणविजय यादव, जिलामंत्री सुखराम आदिवंशी, जिला कोषाधक्ष जय प्रकाश कुशवाहा, उपाध्यक्ष आहुतीश यादव, आय व्यय निरीक्षक गौरव शाक्य, संयुक्तमंत्री लक्ष्मीकान्त शर्मा, श्रवण मौर्य, मीडिया प्रभारी महेन्द्र कुमार द्विवेदी, अटेवा प्रभारी मनोज कुमार यादव, सदस्य बडेलाल मौर्य संजीव चतुर्वेदी, मनोज यादव के साथ ही साथ विकास बाबू यादव, चन्द्रप्रकाश यादव, शम्भूनाथ सिंह, अमित शंखवार, अनिल सिंह चौहान, सुधीन्द्र यादव, सोमेश शर्मा, शयाम बाबू पटेल, लालजी शर्मा, नन्द कुमार, ब्रजेश शाक्य, अशोक कुमार कुशवाहा, राजकुमार पटेल, विनोद, प्रदीप कुमार विश्वकर्मा आदि रहे।

# बूथ समितियों के गठन और मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है : वीरेंद्र तिवारी

**ज़िले में प्राथमिक सदस्य और सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान पूरा हो चुका है**

वहाज अली निहाल



**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी के 'संगठन पर्व' 2024 के तहत प्रदेश में हो रहे पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के अंतर्गत भाजपा जनपद कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में द्वितीय चरण के चुनाव को लेकर अतिमहत्वपूर्ण कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं संगठन के जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने उपस्थित पदाधिकारियों के समक्ष मंडल अध्यक्षो के चुनाव की प्रक्रिया और संगठनात्मक चुनाव से जुड़े अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि जिले में प्राथमिक सदस्य और सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान पूरा हो चुका है। बूथ समितियों के गठन और मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। जितना मजबूत बूथ और मण्डल की ईकाई होगी भाजपा भी उतनी ही मज़बूत होगी। मजबूत बूथ और मण्डल ईकाइयाँ ही 2027 के चुनावों में भाजपा की तीसरी बार लगातार सरकार बनाने में सहयोगी होंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी बूथों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। इसके लिए शक्ति केंद्र स्तर पर अल्पकालीन विस्तारक तय किए जाएँगे जो तीन दिन 13, 14, 15 दिसंबर तक स्थानीय स्तर पर प्रवास कर बूथ समितियों का सत्यापन करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि चुनाव के दौरान जनपद में जो मण्डल अध्यक्ष निर्वाचित होंगे उनके चयन में सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी एवं सर्वव्यापी सिद्धांत के तहत प्रत्येक सामाजिक वर्ग का प्रतिनिधित्व देने के साथ ही महिलाओं एवं अनुसूचित वर्ग की प्रतिभागिता सुनिश्चित कर पीएम मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के नारे को चरितार्थ करना है।

कार्यक्रम का संचालन जिला सह-चुनाव अधिकारी व जिला मंत्री राहुल राजपूत ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, गोपाल मोहन शर्मा, जिला सह चुनाव अधिकारी हरनाथ कुशवाह, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, वरिष्ठ भाजपा नेता विमल भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष विवेक भदौरिया, देवप्रताप भदौरिया, शिवकिशोर धनगर, विक्रम अग्रवाल, दीपक नाथ चौधरी, जिला मंत्री डॉ ज्योति वर्मा, ममता कुशवाहा, जितेंद्र गौड़, चक्रेश जैन, रजत चौधरी, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल चुनाव अधिकारी व मण्डल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# थाना सैफई पुलिस द्वारा जागरूक किया गया



अवधनामा ब्यूरो

**मिशन शक्ति अभियान फेज-5**

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में थाना सैफई पर गठित मिशन शक्ति टीम निरीक्षक के0के0मिश्र, म0का0 अलका सिंह व म0का0लक्ष्मी सिंह द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को महिला सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत इंटर कॉलेज हैवरा करते हुए उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को मिशन सशक्तिकरण संबंधित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के अन्तर्गत कानून की जानकारी दिया गया तथा महिलाओं/बच्चियों को कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिंग उत्पीड़न 2013 के बारे में बताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे-1090 वीमेन पावर लाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098-चाइल्ड हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108-एम्बुलेंस सेवा, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930, थानों के सीयूजी नंबरों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और महिलाओं से सम्बन्धित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपील की गई।

# अपने कौम की हालत खुद बदलें : राजभर

## मुसलमान मोहम्मद साहब को तो मानते हैं लेकिन उनके विचारों का अनुसरण नहीं करते : अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री

- इस्लाम की शिक्षा है कि मजलूम की मदद करो
- बाबा साहब ने संविधान के जरिए जो अधिकार दिये उन्हें प्राप्त करने के लिए जागरुक होना जरूरी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि जिस कौम को अपनी हालत बदलने का ख्याल खुद नहीं रहता उसकी हालत नहीं बदली जाती। मुसलमान मोहम्मद साहब को तो मानते हैं लेकिन उनके विचारों का अनुसरण नहीं करते। अपने हक को हासिल करने के लिए खुद आगे आना होगा। इस्लाम की शिक्षा है कि मजलूम की मदद करो, लेकिन आप जिनकी मदद करते हैं वह धनकुबेर हैं। आपको मजलूम और पिछड़ों के साथ आना होगा। श्री राजभर बुधवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया की ओर से आयोजित प्रांतीय सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के जरिए जो अधिकार दिये उन्हें प्राप्त करने के लिए जागरुक होना होगा। आज संगठन के जरिए जिन समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया उसे निपटाने के लिए दो दिनों के भीतर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। श्री राजभर ने कहा कि सरकार मदरसा छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए कृत संकल्पित है। उनके साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मदरसा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा कि पिछले तीन सालों में देखा कि मदरसों में सिर्फ जांच से काम चलता रहा, जांच पर जांच होती रही लेकिन रिपोर्ट सामने नहीं आई। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे का कोई नतीजा सामने नहीं आया। पिछले तीन सालों में हर बैठक में मदरसों की मान्यता का प्रस्ताव आया लेकिन मान्यता नहीं हो सकी। माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि मदरसों के कामिल-फाजिल पाठ्यक्रमों को किसी विवि से सम्बद्ध कराया जाना बच्चों के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। सरकार को इस संबंध में सकारात्मक निर्णय करना चाहिए। मदरसों के प्रधानाचार्य व आलिया स्तर के अध्यापकों को इण्टरमीडिएट के समकक्ष वेतनमान दिया जाना न्याय संगत है। विधान परिषद सदस्य व माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक राजबहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि अरबी-फारसी मदरसों के शिक्षकों और छात्रों की समस्याओं पर सरकार को सकारात्मक उपाय करने की जरूरत है। आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव वहीदुल्लाह खान सईदी ने सम्मेलन के जरिए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री को 30 सूत्रीय मांग पत्र पेश किया। मांग पत्र में कामिल-फाजिल स्तर के मदरसों को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि से सम्बद्धता प्रदान कराने, मदरसों के प्रधानाचार्यो व आलिया स्तर के शिक्षकों के वेतनमान को रिजवी समिति की संस्तुति के अनुसार संशोधित करने, आधुनिक योजना के शिक्षकों के बकाया मानदेय का भुगतान करने, आधुनिकीकरण योजना को राज्य सरकार से अपने संसाधनों से शुरू कराने, मदरसा मिनी आईटीआई शिक्षकों व कार्मिकों की समस्याओं को समाप्त कराने, उनका नियमित वेतन भुगतान कराने, उनके प्रमाण पत्रों को सरकारी मान्यता प्रदान करने, मदरसों में बायोमैट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त किये जाने सहित अन्य मांगें की गयी हैं।

## ईसाले सवाब के लिए मजलिसे बरसी आज

**लखनऊ।** अम्बर फाउण्डेशन के चेयरमैन वफा अब्बास के पिता स्वर्गीय यूसुफ अब्बास रिजवी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे बरसी गुरुवार को आयोजित होगी। वफा अब्बास ने बताया कि गुरुवार को बाद नमाजे मगरिब हुसैनाबाद के सज्जाद बाग कॉलोनी स्थित इमामबाड़ा कायमा खातून में कुरानख्वानी होगी। शाम 7 बजे शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना अली अब्बास खान खिताब करेंगे।

## वाराणसी में विभिन्न कार्यों हेतु 67.77 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद वाराणसी में सड़क निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों हेतु 67.77 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, वाराणसी के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेशों की प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार वाराणसी के ग्राम सभा मंहगीपुर में भाऊपुर-सत्तनपुरन पिच रोड से मंहगीपुर के आबादी में इण्टरलॉकिंग कार्य हेतु 14.83 लाख रूपये, मंजूर हुआ।

# फाफामऊ उग्रसेनपुर खण्ड के मध्य रहेगा यातायात एवं पॉवर ब्लॉक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** फाफामऊ उग्रसेनपुर खण्ड के मध्य दोहरीकरण कार्य किये जाने के कारण यातायात एवं पॉवर ब्लॉक दिया जायेगा। जिसकी वजह से कई ट्रेनों को निरस्त, मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण करके चलाया जायेगा।

गाजीपुर सिटी से 12 से 21 दिसम्बर तक चलने वाली 05437 गाजीपुर सिटी प्रयागराज संगम मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। प्रयागराज संगम से 12 से 21 दिसम्बर तक चलने वाली 05438 प्रयागराज संगम गाजीपुर सिटी मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 11 से 20 दिसम्बर तक चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनल गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज, रामबाग, बनारस, वाराणसी जंक्शन के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 16 दिसम्बर को चलने वाली 15182 लोकमान्य तिलक टर्मिनल मऊ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन प्रयागराज, रामबाग, बनारस, वाराणसी जंक्शन, औड़िहार व मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। छपरा से 12, 14, 17 एवं 19 दिसम्बर को चलने वाली 11059 छपरा लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन प्रयागराज, रामबाग, बनारस, वाराणसी जंक्शन, औड़िहार व मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 13, 15, 16, 18 एवं 20 दिसम्बर को चलने वाली 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनल गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज, रामबाग, बनारस, वाराणसी जंक्शन, औड़िहार व मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। गाजीपुर सिटी से 15 एवं 17 दिसम्बर को चलने वाली 20942 गाजीपुर सिटी बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गाजीपुर सिटी स्टेशन से 120 मिनट नियंत्रित कर निर्धारित समय 7:30 बजे के स्थान पर 9:30 बजे चलाई जायेगी। बनारस से 14 दिसम्बर को चलने वाली 22970 बनारस ओखा एक्सप्रेस बनारस स्टेशन से 120 मिनट नियंत्रित कर निर्धारित समय 9:45 बजे के स्थान पर 11:45 बजे चलाई जायेगी। ओखा से 12 एवं 19 दिसम्बर को चलने वाली 22969 ओखा बनारस एक्सप्रेस उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन पर 120 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# कृषि मंत्री की अध्यक्षता में कृषि स्थायी समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कृषि स्थायी समिति की बैठक बुधवार को विधानसभा के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान समिति के लिए नामित जनप्रतिनिधि सदस्यों द्वारा विविध विषयों पर अपने सुझाव रखे गए। कृषि स्थायी समिति की बैठक के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा समिति के सदस्यों को वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के अन्तर्गत कृषि कार्यक्रमों की प्रगति, फसलोत्पादन योजनाओं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वेदर इन्फारमेशन नेटवर्क डाटा सिस्टम (विंड्स), एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान सहित अन्य विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी दी।

शाही ने कहा कि विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में समय पर उचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। बीजों के लिए दी जा रही सब्सिडी को एट सोर्स कर दिया गया। अर्थात् किसानों को बीज खरीदते समय ही सब्सिडी उपलब्ध करा दी जाती है, उन्हें इसके लिए इंतजार नहीं करना पड़ता। किसानों की ऊर्जा मांग को देखते हुए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम किसान) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवंबर 2024 तक 53250 के सापेक्ष 19478 सोलर पंप स्थापित किया जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही खेत तालाब योजना के अंतर्गत गत वर्ष 3370 तालाब तैयार कराए गए थे।

# प्रदेश में विगत 9 माह में 47.61 करोड़ पर्यटकों ने भ्रमण किया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश में विगत 9 माह में 47.61 करोड़ पर्यटकों ने भ्रमण किया। इसमें घरेलू पर्यटकों की संख्या 47.47 करोड़ और विदेशियों की संख्या 14 लाख से अधिक रही। यह आंकड़ा पिछले साल के बराबर पहुंच गया है। खास बात यह है कि पर्यटकों के मामले में अयोध्या ने बाकी सब गंतव्यों को पीछे छोड़ दिया है। पर्यटकों की भारी संख्या में आमद के बद पर्यटन सेक्टर से जुड़े व्यावसायी तथा कारोबारी खासे उत्साहित हैं। इससे निवेश एवं रोजगार के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है।

पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह मंत्री ने बताया कि राज्य पर्यटन में बढ़ोतरी के मुख्य केन्द्र में धार्मिक और आध्यात्मिकता है। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। वहां नौ माह में 13 करोड़ 55 लाख 90 हजार 523 पर्यटक आये जिसमें 13 करोड़ 55 लाख 87 हजार 370 घरेलू पर्यटक और 3153 विदेशी श्रद्धालु हैं। इसी तरह मथुरा में कुल 6 करोड़ 81 लाख 55 हजार 926 श्रद्धालु पहुंचे। जिसमें 6 करोड़ 80 लाख 68 हजार 697 घरेलू और 87229 विदेशी पर्यटक आये। काशी में कुल 6 करोड़ 27 लाख 18 हजार 417 श्रद्धालु आये, जिसमें 6 करोड़ 25 लाख 34 हजार 381 घरेलू और 1 लाख 84 हजार 36 विदेशी पर्यटक हैं। तीर्थराज प्रयागराज में नौ माह में कुल 4 करोड़ 80 लाख 10 हजार 970 पर्यटक आये। जिसमें 4 करोड़ 80 लाख 6180 घरेलू और 4790 विदेशी पर्यटक शामिल थे। मिर्जापुर में कुल 1 करोड़ 18 लाख 18 हजार 401 पर्यटक पहुंचे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वाराणसी और मथुरा के अलावा आगरा व कुशीनगर आदि स्थलों पर बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक पहुंचे।

कुशीनगर में 1620920 पर्यटक आये। जिसमें 153165 विदेशी और 1467755 घरेलू पर्यटक हैं। आगरा में कुल 12 करोड़ 51 लाख 8887 सैलानी आये। जिसमें 11 करोड़ 59 लाख 4626 घरेलू और 9 लाख 24 हजार 261 विदेशी पर्यटक हैं। सिद्धार्थनगर में कुल 86215 पर्यटक आये। जिसमें 75343 घरेलू और 10872 विदेशी श्रद्धालु हैं। कुशीनगर और सिद्धार्थनगर बुद्धिस्ट सर्किट का महत्वपूर्ण गंतव्यस्थल हैं। लखीमपुर खीरी में 46 लाख 52 हजार 805, पीलीभीत में 30 लाख 61 हजार 800, बिजनौर में 34 लाख 41 हजार 81 और सोनभद्र में 19 लाख 42 हजार 63 पर्यटक भ्रमण के लिए पहुंचे हैं। जयवीर सिंह ने बताया अतिथि हमारे लिए पूजनीय हैं। उनके आतिथ्य सत्कार को हम अपना सौभाग्य मानते हुए कार्य करते हैं।

# 76वें प्रान्तीय रक्षक दल का स्थापना दिवस आयोजित

अवधनामा ब्यूरो


**लखनऊ।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा जेल रोड, आनन्द नगर स्थित महानिदेशालय पर 76वें प्रान्तीय रक्षक दल (पी0आर0डी0) स्थापना दिवस समारोह का आयोजन परेड ग्राउण्ड में आज किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), युवा कल्याण एवं खेल गिरीश चन्द्र यादव द्वारा पी0आर0डी0 जवानों की रैतिक परेड का निरीक्षण करने के उपरान्त मान-प्रणाम स्वीकार किया गया। इस अवसर पर गिरीश चन्द्र यादव द्वारा अपने उद्बोधन में पी.आर.डी. जवानों द्वारा थाना, यातायात एवं अन्य शासकीय विभागों तथा अर्ध-शासकीय संस्थानों में की जा रही ड्यूटी की सराहना की गयी। उन्होंने कहा कि पी0आर0डी0 जवानां द्वारा पुलिस बल के सहयोगी यूनिट के रूप में कार्य करने के साथ ही महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालयों की सुरक्षा का भी दायित्व कुशलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। विभिन्न शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों एवं संस्थानां द्वारा पी0आर0डी0 जवानों के सराहनीय कार्यों से प्रभावित होकर उनकी ड्यूटी की मांग लगातार की जा रही है। इस प्रकार वर्तमान में प्रान्तीय रक्षक दल प्रदेश के शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी कर्मठता एवं समर्पण के साथ किया जा रहा है। इस मौके पर खेल मंत्री द्वारा विजेता प्लाटूनों के प्लाटून कमाण्डर्स को एवं परेड कमाण्डर्स को ट्रॉफी प्रदान की गयी।

## पंजाब के स्वतंत्रता सेनानी विषय पर संगोष्ठी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से पंजाब के स्वतंत्रता सेनानी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को इंदिरा भवन में किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि संभवतः राजनीतिक दुराग्रह के कारण भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में भगत सिंह, लाला लाजपत राय और उधम सिंह के अतिरिक्त अगण्य पंजाबी स्वतंत्रता सेनानियों को पर्याप्त स्थान नहीं दिया जा सका है। इसलिए अज्ञात वीर सेनानियों के प्रेरक प्रसंगों को उजागर करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अरविन्द नारायण मिश्र ने संगोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। संगोष्ठी में नरेन्द्र सिंह मोंगा, प्रकाश गोधवानी, मीना सिंह, अंजू सिंह, महेन्द्र प्रताप वर्मा, रवि यादव, मीनू पाठक और प्रियंका त्रिपाठी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# आरडीएसओ में प्रेरणादायक व्याख्यान श्रृंखला

- 'प्राचीन भारतीय संस्कृति में निहित ज्ञान और प्रबंधन में नैतिकता का



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आरडीएसओ ने अपने सभागार में 'प्राचीन भारतीय संस्कृति में निहित ज्ञान और प्रबंधन में नैतिकता का समावेश' विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान के शाश्वत सिद्धांतों और आधुनिक प्रबंधन प्रथाओं में उनकी प्रासंगिकता को उजागर करना था। मुख्य वक्ता इंजीनियर प्रभु नारायण श्रीवास्तव (पूर्व मुख्य अभियंता, यूपीपीसीएल और पूर्व अध्यक्ष, मालवीय मिशन) ने अपनी गहन ज्ञान और अनुभवों के माध्यम से बताया कि प्राचीन भारतीय परंपराओं में निहित नैतिक नेतृत्व और मूल्यों के माध्यम से प्रबंधन और प्रशासन से जुड़ी आधुनिक चुनौतियों का समाधान कैसे किया जा सकता है।

तस्मादसक्तः सततं कार्यकर्म समाचर - गीता के तृतीय अध्याय में निहित निष्काम कर्म योग पर उन्होंने विशेष जोर दिया तथा इसे अच्छे प्रबंधन का मूल मंत्र बताया। इसकार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी /आरडीएसओ अमरनाथ दुबे ने स्वागत भाषण देकर कियाएवंआरडीएसओ के वरिष्ठ अधिकारियोंएवंकर्मचारियों ने इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी की, जिससे यह कार्यक्रम संवाद और बौद्धिक समृद्धि का एक प्रभावी मंच बन गया।

# राजधानी में अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई जारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी में अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी प्राधिकरण की टीमों ने अलग-अलग इलाकों में अभियान चला अवैध निर्माणों को सील और अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराने की कार्रवाई कराई। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राजदेव सिंह व अन्य की ओर से सुल्तानपुर रोड स्थित मलौली गांव में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। वहीं सुधीर सिंह व अन्य की ओर से मलौली में ही लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसी तरह शिव प्रताप सिंह, विकेश यादव, मोहित मिश्रा व अन्य की ओर से गोसाईगंज के गांव कुरियाना में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग कर शिव रायल सिटी नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। तीनों अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे, जिस पर सहायक अभियंता उदयवीर सिंह, अवर अभियंता विभोर श्रीवास्तव, विपिन बिहारी राय व सुरेन्द्र द्विवेदी ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि सिद्धार्थ सिंह व अन्य की ओर से मोहनलालगंज में न्यू जेल रोड पर खुजौली चौराहे के पास लगभग 6 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग कर गोकुल सिटी नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। सहायक अभियंता रामसागर वर्मा के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय और प्रमोद कुमार पाण्डये ने अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि एस.पी. सिंह व अन्य की ओर से कृष्णानगर के पंडितखेड़ा में सदरौना रोड पर लगभग 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल में व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह बृजेश कुमार व अन्य की ओर से पंडित खेड़ा की शुभम सिंटी में लगभग 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर पूर्व में बने भवन में फिनिशिंग और अर्जुन व अनुज यादव की ओर से सरोजनीनगर के पिपरसण्ड रोड पर लगभग 40 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किये जा रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ विहित न्यायालय के आदेश पर बुधवार को सीलिंग की कार्रवाई कराई गयी।

## एलडीए से शमन मानचित्र स्वीकृत कराने के बाद लोगों को नहीं लगोने होंगे चक्कर

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण से शमन मानचित्र स्वीकृत कराने के बाद लोगों को अब सील खुलवाने के लिए अलग-अलग पटलों पर चक्कर नहीं लगाने होंगे। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में नये आदेश जारी किये हैं। अब सील खोलने की कार्रवाई विहित प्राधिकारी के स्तर से होगी और लोगों को एक पटल से दूसरे के चक्कर नहीं लगाने होंगे। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम शहर में अवैध निर्माण और विपरीत भू-उपयोग से संबंधित प्रकरणों में लगातार कार्रवाई करती है। इसके तहत विहित प्राधिकारी न्यायालय वाद योजित कर अवैध निर्माण की सीलिंग के आदेश जारी करते हैं। वर्तमान में प्रचलित व्यवस्था के तहत इन प्रार्थना पत्रों का परीक्षण व सील खोलने का आदेश सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी करती थी। कई प्रकरणों में लोगों ने बताया कि उन्होंने अपने निर्माण का शमन मानचित्र स्वीकृत करा लिया, जिसकी सूचना विहित प्राधिकारी न्यायालय को दस्तावेज सहित उपलब्ध भी करा दी है, लेकिन सील खोलने के गठित कमेटी उनके प्रार्थना पत्र पर कोई आदेश नहीं करती। इससे उन्हें न्यायालय की कार्रवाई के साथ समिति व जोन के अधिकारियों के समक्ष पेश होकर आवेदन करना पड़ता है। उपाध्यक्ष ने बताया कि एक ही काम के लिए अलग-अलग पटलों के चक्कर लगाने से जनसामान्य को होने वाली परेशानी को ध्यान में रख नये आदेश जारी किये गये हैं। अब सील खोलने के संबंध में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का परीक्षण और निर्णय लेने के लिए विहित प्राधिकारी को अधिकृत किया गया है। विहित प्राधिकारी को सील खोलने का आदेश जारी करने से पहले सचिव से अवलोकित कराना होगा। उन्होंने बताया कि हर महीने सचिव सील खोले जाने वाले भवनों व सील किये भवनों के प्रकरणों की समीक्षा करेंगे।

# उत्तर रेलवे ने स्क्रैरप बिक्री में नया रिकॉर्ड बनाया

- वित्तए वर्ष 2024-2025 में स्क्रैप की बिक्री से 422.20 करोड़ रुपए अर्जित किए
- यह भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों/पीएसयू में सर्वाधिक है



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तेर रेलवे के महाप्रबंधक, अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि उत्त.र रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-25 मं 422.20 करोड़ रुपये (आज तक) मूल्य के स्क्रैप का निपटान करके उत्तर रेलवे भारतीय रेलवे के सभी जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों के बीच स्क्रैप बिक्री में नंबर 1 पर है, जो दिसंबर के अंत तक 371 करोड़ रुपये के आनुपातिक लक्ष्य से पहले ही अधिक है और यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में हासिल की गई बिक्री से 21.17 प्रतिशत अधिक है। उत्तर रेलवे सभी जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों के बीच स्क्रैप बिक्री में 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाला पहला रेलवे है। गौरतलब है कि उत्तर रेलवे जून-2024 के महीने में 100 करोड़ रुपये और अगस्त-2024 के महीने में 200 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल करने वाला भी पहला क्षेत्रीय रेलवे था।

स्क्रैप निपटान एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। स्क्रैप से राजस्व उत्पन्न करने के अलावा, यह कार्यस्थल को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है। रेलवे लाइनों के आस-पास रेल के टुकड़े, स्लीपर, टाई बार आदि जैसे स्क्रैप की उपलब्धता सुरक्षा के लिए संभावित खतरा है।

उत्तर रेलवे ने स्टाफ क्वार्टर, केबिन्र शेड, पानी की टंकियों आदि जैसे परित्यक्त ढांचों के निपटान का कार्य मिशन मोड में लिया है , इससे न केवल राजस्व अर्जित करने में मदद मिली, बल्कि बेहतर उपयोग के लिए मूल्यवान स्थान उपलब्ध हुआ । इनका त्वरित निपटान हमेशा से प्राथमिकता वाला क्षेत्र रहा है और इसकी उच्चतम स्तर पर निगरानी की जाती है। उत्तर रेलवे पर बड़ी मात्रा में जमा हुए स्क्रैप पीएससी स्लीपरों का भी निपटान किया जा रहा है, ताकि राजस्व अर्जित करने के अलावा रेलवे गतिविधियों के लिए मूल्यवान क्षेत्र को मुक्त किया जा सके। उत्तर रेलवे 'शून्य स्क्रैप' का दर्जा प्राप्त करने और इस वित्तीय वर्ष में स्क्रैप बिक्री का सर्वकालिक उच्चतम रिकॉर्ड बनाने के लिए 'मिशन मोड' पर सिस्टम को स्क्रैप से मुक्त करने के लिए तैयार है।

## कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचनाएं मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक

**लखनऊ।** कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचनाएं केवल भावनाओं ही नहीं बल्कि संघर्ष, विद्रोह और मानवीय संवेदनाओं का भी प्रतीक रही हैं। रामेश्वर सिंह कश्यप के लिखे और संजय उपाध्याय के निर्देशन में नाटक नीलकंठ निराला का मंचन भारतेन्दु नाट्य अकादमी में अध्ययनरत द्वितीय वर्ष के छात्रों ने कलामंडपम सभागार कैसरबाग में किया। नीलकंठ निराला नाटक ने महाप्राण निराला के जीवन और कृतित्व को मंच पर जीवंत किया। नीलकंठ निराला में केवल निराला के जीवन की घटनाओं को ही प्रस्तुत नहीं किया बल्कि उनके विचारों और संघर्षों को भी उजागर करता है। यह नाटक उनके साहित्यिक जीवन के साथ साथ उनके व्यक्तिगत संघर्षों जैसे गरीबी, पारिवारिक त्रासदी, और समाज द्वारा की गई उपेक्षा को प्रभावशाली ढंग से चित्रित करता है। इसमें निराला की कविता, विचारधारा और उनके विद्रोही स्वभाव को मुख्य रूप से उभारा है। निराला ने अपनी कलम से साहित्य को एक नई दिशा दी। निराला का जीवन इस बात का उदाहरण है कि कैसे संघर्ष और चुनौती से भरे जीवन में भी साहित्य और कला के माध्यम से सृजनात्मकता की ज्योति प्रज्ज्वलित रखी जा सकती है।

# भाषा वि.वि. में भारतीय भाषा के उत्सव पर व्याख्यान





- भाषा धार्मिक और क्षेत्रीय सीमाओं को तोड़ती है और लोगों को जोड़ती है : प्रोफेसर सूरज बहादुर थापा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय के अटल हॉल में कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह की देखरेख में भारतीय भाषाओं के उत्सव के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने विचारों को भारतीय भाषाः विविधता में एकता के विषय पर संबोधन में कहा कि भाषाएं धार्मिक और क्षेत्रीय सीमाओं को तोड़ती हैं और लोगों को जोड़ती हैं, क्योंकि भाषाएं विभाजन को पाटने का काम करती हैं और भाषाएँ एक नए वैश्विक समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाती है उन्होंने भारतीय भाषाओं के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि भारत भाषाओं का देश है और हर भाषा की अपनी सभ्यता और संस्कृति है, लेकिन यह सभी भाषाएँ सभ्यताओं के टकराव के बजाय, वे भारत को एकता का दर्पण बनाते हैं, जिसमें भारत का सुंदर चेहरा देखा जा सकता है, भारत की किसी भी भाषा की कविता और साहित्य का अध्ययन करें, यह लोगों, मजदूरों की समस्याओं से संबंधित है पुरुष आधारित समाज में नारी की चिंता और यही मानवता सभी सद्गुणों का आधार है यह भाषाओं को जोड़ता है।

इसी संदर्भ में उन्होंने भारतीय जनजातियों की भाषाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी भाषाओं के काव्य और साहित्य में उनकी सभ्यता की अद्भुत व्याख्या मिलती है, जो आज हमारे साहित्यिक विमर्श से बाहर है। वनों की कटाई और खनिज संसाधन के सम्बन्धमें जिस तरह से यहां लिखा जा रहा है, वह भारत की किसी भी क्षेत्रीय भाषा में नहीं लिखा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय भाषाओं का जश्न मनाते समय किसी एक भाषा के प्रभुत्व की बात नहीं करनी चाहिए भारत में सभी भाषाओं को समान अधिकार मिलना चाहिए संख्या के आधार पर किसी भी भाषा का वर्चस्व वास्तव में भारत की एकता में बहुलता की विचारधारा को नुकसान पहुंचाने के समान है।

इस अवसर पर अध्यक्षीय भाषण देते हुए प्रो. फखरे आलम ने कहा कि भारत अपने विशाल भौगोलिक क्षेत्र में असंख्य भाषाओं के सह-अस्तित्व के माध्यम से विविधता में एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## दो जजों शेखर यादव और दिनेश पाठक को बर्खास्त करने की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने विश्व हिन्दू परिषद की बैठक में शामिल होने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो जजों शेखर यादव और दिनेश पाठक को बर्खास्त करने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेजा। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेजे ज्ञापन में दोनों जजों को बर्खास्त करने की मांग की गयी है। कांग्रेस सचिव और अल्पसंख्यक विभाग के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि देश संविधान से चलेगा। अगर कोई जज इस बुनियादी सिद्धांत को नहीं मानता और कहे कि देश बहुसंख्यकवादी विचार से चलेगा तो ऐसे जज को तुरंत बर्खास्त कर उसके पुराने निर्णयों की समीक्षा होना चाहिए। इसी मांग को लेकर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को प्रदेश के विभिन्न जनपदों से ज्ञापन भेजा गया है। श्री आलम ने कहा कि देश देख रहा है कि नागरिक समाज के कई बार सवाल उठाने बाद ही उच्चतम न्यायालय संज्ञान ले रहा है।